आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज * मंगला तेरस”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 192 | उज्जैन, सोमवार 27 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल 13 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

रक्षामंत्री ने लद्दाख में कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देकर कहा- भारत इनोवेशन के रास्ते खोज रहा तो पाकिस्तान घुसपैठ के

## अगर पाकिस्तान रोड़े अटकाएगा तो हमारी सेनाएं तैयार हैं

एजेंसी ▶▶ अंबिकापुर

कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत इनोवेशन के रास्ते खोज रहा है तो पाकिस्तान घुसपैठ के रास्ते खोज रहा है। भारत शिप डिजाइन कर रहा है तो पाकिस्तान टेरर डिजाइन में लगा हुआ है। भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम खड़ा कर रहा है तो पाकिस्तान टेरर इकोसिस्टम खड़ा कर रहा है। भारत सेमीकंडक्टर बना रहा है तो पाकिस्तान सुसाइड बॉम्बर्स तैयार कर रहा है।

साफ है कि हमारे रास्ते अलग-अलग हैं। ऐसे में पाकिस्तान अपने घटिया मंसूबे लेकर हमारी समृद्धि के रास्ते में रोड़े खड़े करता है तो उसे करारा जवाब देने के लिए हमारी सेनाएं



तैयार बैठी हैं। इससे पहले रक्षा मंत्री ने लद्दाख के द्रास स्थित कारगिल वॉर मेमोरियल में शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### रक्षा मंत्री का भाषण

- भारत की मंशा पूरी तरह स्पष्ट है। पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी। अगर बातचीत होगी भी, तो सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर होगी, जो भारत का अभिन्न हिस्सा है और जिस पर पाकिस्तान ने अवैध कब्जा कर रखा है।
- कारगिल वॉर मेमोरियल में पूरा भारत दिखाई देता है। यहां शहीदों में हिमाचल प्रदेश, नगालैंड, मेघालय, तमिलनाडु समेत देश के हर हिस्से के जवानों के नाम दर्ज हैं।
- शहीदों में मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च जाने वाले सभी धर्मों के लोग शामिल हैं। जो लोग देश को बांटने का सपना देखते हैं, उन्हें इस स्मारक की दीवार को देखना चाहिए। यह दीवार ही भारत को बांटने की उनकी सोच का सबसे बड़ा जवाब है।
- कारगिल युद्ध केवल भारत की सैन्य और कूटनीतिक जीत नहीं था, बल्कि वह ऐतिहासिक क्षण था जब पूरी दुनिया ने भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और वीरता को देखा। भारतीय सैनिकों ने अपने शौर्य से ऐसा इतिहास रचा, जो हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।
- भारत अंतरिक्ष में सैटेलाइट भेज रहा है तो पाकिस्तान आज भी आतंकवादियों को सीमा पार भेजने का काम कर रहा है। भारत दुनिया को सॉफ्टवेयर दे रहा है तो पाकिस्तान दुनिया को स्लीपर सेल दे रहा है। भारत डेटा सेंटर बना रहा है तो पाकिस्तान रेडिकल सेंटर बना रहा है। भारत अकसे दुनिया को जोड़ रहा है तो पाकिस्तान हवाला से आतंकवाद जोड़ रहा है।

### हेलीकॉप्टरों से पुष्पवर्षा और शौर्य संध्या में परिजनों को सौंपा कलश

इससे पहले लद्दाख के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना, थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और सेना के अन्य शीर्ष अधिकारियों ने युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इस दौरान भारतीय सेना के तीन हेलीकॉप्टरों (एक उन्नत हल्का हेलीकॉप्टर और दो चीतल) ने आसमान में एरोहेड (तीर के आकार) की संरचना में उड़ान भरते हुए युद्ध स्मारक पर भव्य पुष्पवर्षा की।

राजगढ़ में नेशनल हाईवे-52 पर ट्रक ने सड़क पर बैठे गोवंश को कुचला

## 17 गाय-बछड़ों को रौंदा, 15 की मौत

### हादसे के बाद फरार ट्रक ड्राइवर पकड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ राजगढ़

प्रदेश के राजगढ़ में रविवार देर रात नेशनल हाईवे-52 पर टोल टैक्स के पास तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर बैठे गोवंश को कुचल दिया। हादसे में एक बछड़े सहित 15 गायों की मौके पर ही मौत हो गई। दो गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक लेकर भाग निकला। गो सेवकों ने पुलिस को सूचना दी और राजगढ़ की ओर बैरिकेड लगाकर ट्रक रोकने की तैयारी की। कोतवाली पुलिस ने कुछ ही देर में उसे पकड़कर ट्रक जब्त कर लिया। सूचना मिलते ही गोसेवक और गोरक्षक बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे। सड़क पर जगह-जगह गोवंश के शव पड़े थे। हादसे के बाद कुछ देर हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।



**तमिलनाडु से लोहे के सरिए लेकर पंजाब जा रहा था ट्रक-** राजगढ़ थाना प्रभारी मंजू मखेनिया ने बताया कि हादसे में एक बछड़े सहित 15 गायों की मौत हुई है। ट्रक तमिलनाडु से लोहे के सरिए लेकर पंजाब जा रहा था। चालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**गोवंश के सींगों पर रेडियम लगाने का अभियान चलाएंगे-** टीआई ने कहा कि ऐसे हादसे रोकने के लिए पुलिस और गोसेवक मिलकर सड़क पर घूमने वाले गोवंश के सींगों पर रेडियम लगाने का अभियान चलाएंगे, ताकि रात में वाहन चालकों को वे दूर से दिखाई दे सकें।

### गांव वाले ऐसे ही रोड पर छोड़ जाते हैं मवेशी

टोल कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि आसपास के गांवों से लोग निराश्रित गोवंश को हाईवे किनारे छोड़ जाते हैं। रात में यही गोवंश सड़क पर बैठ जाता है और तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आ जाता है। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है।

## शिक्षा मंत्रालय का पदभार संभालते ही एक्शन में प्रहलाद जोशी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। रविवार को उन्होंने मंत्रालय का कार्यभार संभाला और शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक भी की। जोशी को यह जिम्मेदारी ऐसे समय सौंपी गई है, जब देश में शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा चल रही है। रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट जोशी ने कहा, आज मैंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पदभार संभाला। मुझ पर भरोसा जताने और मुझे यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी हूं।

डोगरा संस्कृति का विलुप्त लोकपर्व ऋतु राहड़े का

## प्रदर्शनात्मक कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

डोगरा वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा नई दिल्ली स्थित जम्मू-कश्मीर हाउस में विलुप्तप्राय लोकपर्व ऋतु राहड़े के पुनर्जीवन के उद्देश्य से परिचयात्मक एवं प्रदर्शनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक डोगरी गीतों की प्रस्तुति के साथ रुट्ट, चिल्ले, बबरू, मदरे और घ्यूर जैसे पारंपरिक व्यंजन भी परोसे गए।

कार्यक्रम में एसोसिएशन की अध्यक्ष सुदेश डोगरा, जम्मू-कश्मीर हाउस की अधिकारी सविनय कुमारी तथा सत्या देवी, सोनी गुलेरिया पूजा शर्मा, पुष्पा शर्मा और इन्द्रू शर्मा के समूह ने ऋतु राहड़े से जुड़े पारम्परिक डोगरी गीत प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने घरों में तैयार किए गए पारम्परिक व्यंजन-रुट्ट, चिल्ले, बबरू, मदरे तथा घ्यूर-



भी अतिथियों को परोसे। इन व्यंजनों की इतनी प्रचुर व्यवस्था थी कि अलग से भोजन की आवश्यकता ही नहीं पड़ी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त रेज़िडेंट कमिश्नर अनिल शर्मा ने की। महासचिव रमन केसर ने ऋतु राहड़े की सामाजिक एवं वैज्ञानिक महत्ता पर प्रकाश डाला और इसे देशभर में पुनर्जीवित करने का आह्वान किया।

## देश विदेश

### मन की बात में पीएम नरेंद्र मोदी ने कारगिल के वीरों को किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें एपिसोड में देशवासियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कारगिल विजय दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि देश आज जिन स्वतंत्रताओं का आनंद ले रहा है, वह वीर सैनिकों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान का परिणाम है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने केवल राष्ट्रीय सुरक्षा ही नहीं, बल्कि विज्ञान, शिक्षा, पर्यावरण, जल संरक्षण, स्थानीय उत्पादों, खेल और युवाओं की उपलब्धियों जैसे कई विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने विभिन्न अभियानों में जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया और देश के लोगों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

### स्टूडेंट्स पर पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। इसमें राहुल ने दो सवाल पूछे हैं। पहला- प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया? अगर आपने नहीं तो फिर किसने दिया? दूसरा- सामान्य कपड़ों में आए जिन लोगों ने लाठीचार्ज किया, वे पुलिसकर्मी थे या वॉलंटियर्स? उनकी तैनाती किसने की। राहुल ने ये भी कहा कि स्टूडेंट्स से बात करने के बजाय सिक्योरिटी फोर्स ने उन्हें पीटा, आंसू गैस के गोले छोड़े। सैकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हुए। कइयों के निजी अंगों को जानबूझकर निशाना बनाया गया। 19 साल के छात्र साहिल लोचब की एक आंख चली गई।

### सास गिरिबाला सिंह को झटका, स्पेशल कोर्ट से जमानत याचिका खारिज

**भोपाल।** देश भर में सुर्खियां बने मॉडल ट्विशा शर्मा संदिग्ध दहेज हत्या केस की मुख्य आरोपी सास गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका रद्द कर दी गई है। उन्होंने भोपाल की स्पेशल कोर्ट में खुद को महिला व स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत याचिका दाखिल की थी। कोर्ट में सीबीआई ने तर्क प्रस्तुत करते हुए तगड़ा विरोध किया था, जिसके बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। जानकारी अनुसार राजधानी भोपाल की एक विशेष अदालत ने पूर्व अभिनेत्री और मॉडल ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत व दहेज हत्या मामले में बड़ा फैसला दिया है। अदालत ने मामले की मुख्य आरोपी और मृतका की सास पूर्व न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

श्वेता ने दीपके से पूछा सवाल

### पंजाब के शिक्षा मंत्री कब इस्तीफा दे रहे?



**मुंबई।** एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके से सवाल पूछा है। शनिवार को उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में अभिजीत दिपके का एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में अभिजीत दिपके कहते हुए सुनाई देते हैं, अब जब धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा हो गया है, अगर हम सरकार के खिलाफ झुकेंगे नहीं, तो अच्छे-अच्छों का इस्तीफा ले सकते हैं। इस वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए श्वेता तिवारी ने लिखा, अब पंजाब के शिक्षा मंत्री कब इस्तीफा दे रहे हैं और 'कॉकरोच जनता पार्टी', तुम वहां कब विरोध-प्रदर्शन कर रहे हो? बता दें कि पंजाब में हाल ही में हुई फार्मेसी भर्ती परीक्षा में कथित धांधली/नकल और पिछले कुछ सालों में हुए कई पेपर लीक मामलों को लेकर शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस का इस्तीफा मांगा जा रहा है। वहीं, हरजोत सिंह बैंस ने विपक्ष की इस्तीफे की मांग का जवाब देते हुए कहा कि अगर उनके पद छोड़ने से राज्य की शिक्षा व्यवस्था बेहतर होती है, तो वह आज ही इस्तीफा देने को तैयार हैं।

### नैनो न्यूज

- यूपी : खाने में नींद की गोली मिलाकर कारोबारी के घर से नौकरों ने 1.29 करोड़ रुपये नगद उड़ाए, पुलिस ने पकड़ा।
- यूक्रेन के पोर्ट पर मर्चेंट शिप बना निशाना, 2 भारतीय नाविक लापता, विदेश मंत्रालय ने जारी की सख्त एडवाइजरी।
- एमपी: बीजेपी नेता और टोल कर्मचारियों के बीच वाद-विवाद, टोल के पैसे न देने पर हुआ विवाद।
- नेपाल में 25 हजार रु. तक के भारतीय नोट ले जाने की मंजूरी, 200 रुपये और 500 रुपये के नए नोट ही मान्य।
- इजरायलियों ने वेस्ट बैंक की दो मस्जिदों में लगाई आग, बदला लेने की कही बात, फिलिस्तीनियों से झड़प।
- नोएडा में बच्चे की गड्ढे में डूबकर मौत, पिता वाइस-प्रिंसिपल: मां रोते-रोते बेहोश।
- पूर्व सीएम सिद्धारमैया का बड़ा एलान 'नहीं लडूंगा 2028 का कर्नाटक विधानसभा चुनाव'
- वित्त-मंत्री बोलीं- आईटी विभाग आम लोगों को परेशान न करे: अपनी ताकत से डराएं नहीं; जनता की भलाई के लिए काम करें।

## अगस्त में 14 दिन बैंकों में काम नहीं होगा

### 5 रविवार और 2 शनिवार के अलावा अलग-अलग जगहों पर 7 दिन बैंक बंद रहेंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली




अगले महीने यानी अगस्त में अलग-अलग राज्यों व शहरों में कुल 14 दिन बैंक बंद रहेंगे। 5 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 7 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा। ऐसे में अगर आपको इस महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों के दिनों को छोड़कर आप बैंक जा सकते हैं।

- **किस-किस शनिवार को बैंक बंद रहेंगे-** 8 अगस्त को महीने का दूसरा शनिवार होने की वजह से देशभर के बैंक बंद रहेंगे। 22 अगस्त को महीने का चौथा शनिवार है, इस दिन भी देश के सभी बैंकों की छुट्टी रहेगी।
- **रविवार की छुट्टी कब-कब रहेगी-** 2 अगस्त, 9 अगस्त, 16, 23 और 30 अगस्त।
- **ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए निपटा सकेंगे काम-** आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

छात्रों पर पुलिस की ज्यादती को लेकर संसद में सरकार को घेरेगा विपक्ष

## पीएम मोदी की माफी पर अड़ा 'इंडिया' गठबंधन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

जंतर मंतर पर पेपर लीक, शिक्षा प्रणाली में कथित गड़बड़ियों को लेकर सीजेपी के बैनर तले हो रहा प्रदर्शन लगभग 35 दिनों से बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के साथ शनिवार को खत्म हो गया। लेकिन राजनीतिक गलियारों में विपक्ष अभी भी पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर जुबानी हमले कर रहा है।



कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस की कथित ज्यादती को लेकर संसद में सरकार पर दबाव बनाए रखने के लिए इसके जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से माफी की मांग करेगा।

### इंडिया गठबंधन की बैठक में तय होगा विपक्ष का रुख

सूत्रों ने कहा कि संसद में विपक्ष की रणनीति और प्रश्नपत्र लीक रोधी दो वर्ष पुराने कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक पर उसका रुख सोमवार सुबह संसद भवन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कक्ष में होने वाली इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन की बैठक में तय किया जाएगा।

## जल संसाधन विभाग का बाबू रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रीवा

मध्य प्रदेश के रीवा जिले के त्योंथर स्थित जल संसाधन विभाग कार्यालय में लोकायुक्त पुलिस ने एक बाबू को तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बाबू ने विभाग के चौकीदार की विधवा का पेंशन प्रकरण बनाने के लिए रिश्वत की मांग की थी। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता मोनू नापित, निवासी ग्राम चुनरी, तहसील त्योंथर, जिला रीवा ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें कहा गया था कि उनके पिता रामसुचित नापित जल संसाधन विभाग में चौकीदार थे, जिनका 24 मार्च 2026 को सेवाकाल के दौरान निधन हो गया था।

## पाठ्य पुस्तक निगम के गोदाम से 450 बंडल गायब, भोपाल से पहुंची जांच टीम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रीवा

रीवा जिले में सरकारी स्कूलों के लिए भेजी जाने वाली पाठ्य पुस्तकों को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। पाठ्य पुस्तक निगम के गोदाम से करीब 450 बंडल किताबें गायब मिलने के बाद शिक्षा विभाग और प्रशासन में हलचल मच गई है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक इन बंडलों में लाखों किताबें थीं, जिनकी कीमत करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, हाल



ही में स्कूलों में किताबों का वितरण तेज करने के दौरान जब गोदाम के स्टॉक का मिलान किया गया तो रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में बड़ा अंतर मिला। जांच में सामने आया कि कई किताबों को सरकारी दस्तावेजों में पहले ही वितरित दिखाया जा चुका था, लेकिन उनमें से कुछ किताबें गोदाम में ही मौजूद मिलीं।

ज्वेलरी दुकान के संचालक की स्कूटी में रखा आभूषणों से भरा बैग अज्ञात युवक लेकर फरार

## सीतापुर बाजार में दिनदहाड़े 1 करोड़ की ज्वेलरी चोरी

एजेंसी ▶▶ अंबिकापुर

सरगुजा जिले के सीतापुर मुख्य बाजार में रविवार को दिनदहाड़े करीब एक करोड़ रुपये की सोने-चांदी की ज्वेलरी चोरी होने से सनसनी फैल गई। राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के किनारे स्थित एक ज्वेलरी दुकान के संचालक की स्कूटी में रखा आभूषणों से भरा बैग अज्ञात युवक लेकर फरार हो गया। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।



जानकारी के अनुसार, ज्वेलरी कारोबारी अरुण देव सोनी अपनी दुकान पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ज्वेलरी से भरा बैग स्कूटी में रखा और कुछ देर बाद जब वापस लौटे तो बैग गायब था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई।

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई वारदात

पुलिस ने दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक युवक स्कूटी से काला बैग निकालकर तेजी से भागता हुआ दिखाई दे रहा है। कारोबारी के अनुसार, वह रोजाना दुकान बंद होने के बाद ज्वेलरी घर ले जाते हैं और सुबह उसे वापस दुकान लाते हैं। चोरी हुए बैग में करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण रखे थे।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### वन्यजीवों के अंग को लेकर बकवास बंद

सोश्यल मीडिया पर पिछले महीनों में लंबे समय से वन्यजीवों के अंग से तंत्र क्रिया करने और उससे आम आदमी को जीवन सुधारने के नाम पर बकवास की जा रही थी और अंध विश्वास में लेकर उन्हें ठगने का काम जारी था। स्थानीय जंगल विभाग को वन्यजीवों के केंद्रीय कंट्रोल बोर्ड ने ऐसी ही एक तथाकथित ज्योतिष बनाम तांत्रिक की जानकारी देते हुए कार्रवाई के लिए पहल की थी। स्थानीय जंगल विभाग इस जानकारी के बाद हरकत में आया था और उसने संबंधित के बारे में जानकारी खंगाली तो आश्चर्यजनक जानकारी सामने आई थी। उसके बैंक खातों में करोडों रूपए के लेनदेन होना सामने आया था। धर्मनगरी के नाम को उल्लेख करके तथाकथित तांत्रिक बनाम ज्योतिष अंध विश्वास में लेकर लोगों को चूना लगा रही थी। सोश्यल मिडिया की पोस्ट में संबंधित महिला सीधे और स्पष्ट तौर पर सियार सिंगी, हत्थाजोडी, बिल्ली की जेर, उल्लू के अंगों का उल्लेख कर तंत्र क्रिया करने के बारे में बोलकर आम आदमी को झांसे में लेकर उनकी जेब खाली कर रही थी। देश की राजधानी से संबंधित इस महिला के वन्य जीवों के बारे में क्रूरता फैलाने की स्थिति साफ तौर पर इसके सोश्यल मीडिया बयानों में सामने थी। स्थानीय जंगल विभाग का जोर इसलिए नहीं चल सका की संबंधित तथाकथित तांत्रिक बनाम ज्योतिष का यहां से सीधे तौर पर कोई संबंध सामने नहीं आया था। मात्र इतनी स्थिति उभरकर सामने आई थी की धर्मनगरी के बाबा का वह बार-बार अपने सोश्यल मीडिया में उल्लेख एवं पूजा का क्रम नियमित रख रही थी। खुसूर-फुसूर है कि इस तथाकथित तांत्रिक बनाम ज्योतिष पर कार्रवाई करने में स्थानीय जंगल विभाग के हाथ तो छोटे पड गए लेकिन रिपोर्ट के आधार पर जो कार्रवाई उपर से मुख्यालय को करना थी वह भी शिथिल हो गई है। यह जरूर हुआ कि स्थानीय स्तर पर सियार सिंगी एवं हत्थाजोडी का व्यवसाय करने वाले आधा दर्जन लोगों को पकड़ा गया है। वन्यजीवों के प्रति क्रुरता को बढ़ावा देने वाली महिला अब भी चंगुल से बाहर है। ये जरूर हुआ है कि तथाकथित तांत्रिक बनाम ज्योतिष के पिछले दिनों के सोश्यल मीडिया मे अब वन्यजीवों के प्रति क्रुरता की बकवास पूरी तरह से बंद हो गई है और अब वह अंध विश्वास के दुसरे तरीकों का सहारा लेकर लोगों को चूना लगा रही है।


## नैनो न्यूज

- आरोग्य भारती उज्जैन महानगर और ग्रामीण द्वारा सोमवार 27 जुलाई को ग्राम रुड़हेड़ा में एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- 15 जुलाई से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में नशा शा मुक्ति जागरूकता रैली एवं जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक,
- कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।
- कर्मचारी कल्याण कोष के कार्यवाह अध्यक्ष सद्भावना सांस्कृतिक मंच अध्यक्ष शहजाद खान की माता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।
- महाराजवाड़ा मंडल के बूथ 8 व 9 पर हुआ सम्मेलन, जनकल्याण और विकास कार्यों पर मिला मार्गदर्शन
- आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में जुटे देशभर के जाने-माने ऑन्कोलॉजिस्ट, उज्जैन कैंसर सेंटर में जल्द मिलेगी पीईटी स्कैन सुविधा
- माधव कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन, उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान
- सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी ने विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर किया वीर जवानों का स्मरण
- फ्रीगंज में 28 जुलाई तक चलेगा धार्मिक अनुष्ठान, 51 पूजाओं से हो रही 458 अकृत्रिम जिनालयों की वंदना

## ट्रेंडिंग





दैनिक अवंतिका के पितृपुरूष व समाजसेवी पं. गोवर्धनलालजी मेहता के 111वें पुण्यस्मरण के अवसर पर

# 'दासाब' को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया रक्तदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दैनिक अवंतिका के पितृपुरूष व समाजसेवी पं. गोवर्धनलालजी मेहता 'दा साब' के 111वें पुण्यस्मरण के अवसर पर परिवारजनों ने उन्हें स्मरण करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन नानाखेड़ा कास्मिक मॉल पर किया। इस रक्तदान शिविर मे सहयोगी रहे वेस्टर्न मजदूर संघ, उज्जयिनी रक्तदान संस्था व जिला चिकित्सालय की रक्त यूनिट। कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय 'दा साब' के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। इस अवसर पर समाजशास्त्री डॉ. शैलेन्द्र पाराशर ने कहा कि पं. गोवर्धनलालजी मेहता के जनकल्याण के महायज्ञ को उनके परिजन सतत प्रज्जवलित किए हुए हैं।



- समय-समय पर उनको याद करते हुए विभिन्न चिकित्सा शिविर, नेत्र परीक्षण शिविर आदि शहर में आयोजित किए जाते रहे हैं। इस वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित कर समाजसेवा मे नया अध्याय जोड़ा गया है जो सराहनीय है। इस अवसर पर पं. शैलेन्द्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने कहा कि संस्कार से समाज सुशोभित होता है। दा साब के दिए सुसंस्कार आज उनकी तीसरी पीढ़ी आत्मसात करते हुए समाज को अपने कार्यों से महका रही है ये शिविर उसका प्रमाण है। अपने उद्बोधन में दैनिक अवन्तिका के संपादक संदीप मेहता ने कहा कि समय पर जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त मिल सके उसके लिए रक्तदान बहुत आवश्यक है। रक्तदान करने से तीन लोगों को रक्त पहुंचाकर हम जीवन दान दे सकते हैं।

- अतिथियों का स्वागत दैनिक अवंतिका के प्रधान संपादक पं. सुरेन्द्र मेहता सुमन ने पुष्पगुच्छ से किया। कॉसमास मॉल मे शहर के युवाओं ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया और नैतिक जिम्मेदारी निभाई। रक्तदान करनेवाले लोगों को पुष्पगुच्छ व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर के माध्यम से लगभग 25 लोगों ने रक्त दान किया। संग्रहित रक्त जिला चिकित्सालय को ससम्मान दिया गया जो थैलेसेमिया पीड़ित व जरूरत मंद मरीजों को उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में वेस्टर्न मजदूर संघ के महामंत्री अभिलाष नागर, सप्त मेहता, चैतन्य चौधरी, अनिल देवड़ा, नरेन्द्र सहगल व उज्जयिनी रक्त संचार संस्था से सुनील गुप्ता, रूपेश बीडवान, अलका शर्मा, आमिर खान, अमित नागर, राहुल शुक्ल, संजय राजपूत, रजत अग्रवाल, हेमलता पाल व अपेक्स बैंक के ठक्कर व जिला चिकित्सालय की डॉ. संगीता गुप्ता, टेक्नीशियन मिनाक्षी निमजे, प्राची खरे आदि उपस्थित रहे।

नगर निगम में संपत्तिकर, जलकर की सेवाएं हाईटेक हुई

# व्हाट्सएप चैटबॉक्स से भी कर सकेंगे भुगतान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम में संपत्तिकर,जलकर की सेवाएं हाईटेक हाईटेक कर दी गई हैं। अब व्हाट्सएप चैटबॉक्स से भी नागरिक करों का भूगतान कर सकेंगे। 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियां की बैठक में यह जानकारी उपायुक्त ने अधिकारियों को दी है। बैठक में बताया गया कि अब से नागरिक व्हाट्सप चैट बाक्स से भी अपने कर का भूगतान कर सकेंगे।

उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल के अनुसार संपत्ति कर एवं जलकर विभाग की बैठक में अधिकारियों को नवीन हाईटेक व्यवस्था की जानकारी दी गई। नई व्यवस्था के तहत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा एमपी ई-नगर पालिका के अंतर्गत व्हाट्सएप चैटबॉक्स सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उपभोक्ता 75524 - 65110 पर हाय का मैसेज भेजकर एवं लिंक के माध्यम से भी निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए संपत्ति कर एवं जलकर का ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। बैठक में बड़े बकायेदारों को चिन्हित कर तत्काल बिल जारी करने के साथ जाएं तथा घर-घर जाकर बिलों का वितरण सुनिश्चित करने, लोक अदालत की तैयारियां मिशन मोड पर करने, ऐसे कर दाता जो नोटिस जारी किए जाने के बावजूद वे संपत्ति कर एवं जलकर की बकाया राशि जमा नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कुर्की एवं तालाबंदी की कार्यवाही करने को कहा गया है।




### नोटिस के बाद भी कनेक्शन वैध नहीं कराए

जलकर विभाग के कर्मचारियों को अवैध नल कनेक्शनों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर उन्हें विच्छेद करने और जिन उपभोक्ताओं ने बार-बार नोटिस मिलने के बाद भी अपने नल कनेक्शन वैध नहीं कराए हैं, उनके कनेक्शन काटने के लिए कहा गया है। इस दौरान जलकर आईडी को संपत्ति कर आईडी से लिंक करने के लिए भी कहा गया है, जिससे उपभोक्ता घर बैठे एक ही प्लेटफॉर्म से संपत्ति कर और जलकर दोनों का भुगतान कर सकें। इसके लिए सभी उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर एमपी ई-नगरपालिका पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

# अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद का 1 लाख परिवारों तक पहुंचने का निर्णय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के मक्सी रोड स्थित प्रसंग मैरिज गार्डन में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल की दो दिवसीय मालवा प्रांत बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में अगले छह महीने के कार्यक्रमों, संगठन के विस्तार और सामाजिक गतिविधियों से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में 'हिंदू ही आगे' नामक एक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान गुरु पूर्णिमा से विजयादशमी तक चलेगा। इसके तहत मालवा प्रांत में एक लाख परिवारों तक पहुंच कर उनसे संपर्क स्थापित किया जाएगा।

संगठन के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य लोगों को धर्म और सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक करना है। इसके साथ ही, घर-घर से एक मुट्ठी अनाज एकत्र किया जाएगा, जिसे बाद में जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया जाएगा। सामाजिक गतिविधियों के तहत विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क ब्लड प्रेशर और शुगर जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। संगठन ने प्रत्येक गांव और वार्ड में हनुमान चालीसा केंद्र शुरू करने तथा नई समितियों का गठन कर संगठन को और सुदृढ़ करने की भी योजना बनाई है। आगामी छह महीनों के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई।

# स्व. तिवारी की स्मृति में वृक्ष मित्र समिति के सहयोग से पौधारोपण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री परशुराम कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज उज्जैन के अध्यक्ष अमित तिवारी की माता जी स्व. राजकुमारी तिवारी की स्मृति में रविवार को सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय सुमन मानविकी खालसा उपवन में उज्जैन वृक्ष मित्र समिति के सहयोग से पौधारोपण किया गया। इस पौधारोपण अभियान में मातृ शक्ति रंजना दीक्षित, सपना बाजपेयी, नीता तिवारीगायत्री मिश्रा ऋतु शुक्ला अंजना तिवारी, ममता तिवारी मोना तिवारी, सुनयनी शुक्ला, शगुन बाजपेयी टीना मिश्रा, अलका मिश्रा, प्रणीता तिवारी, उर्वशी तिवारी श्रद्धा दुबे एवं अजय भातखंडे ,रामेश्वर दुबे (पार्षद) गणेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे। अजय तिवारी ने अपने संबोधन में वृक्षों का महत्व प्रतिपादित किया, प्रफुल्ल शुक्ला ने वृक्षों पर कुछ दोहों सुनाएं, आभार प्रदर्शन आनन्द बाजपेई ने किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा परिसर में कहा- विद्यार्थियों के प्रति सरकार संवेदनशील

# फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगा परीक्षा जैसे अन्य मामलों का निराकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार शिक्षक और विद्यार्थी वर्ग के कल्याण से जुड़े सभी विषयों पर अत्यंत गंभीर और संवेदनशील है। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और विद्यार्थियों के हित में लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की जनता के हित में जब भी कोई निर्णय लिया जाता है, मध्यप्रदेश उसे लागू करने और निर्णय के अनुरूप नीतिगत व्यवस्था बनाने वाला पहला राज्य होता है। समय की जरूरत है कि युवाओं से संबंधित न्यायिक फैसले द्रुत गति से हों। इसके लिए मध्यप्रदेश में 4



फास्ट ट्रैक कोर्ट्स (भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में) बनाये जायेंगे। पेपर लीक और परीक्षा सहित अन्य मामलों का फास्ट ट्रैक कोर्ट में मात्र 3 माह में निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश विधानसभा स्थित सेंट्रल हॉल में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन में विद्यार्थियों के कल्याण और उनसे जुड़े सभी विषयों को लेकर बेहद सकारात्मक भाव हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही नीट पेपर लीक की खबर सामने आई, उसकी जांच के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित की। प्रकरण दर्ज हुआ और देशभर में तेज गति से आरोपियों की गिरफ्तारियां भी की गई, फिर दोबारा नीट परीक्षा कराई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार पूरी सहानुभूति और संवेदना विद्यार्थियों के साथ है। हम हर परिस्थिति में विद्यार्थियों के साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में नीट परीक्षाएं बेहतर और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हों, इसके लिए स्टैंडर्ड ऑफ प्रोटोकॉल्स (एसओपी) तैयार कर सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### राज्य सरकार ने 3 नए शासकीय विश्वविद्यालय प्रारंभ किए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा मध्यप्रदेश वह राज्य है, जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 देश में सबसे पहले लागू की गई। पिछले ढाई साल के कार्यकाल में राज्य सरकार ने 3 नए शासकीय विश्वविद्यालय प्रारंभ किए हैं। प्रदेश में विकास की गतिविधियों को गति देकर तेजी लाने के साथ-साथ युवाओं और विद्यार्थियों के लिए कल्याण की चिंता कर इनके हित में निर्णय लेना भी हमारा कर्तव्य है। विद्यार्थियों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय हमारी सरकार ले चुकी है और यह आगे भी लगातार जारी रहेंगी।


चार महीने तक इन तीन राशियों के लिए रहेगा कठिन समय

# आर्थिक और मानसिक तनाव के साथ-साथ काम में आएंगी रुकावटें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हिंदू धर्म में चातुर्मास का बहुत बड़ा महत्व है। माना जाता है कि साल में ऐसे चार महीने आते हैं, जब धरती के पालनहार श्री हरि विष्णु जी योग निद्रा में चले जाते हैं। इस दिन की शुरूआत देवशयनी एकादशी से होती है और देवउठानी एकादशी पर चातुर्मास खत्म हो जाता है। लेकिन ये चार महीने कुछ लोगों को फलते हैं, तो कुछ बिल्कुल भी रास नहीं आते हैं। साल 2026 में चातुर्मास के प्रारंभ में ही ऐसे योग बन रहे हैं, जो तीन राशियों के लिए कठिन परिस्थितियां बना सकते हैं।

एस्ट्रोपत्री के ज्योतिषी के अनुसार साल 2026 की देवशयनी एकादशी शनिवार के दिन उदया तिथि, ब्रह्म योग और ज्येष्ठा नक्षत्र का संयोग रहा। इसकी वजह से तीन राशियों के लिए अगले चार महीने थोड़े चुनौती भरे हो सकते हैं। जब सृष्टि के पालनहार विश्राम पर जाएंगे, तो इन राशियों को अपने हर कदम पर सोच-समझकर चलना होगा। चलिए जानते हैं, वो कौन सी तीन राशियां हैं, जिन्हें संभलकर रहने की जरूरत है।



### इन राशियों को रहना होगा सावधान

- **मिथुन राशि-** देवशयनी एकादशी से शुरू हो रहे चातुर्मास में मिथुन राशि के लोगों को मानसिक तनाव ज्यादा हो सकता है। दिमाग में उलझन बनी रहेगी और छोटी-छोटी बातों को लेकर चिंता सताएगी। काम करते-करते अचानक रुकावट आ सकती है। जिस काम को आपने पूरा समझ लिया, वो भी बीच में अटक सकता है। इस समय गुस्से में आकर या जल्दबाजी में कोई बात न कहें। अपनी वाणी और व्यवहार पर काबू रखें वरना रिश्तों में खटास आ सकती है। धैर्य रखेंगे तो यह समय आसानी से निकल जाएगा।
- **वृश्चिक राशि-** वृश्चिक वालों के लिए इस अवधि में पैसों का आना-जाना सबसे बड़ी परेशानी बन सकता है। अचानक से खर्चे बढ़ जाएंगे। घर की मरम्मत, मेडिकल या किसी जरूरी काम में पैसा लग सकता है जिससे आपका बजट बिगड़ सकता है। उधार देने और लेने में बहुत सावधानी बरतें। इस समय किसी से पैसों को लेकर बहस या विवाद न करें। निवेश सोच-समझकर करें। फालतू की शॉपिंग से बचें। बजट बनाकर चलेंगे तो दिक्कत कम होगी।
- **मीन राशि-** मीन राशि के जातकों के बनते-बनते काम लटक सकते हैं। ऑफिस में प्रमोशन, प्रोजेक्ट या सरकारी काम में देरी हो सकती है। मन में बेचैनी और स्वास्थ्य को लेकर चिंता भी रह सकती है। इस समय कोई भी बड़ा फैसला जैसे नया बिजनेस शुरू करना, बड़ी खरीदारी या प्रॉपर्टी का लेन-देन करने से पहले 2-3 बार सोचें। जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नुकसान दे सकता है। सेहत का खास ध्यान रखें और नियमित दिनचर्या अपनाएं।

ज्योतिष के अनुसार कुछ आसान उपायों से इस कठिन समय के प्रभाव को कम किया जा सकता है- चातुर्मास में या कम से कम देवशयनी एकादशी के दिन पीले कपड़े पहनें। भगवान विष्णु को पीले फूल, पीली मिठाई और तुलसी के पत्ते अर्पित करें। पीला रंग गुरु और समृद्धि का प्रतीक है। इससे नकारात्मकता दूर होती है। रोज सुबह स्नान करके 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का 108 बार जाप करें। अगर 108 बार संभव न हो तो कम से कम 11 बार जरूर करें। यह मंत्र मन को शांति देता है और बाधाओं को दूर करता है। शाम के समय घर में तुलसी के पौधे के पास घी का दीपक जलाएं। दीपक जलाकर तुलसी की परिक्रमा करें। मान्यता है कि तुलसी जी और भगवान विष्णु की पूजा एक साथ करने से घर में सुख-शांति आती है। इस पूरे 4 महीने मांस-मदिरा और तामसिक भोजन से दूर रहें। दान करें। जरूरतमंदों की मदद करें। झूठ और गुस्से से बचें। अतः देवशयनी एकादशी से शुरू हो रहा चातुर्मास मिथुन, वृश्चिक और मीन राशि के लिए परीक्षा का समय हो सकता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि डर जाएं। इस समय को धैर्य, संयम और समझदारी से बिताएं।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 27 जुलाई, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### शासकीय चरनोई भूमि से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जिले में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अनुभाग बिचौली के ग्राम जामन्या खुर्द स्थित चरनोई मद में दर्ज शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग की टीम ने सर्वे क्रमांक 198 की लगभग एक एकड़ शासकीय भूमि का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि उक्त भूमि पर अवैध रूप से पक्का मकान एवं पक्की सड़क का निर्माण किया जा रहा था। इसके बाद राजस्व अमले ने जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण हटाते हुए निमार्णाधीन पक्के मकान, पक्की सड़क तथा खंभों की बाउंड्री को ध्वस्त कर शासकीय भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया। यह कार्रवाई अतिक्रमणकारी रामप्रसाद दुबे, निवासी ग्राम जामन्या खुर्द, के विरुद्ध की गई।

### अहिल्या आश्रम (सांदीपनि विद्यालय) का जैन ने किया निरीक्षण

**इंदौर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत इंदौर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को अहिल्या आश्रम स्थित सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक, आवासीय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भोजन व्यवस्था, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, शिक्षण गतिविधियों एवं छात्रावास की व्यवस्थाओं का विस्तार से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री जैन ने विद्यार्थियों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए।

### मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब से 38 खाद्य पदार्थों की स्पॉट टेस्टिंग

**इंदौर।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों सहित अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु विशेष निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।उक्त निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा डेयरी प्रतिष्ठानों, मेस एवं शिकायत प्राप्त खाद्य प्रतिष्ठान का सघन निरीक्षण कर व्यापक नमूना कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 07 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 28 खाद्य नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। साथ ही मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब की सहायता से मौके पर ही 38 खाद्य पदार्थों की प्रारंभिक स्पॉट टेस्टिंग की गई। नवलखा स्थित रामजी डेरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुमित सिंघल उपस्थित पाए गए।

### आईआईएम इंदौर करेगा कैट 2026 का आयोजन



**इंदौर।** भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर (आईआईएम इंदौर) को कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) 2026 के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कैट, भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) तथा देश के अनेक अग्रणी प्रबंधन संस्थानों द्वारा संचालित स्नातकोत्तर एवं डॉक्टोरल प्रबंधन कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रमुख प्रवेश परीक्षा है। आईआईएम इंदौर के प्रोफेसर प्रो. आदित्य बिल्लोरे को कैट 2026 का संयोजक नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय ने कहा, ₹भारतीय प्रबंधन संस्थानों की ओर से कैट 2026 का आयोजन करना आईआईएम इंदौर के लिए अत्यंत सम्मान और गौरव की बात है। हम परीक्षा के प्रत्येक चरण में निष्पक्षता, पारदर्शिता, सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता के सर्वोच्च मानकों को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कैट ने निरंतर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन शिक्षा के द्वार खोले हैं और उन्हें ऐसे उत्तरदायी नेतृत्वकर्ता बनने का अवसर प्रदान किया है जो समाज और राष्ट्र पर सार्थक प्रभाव डाल सकें। हम सभी अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करते हैं कि वे आत्मविश्वास, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ इस परीक्षा में सम्मिलित हों तथा इसे अपने नेतृत्व और परिवर्तनकारी भविष्य की यात्रा का एक महत्वपूर्ण प्रारंभिक चरण मानें।

## नैनो न्यूज

- **पीथमपुर के ऑटो उद्योग को नए निवेश की उम्मीद-** इंदौर-पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट सेक्टर में नए निवेश प्रस्तावों पर चर्चा तेज है। उद्योग संगठनों का कहना है कि आने वाले महीनों में उत्पादन क्षमता और रोजगार दोनों बढ़ सकते हैं।
- **इंदौर के MSME उद्यमियों को नई योजनाओं का लाभ-** मध्य प्रदेश MSME विभाग ने उद्यमियों से उद्योग विस्तार, भूमि आवंटन और सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है। नई औद्योगिक नीतियों के तहत छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- **इंदौर स्टार्टअप इकोसिस्टम लगातार मजबूत-** इंदौर के स्टार्टअप और लघु उद्योगों के लिए नेटवर्किंग और निवेश के अवसर बढ़ रहे हैं। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि शहर मध्य भारत का प्रमुख स्टार्टअप हब बनता जा रहा है।
- **देशभर में MSME क्षेत्र में रोजगार बढ़ा, चुनौतियां भी बरकरार-** संसद में पेश आंकड़ों के अनुसार MSME क्षेत्र में रोजगार में 16 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि कई इकाइयों के बंद होने से चुनौतियां भी सामने आई हैं, जिसका असर इंदौर सहित औद्योगिक शहरों पर भी पड़ सकता है।
- **उद्योग संगठनों ने निर्यात बढ़ाने पर दिया जोर-** इंदौर के निर्यातक संगठनों ने फार्मा, इंजीनियरिंग, फूड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से लॉजिस्टिक सुविधाएं मजबूत करने की मांग की है।

उज्जैन में सिंहस्थ से पहले संवरेगा एक और प्राचीन स्थल

# 94.47 करोड़ रुपये से विकसित होगा उज्जैन का भूखी माता मंदिर

## मंदिर परिसर का संरक्षण और सौंदर्यीकरण करने के साथ श्रद्धालुओं के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच उज्जैन की एक और प्राचीन आस्था स्थली का स्वरूप बदलने जा रहा है। शिप्रा तट स्थित लोकआस्था के केंद्र भूखी माता (भोग माता) मंदिर के समग्र विकास के लिए 94.47 करोड़ रुपये की परियोजना तैयार की गई है।

इस योजना के तहत मंदिर परिसर का संरक्षण और सौंदर्यीकरण करने के साथ भव्य कॉरिडोर, आधुनिक जनसुविधा केंद्र, पार्किंग, घाटों का उन्नयन और श्रद्धालुओं के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी। परियोजना पूरी होने के बाद यह क्षेत्र महाकाल लोक के बाद उज्जैन के प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्रों में शामिल होगा और सिंहस्थ- 2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए नया आकर्षण बनेगा। यूडीए द्वारा तैयार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के अनुसार मंदिर परिसर को उसकी प्राचीन धार्मिक पहचान के अनुरूप विकसित किया जाएगा। विकास कार्यों में परंपरागत स्थापत्य शैली और आधुनिक सुविधाओं का संतुलन रखा जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण के साथ बेहतर व्यवस्थाएं भी मिल सकें।

मंदिर तक पहुंचने वाले मार्गों को व्यवस्थित किया जाएगा और श्रद्धालुओं की आवाजाही को आसान बनाने के लिए यातायात प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। परियोजना का सबसे बड़ा उद्देश्य केवल मंदिर का सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि क्षिप्रा तट के इस पूरे क्षेत्र को एक व्यवस्थित धार्मिक परिसर के रूप में विकसित करना है। श्रद्धालुओं के लिए विशाल जनसुविधा केंद्र, प्रतीक्षालय, पेयजल, स्वच्छ शौचालय, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, आकर्षक लैंडस्केपिंग, हाईमास्ट लाइटिंग और सीसीटीवी आधारित सुरक्षा व्यवस्था विकसित की जाएगी। इससे पर्व, त्योहारों और सिंहस्थ के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

### लोकआस्था में "भूखी माता" शास्त्रों में "भोग माता"

उज्जैन में यह मंदिर सदियों से भूखी माता मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। लोककथाओं के अनुसार राजा विक्रमादित्य के समय देवी को प्रसन्न करने के लिए विशेष भोग अर्पित किए जाते थे। बाद में बलि की परंपरा समाप्त होने और महाभोग की परंपरा शुरू होने के कारण देवी को भोग माता अथवा भोगेश्वरी के नाम से भी पूजा जाने लगा। आज भी दोनों नाम समान श्रद्धा के साथ प्रचलित हैं और मंदिर लोकआस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। धार्मिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस परियोजना से केवल एक मंदिर का विकास नहीं होगा, बल्कि शिप्रा तट की सांस्कृतिक विरासत को भी नया संरक्षण मिलेगा। इससे उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं को महाकाल मंदिर और महाकाल लोक के अलावा शहर की अन्य प्राचीन धार्मिक धरोहरों तक भी सहज पहुंच मिलेगी।

### 12 से 18 माह में कार्य पूरा करने का लक्ष्य दिया जाएगा

उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि भोग माता मंदिर परिसर का कायाकल्प सिंहस्थ-2028 की हमारी व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर रणनीति का अहम हिस्सा है। 94.47 करोड़ रुपये की यह योजना पौराणिक विरासत के संरक्षण के साथ आधुनिक नागरिक सुविधाओं का संतुलन स्थापित करेगी। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण एजेंसी को 12 से 18 माह में कार्य पूरा करने का लक्ष्य दिया जाएगा।

नियमों कों ताक पर रखकर पट्टे पर भूखंड लेकर व्यापारियों ने किराए पर चढा दिए


# मजबूर मंडी प्रशासन, मजे में किराएदार

## पट्टे की सालाना लीज हजारों में और किराए से कमाई हो रही लाखों में

### पिछले लंबे समय से कार्रवाई करने में असमर्थ साबित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कृषि उपज मंडी में हिंग लगे न फिटकरी और रंग चौखा की तर्ज का भी एक व्यापार चल रहा है। सालाना रूप से मात्र कुछ हजार रूपए की लीज पर मिले भूखंड से व्यापारी सालाना रूप से लाखों की घर बैठे आय कर रहे हैं। राजनैतिक रूप से दबाव में मजबूर मंडी प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है और किराएदार बनाम व्यापारी सालाना घर बैठे लाखों के वारे न्यारे कर रहा है। कृषि मंडी में पिछले कई दशकों से गैर कृषि व्यापार को लेकर आवाज उठती रही है। मंडी में अनाज कारोबार के लिए लीज पर मिलने वाले प्लाट को किराए पर चढाकर धंधे के रूप में इस्तेमाल करने की एक परंपरा सी चल पडी है जिस पर रोक लगाने में मंडी प्रशासन लंबें समय से ही मजबूर रहा है। हालात ऐसे हैं कि सतथ्य शिकायतों के बावजूद मामले को अनदेखा किया जा रहा है।



### अनाज व्यवसाय का नाम किराए का काम

मंडी में अनाज कारोबार के नाम पर लीज पर भूखंड लिए जाते हैं। मंडी में पंजीयन के उपरांत ये खेल सा हो गया है। यहां विभिन्न आकारों में भूखंडों की लीज की दर सालाना रूप से अलग झअलग है। अधिकतम लीज 48 हजार के लगभग है। इसमें न्यूनतम आकार के भूखंडों के लिए लीज की दर भी अलग है और वह सालाना रूप से व्यवसायी से करीब इक्कीस हजार के लगभग बताई जा रही है।

### ऐसे हो रहा लीज से किराए का कारोबार

मंडी प्रशासन से सालाना रूप से कुछ हजारों की लीज पर लिए गए भूखंडों को कतिपय व्यापारियों ने मासिक किराए पर उठा रखा है। इसकी जानकारी मंडी प्रशासन को भी लंबे समय से हैं। व्यापारी ने इन भूखंडों को बडी राशि में प्रति माह किराए पर दुसरे को चढा दिया है। ये राशि सालाना लीज की राशि से भी अधिक बताई जा रही है। ऐसे में व्यापारी सालाना किराए के रूप में लाखों रूपए के वारे न्यारे कर रहा है और मंडी प्रशासन को धैले के रूप में मात्र लीज रूपी कुछ हजार ही हासिल हो रहे हैं।

### मजबूर मंडी प्रशासन, मजे में व्यापारी

कृषि उपज मंडी एक्ट के तहत यहां के परिसर में सिर्फ उपज खरीदी से संबंधित व्यापारी ही यहां भूखंड एवं दुकान ले सकता है। मंडी एक्ट के नियमों के उललंघन पर भुखंड एवं दुकान की लीज निरस्त करने के प्रावधान हैं। एक नहीं अनेक मामलों में मंडी प्रशासन के सामने ऐसे मामले आ चुके हैं जिनमें गैर कृषि संबंधित कार्य व्यापार एवं भूखंड एवं दुकानों के किराए पर उठाने के मामले हैं लेकिन राजनैतिक रूप से दबाव की स्थिति के चलते मंडी प्रशासन पिछले लंबे समय से कार्रवाई करने में असमर्थ साबित हो रहा है।

# इंदौर लायी गई लगभग तीन लाख रुपए कीमत का 640 लीटर संदिग्ध घी जब्त

### एक्सपायर्ड प्रीमिक्स मौके पर कराया नष्ट, 21 खाद्य नमूने जांच हेतु संग्रहित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार प्रदेश में मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश के निर्देशों तथा कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा 25 जुलाई 2026 को डेयरी उत्पादों एवं बाहरी राज्यों से इंदौर आने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु विशेष निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान उच्च जोखिम श्रेणी के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा विकसित जोखिम आधारित निरीक्षण प्रणाली है, जिसके माध्यम से उच्च जोखिम वाले खाद्य कारोबारों की नियमित एवं वैज्ञानिक निगरानी की जाती है तथा आवंटित निरीक्षण खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संपन्न किए जाते हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा एसडीए कम्पाउण्ड, लसूड़िया मोरी, देवास नाका स्थित मेसर्स कृष इंटरप्राइजेज का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रोपराइटर श्री कृष्ण गोपाल अरोरा उपस्थित पाए गए। जांच के दौरान परिसर में गुजरात राज्य के पिपोदरा, मंगरोल (सूरत) स्थित श्री राधे डेरी फार्म एंड फूड्स लिमिटेड द्वारा निर्मित वास्तु ब्रांड के विभिन्न पैक आकार के घी का बड़े पैमाने पर भंडारण पाया गया।

मध्यप्रदेश का पहला डबल डेकर ब्रिज

# लवकुश चौराहे की एक लेन शुरू, इंदौर-उज्जैन सफर होगा आसान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के सबसे व्यस्त चौराहों में शामिल लवकुश चौराहा अब शहर के सबसे आधुनिक ट्रैफिक इंटरचेंज के रूप में विकसित हो रहा है। करीब 175 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा प्रदेश का पहला डबल डेकर ब्रिज अंतिम चरण में है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दो दिन पहले इसकी एक लेन का शुभारंभ कर चुके हैं, जिससे एक ओर का यातायात आसान हो गया है। अब दूसरी लेन का निर्माण सितंबर 2026 तक पूरा होने का लक्ष्य है। इसके बाद उज्जैन रोड, एमआर-10, बाणगंगा, अरबिंदो अस्पताल, एयरपोर्ट और शहर के पश्चिमी हिस्से के बीच आवागमन पहले की तुलना में अधिक तेज और सुगम होगा।

### 2023 में शुरू हुआ था प्रोजेक्ट

आईडीए ने साल 2023 में इस प्रोजेक्ट का निर्माण शुरू कराया था। मेट्रो कॉरिडोर के साथ समन्वय, तकनीकी जटिलताओं और स्टील बो-स्ट्रिंग स्ट्रक्चर के निर्माण के कारण काम कई चरणों में पूरा किया गया। पहली लेन 23 जुलाई 2026 को शुरू हुई, जबकि दूसरी लेन सितंबर 2026 तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुभारंभ करते हुए कहा था- यह परियोजना सिंहस्थ-2028 के दौरान इंदौर-उज्जैन मार्ग पर बढ़ते यातायात को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

### भविष्य में ट्रैफिक का दबाव कम होने की उम्मीद

यह मध्य प्रदेश का पहला ऐसा डबल डेकर ब्रिज है, जहां सड़क, ब्रिज और मेट्रो एक ही कॉरिडोर (एमआर-10 रोड) पर अलग-अलग स्तर पर संचालित होंगे। नीचे सड़क यातायात और ऊपर मेट्रो ट्रैक रहेगा। सीमित स्थान में दोहरी परिवहन व्यवस्था विकसित होने से भविष्य में ट्रैफिक का दबाव कम होने की उम्मीद है।

### हिंदुवादियों ने दबोचा लव जिहादी, मोबाइल से अश्लील फोटो वीडियो भी मिले

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर निवासी एक हिन्दू पीड़ित महिला को आरोपी जुबेर निवासी चंदन नगर पिछले तीन साल से ब्लैक मेलिंग कर धमकाता था ओर उसको परेशान करता था जब महिला ने शिकायत विहिप नेता तन्नू शर्मा को की तो आरोपी को सिरपुर गार्डन से लड़की के साथ अश्लील हरकत करते रंगे हाथों पकड़ा ओर थाना चंदन के सुपुर्द किया । आरोपी मैकेनिक हे ओर उसने कही हिन्दू लड़कियों को अपने प्रेम जाल में फसाया ओर उनकी अश्लील वीडियो फोटो लेकर ब्लेकमेलींग के साथ उनसे शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाता था जहां उसकी स्थानीय हिन्दू समाज के लोगों के साथ छोटे छोटे बच्चों ने भी जमकर पिटाई कर दी महिला ने अपनी बदनामी के डर से एफआईआर करने से मना कर दिया । वहीं बजरंगियों ने आरोपी जुबेर को थाना चंदन नगर सुपुर्द कर उसकी मोबाइल में अश्लील महिलाओं के फोटो वीडियो के साथ लव जिहाद में फंडिंग करने ओर कठोर से कठोर कारवाही की मांग की है।

# श्रावण मास शुरू होने से पहले खाद्य विभाग आया अलर्ट मोड पर

## मिलावटी दूध पर शिकंजा, डेयरियों में हो रही सैंपलिंग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

श्रावण मास की शुरूआत के साथ ही दूध और दुग्ध उत्पादों की मांग बढ़ने की संभावना को देखते हुए भोपाल में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने विशेष निगरानी शुरू कर दी है। आस्था के इस महीने में श्रद्धालुओं तक शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ पहुंचें, इसके लिए शहरभर की डेयरियों और दुग्ध विक्रय प्रतिष्ठानों पर लगातार जांच की जा रही है। अभियान के तहत दूध, दही, पनीर, घी, मावा और मिक्स मिल्क के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

विशेष अभियान के दौरान कोलार रोड, जहांगीराबाद, अशोका गार्डन, अरेरा कॉलोनी और बागसेवनिया सहित शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित 8 डेयरियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान दूध, दही, पनीर, घी, मावा और मिक्स मिल्क सहित 17 खाद्य नमूने एकत्र किए गए। इन सभी नमूनों की गुणवत्ता और शुद्धता की जांच प्रयोगशाला में की जाएगी।

### श्रावण में बढ़ जाती है दूध और दुग्ध उत्पादों की खपत

श्रावण मास में व्रत, पूजा-अर्चना, अभिषेक और धार्मिक आयोजनों के कारण दूध एवं दुग्ध उत्पादों की मांग सामान्य दिनों की तुलना में काफी बढ़ जाती है। ऐसे समय में मिलावट की आशंका भी बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने पहले से ही निगरानी तेज कर दी है, ताकि लोगों की आस्था और स्वास्थ्य दोनों सुरक्षित रह सकें।

### गड़बड़ी मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि किसी भी नमूने में मिलावट, गुणवत्ता में कमी या निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित कारोबारी के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**लोगों से भी मांगा सहयोग-** विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं मिलावटी या अस्वच्छ खाद्य पदार्थों की बिक्री की जानकारी मिले तो उसकी सूचना तत्काल खाद्य सुरक्षा विभाग को दें।

घर बैठे डॉक्टर्स परामर्श सेवा के हेल्प लाईन नंबर से खराब होने की सूचना मिल रही

# आमजन हो रहे परेशान, सेवा बंद होने को लेकर नहीं मिल रही जानकारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

घर बैठे चिकित्सक से परामर्श लेने की योजना का हेल्पलाईन नंबर लगाने पर सूचना दी जा रही है कि यह नंबर अभी खराब है। इससे आमजन चिकित्सकों के परामर्श के इंतजार में हैं,जबकि स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि बजट अभाव में योजना को ही बंद कर दिया गया है। करीब 6 साल यह योजना आमजन के लिए चलाई जाना सामने आ रहा है। अस्पष्ट जानकारी के कारण इससे लोगों को परेशानी हो रही है और लोग हेल्प लाईन नंबर के ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं।

कोरोना कॉल में प्रारंभ की गई इस योजना में शुरूआती दौर में प्रतिदिन करीब 500 मरीज इस सुविधा का उपयोग करते थे, लेकिन बाद के समय में यह संख्या घटकर 30-40 कॉल प्रतिदिन रह गई । स्वास्थ्य विभाग सूत्रों के अनुसार, ऑनलाइन पोर्टल, मोबाइल एप और अस्पतालों में डिजिटल पंजीयन बढ़ने से हेल्पलाइन की उपयोगिता कम हो गई। इसके साथ सेवा संचालन की लागत और बजट में कमी भी इसे बंद करने की वजह है। कोविड के बाद शुरू हुई यह सेवा भोपाल, इंदौर, उज्जैन, देवास और सीहोर सहित कई जिलों में संचालित थी। स्वास्थ्य विभाग सूत्रों का कहना है कि ग्रामीण और बुजुर्ग आबादी अभी पूरी तरह डिजिटल सेवाओं के लिए तैयार नहीं है। यह सेवा बिल क्लिंटन फाउंडेशन की मदद से संचालित हो रही थी। विशेषज्ञों के अनुसार, स्वास्थ्य सेवाएं तेजी से डिजिटल हो रही हैं। अब अधिकांश अस्पतालों में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली और डिजिटल ओपीडी सिस्टम लागू हैं। कई बार टोकन जनरेट होने के बाद भी पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगना पड़ता है।

### 30 जून से ही बंद हुई

राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (एसएचए) के हेल्पलाइन नंबर 18002332085 आधारित अपॉइंटमेंट सेवा चल रही थी। सूत्रों के अनुसार इसे बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही सरकारी अस्पतालों में फोन कॉल के जरिए डॉक्टरों की उपलब्धता, अस्पताल सेवाओं की जानकारी और ओपीडी अपॉइंटमेंट लेने की सुविधा भी समाप्त हो गई है। हेल्प लाईन पर संपर्क किए जाने पर यह नंबर खराब बता रहा है इससे संपर्क करने वाले गफलत में आ रहे हैं,जबकि इस सेवा को ही बंद कर दिया है। अस्पष्ट संदेश के फेर में आमजन को परेशानी हो रही है।

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com

KHANDWA • KHARGOAN • BHURHANPUR • BADWANI



## न्यूज कालम



## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने निर्माणाधीन जिला कार्यालय का किया अवलोकन

**मनावर।** मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का भाजपा ग्रामीण धार जिले के प्रथम प्रवास पर आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता की। उनके साथ केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सावित्री ठाकुर तथा धर्मपुरी विधायक कालू सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे। कुक्षी से इंदौर प्रवास के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भाजपा ग्रामीण धार के नवनिमार्णाधीन जिला कार्यालय का अल्प प्रवास कर निर्माण कार्य का अवलोकन किया। भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने मंत्रीगण एवं अन्य अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया तथा नवनिमार्णाधीन जिला कार्यालय की निर्माण प्रगति से अवगत कराया। इस अवसर पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए कहा कि भाजपा संगठन कार्यकताओं की शक्ति से निरंतर सशक्त हो रहा है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह जिला कार्यालय संगठनात्मक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा तथा कार्यकर्ताओं को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराएगा।

## पंधाना विधायक कार्यालय पर नवनियुक्त एल्डरमैन का किया स्वागत

**खंडवा/पंधाना।** नगर परिषद पंधाना में हाल ही में नियुक्त किए गए चार नवनियुक्त एल्डरमैन का विधायक कार्यालय पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पंधाना विधायक श्रीमती छाया गोविंद मोरे सहित नगर परिषद के पार्षदों एवं भाजपा कार्यकताओं ने नवनियुक्त एल्डरमैन शैलेश राठौर, राजेश राठौर, प्रकाश काले एवं सौरभ गंगराड़े का माला पहनाकर एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। विधायक श्रीमती छाया गोविंद मोरे ने सभी नवनियुक्त एल्डरमैन को बधाई देते हुए कहा कि नगर के विकास एवं जनहित से जुड़े कार्यों में सभी मिलकर सक्रिय भूमिका निभाएं और नगर परिषद के विकास को गति देने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर अध्यक्ष पति प्रदीप जगधन्य, श्याम गंगराड़े, सत्यम सिंह, मुकेश जायसवाल, फकीरचंद कुशवाह, जगदीश एकले, धर्मेंद्र भैया, सुनील जायसवाल, अमजद कादरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा चापोरा में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा शनिवार २६ जुलाई को सरस्वती शिशु मंदिर, चापोरा में *निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर* का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों को सामान्य स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. अकरम खान - जनरल फिजिशियन ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। उन्होंने मरीजों को मौसमी विकारों से बचाव और सुरक्षित रहने के उपाय भी बताए। शिविर के दौरान सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप और *ब्लड प्रेशर जांच की गई। शिविर में 41 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के सफल आयोजन में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन और डॉ. विलास मोरे के सहयोग से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि भविष्य में भी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को उनके क्षेत्र में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## कारगिल विजय दिवस पर रक्तदान, पौधारोपण और नशामुक्ति का संदेश

**खरगोन।** कारगिल विजय दिवस पर अपरिचित सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी काछीपुरा, कसरावद के ग्रामीणों ने अनूठी मिसाल पेश की। ग्रामीणों ने वीर सैनिकों की शहादत को नमन करते हुए रक्तदान, पौधारोपण सहित नशा मुक्ति का संदेश देते हुए सामाजिक सरोकार के कार्यों को बढ़ावा दिया। कुनबी पटेल समाज धर्मशाला में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 44 यूनिट रक्तदान संग्रहित किया गया। शिविर का आयोजन ब्लड बैंक, जिला चिकित्सालय के सहयोग से किया गया। ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. विनय सिंह चौहान, सचिन चौहान, सचिन वर्मा, अनिल बिरला, हरीश चौबे, कृष्णा चौहान ने सुरक्षित तरीके से सिकलसेल एनीमिया पीड़ितों के लिए रक्त संग्रहित किया। रक्तदान शिविर की विशेष बात यह रही कि प्रत्येक रक्तदाता को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक पौधा भेंट किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान, पौधारोपण और नशामुक्ति, ये तीनों कार्य समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भावना के प्रतीक हैं। ग्रामीणों की यह पहल न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगी,ए बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता का भी प्रेरणादायक संदेश देगी।

## मस्जिद के पीछे से दो बैल चोरी, अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**खंडवा।** पिपलोद थाना क्षेत्र के ग्राम बलवाड़ा में मस्जिद के पीछे से दो बैल चोरी होने का मामला सामने आया है। फरियादी रमजान पिता बाबू मंसुरी निवासी बलवाड़ा ने पुलिस को बताया कि 24 जुलाई की शाम करीब 6 बजे उसके दो बैल, जिनकी कीमत करीब 40 हजार रुपये है, मस्जिद के पीछे बंधे हुए थे। अज्ञात व्यक्ति दोनों बैलों को चोरी कर ले गया। पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# लालबाग चिंचाला रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

### विधानसभा में मुद्दा उठाए जाने के बाद सरकार गंभीर, 46 करोड़ की परियोजना को प्राथमिकता

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस द्वारा विधानसभा सत्र में बुरहानपुर के बहुप्रतीक्षित लालबाग-चिंचाला रेलवे ओवरब्रिजके निर्माण में हो रही देरी का मुद्दा उठाए जाने के बाद प्रदेश सरकार ने परियोजना को प्राथमिकता पर लिया है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विभागीय समीक्षा बैठक में निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों को सभी लंबित बाधाएं शीघ्र दूर कर कार्य में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।



**लगातार प्रयासों से बढ़ी गति**

लगभग 46 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस ओवरब्रिज को शीघ्र पूरा कराने के लिए अर्चना चिटनिस लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने इस विषय को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, रेलवे महाप्रबंधक और भुसावल मंडल के अधिकारियों से कई बार मुलाकात व पत्राचार कर बाधाओं के निराकरण का आग्रह किया था। साथ ही कलेक्टर और रेलवे अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण कर समयबद्ध निर्माण के निर्देश भी दिए थे। विधानसभा में मुद्दा उठाए जाने और सतत प्रयासों के बाद परियोजना में आ रही तकनीकी और प्रशासनिक बाधाओं के निराकरण की प्रक्रिया तेज हुई है।

**क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई गति**

लालबागझचिंचाला रेलवे ओवरब्रिज बुरहानपुर की प्रमुख आधारभूत संरचना परियोजनाओं में शामिल है। इसके पूर्ण होने से किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और प्रतिदिन आवागमन करने वाले लगभग 20 हजार नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही ऐतिहासिक कुंडी भंडारा जलप्रदाय प्रणाली तक पहुंच सुगम होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के समग्र विकास को गति प्राप्त होगी। अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर के विकास और जनहित से जुड़े प्रत्येक महत्वपूर्ण विषय को सरकार के समक्ष प्रतिबद्धता से उठाया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार, भारतीय रेल और लोक निर्माण विभाग के समन्वित प्रयासों से यह वर्षों से लंबित ओवरब्रिज जल्द पूर्ण होगा।

## आदिनाथ जिनालय में श्रद्धा का सागर, नन्दीश्वर दीप महामण्डल विधान में श्रद्धालुओं ने अर्घ्य समर्पित किए



**सनावद।** अष्टान्हिका पर्व के पावन अवसर पर रविवार को श्री आदिनाथ जिनालय में भक्तिभाव और आध्यात्मिक उल्लास के साथ नन्दीश्वर दीप महामण्डल विधान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान आदिनाथ के अभिषेक एवं पूजन से हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने नन्दीश्वर दीप महामण्डल पर अर्घ्य समर्पित कर विश्व शांति, सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।इस अवसर पर प्रफुल्ल जैन ने विधि-विधान से अर्घ्य अर्पित किए। डॉ. नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि महावीर जिनालय में भी अष्टान्हिका पर्व के तहत सिद्धचक्र महामण्डल विधान जारी है, जहां श्रद्धालु सिद्ध परमात्माओं के गुणों का स्मरण कर धर्म आराधना एवं पुण्यार्जन कर रहे हैं। पूरे आयोजन के दौरान जिनालय भक्ति, मंत्रोच्चार और धार्मिक उल्लास से गुंजायमान रहा।

## विधानसभा क्षेत्र की दो सड़कों के लिए 56.5 करोड़ स्वीकृत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

विधानसभा क्षेत्र में विकास की प्राथमिकता को लेकर विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय द्वारा किये जा रहे निरन्तर प्रयासों से साढ़े 56 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी हो गई है।जिससे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। जिसका आगामी दिनों के कार्य प्रारंभ हो सकेगा। विधायक डॉ पांडेय विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो की सड़क मार्गो के निर्माण के लिए लम्बे समय से प्रयासरत है। जिसके फलस्वरूप समय समय पर स्वीकृति भी प्राप्त हो रही है।

बीते दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की घोषणा के बाद स्वीकृति के लिए किए जा रहे प्रयासों में सफलता मिल गयी है।लोक निर्माण विभाग ने साढ़े 56 करोड़ की लागत से दो प्रमुख सड़क मार्गो की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है।जिसमे 20 किमी लम्बे ग्राम राकोदा से माऊखेड़ी-रियावन-कालूखेड़ा मार्ग एव 9.50 किमी लम्बे ग्राम मावता से रियावन-बडायला माताजी पहुँच मार्ग निर्माण है।इस सम्बंध में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विधायक डॉ पांडेय को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासकीय स्वीकृति जारी होने के साथ ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।आगामी दिनों में कार्य भी प्रारम्भ हो सकेगा। विधान सभा क्षेत्र में मिली इस बड़ी उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।विधायक डॉ पांडेय ने आगे बताया कि विकास का क्रम निरन्तर जारी रहेगा।क्षेत्र में आपस मे सम्पर्क मार्गो को भी प्राथमिकता दी जा रही है।क्षेत्र में लगभग 20 करोड़ से अधिक की लागत के 5 प्रमुख सड़क मार्गो के प्रस्ताव दिए है।जिनकी स्वीकृति भी शीघ्र प्राप्त होगी।क्षेत्र में दो प्रमुख सड़क मार्गो की प्रशासकीय स्वीकृति जारी होने पर विधायक डॉ पांडेय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## डीआईजी अग्रवाल ने हुसैन टेकरी चेहल्लुम पर्व का किया निरीक्षण , चेहल्लुम कार्यक्रम शुरू

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

प्रसिद्ध धर्म स्थल हुसैन टेकरी शरीफ पर शनिवार से 10 दिनी चेहल्लुम कार्यक्रम की शुरूआत हो गई। चेहल्लुम पर्व के मद्देनजर रतलाम रेंज के डीआईजी निमिष अग्रवाल ने शनिवार को हुसैन टेकरी पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं अन्य आवश्यक इंतजामों का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हुसैन टेकरी पहुंचने पर डीआईजी अग्रवाल का हुसैन टेकरी प्रशासन ने परंपरागत रुप से साफा बांध पुष्प माला पहना कर आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर हुसैन टेकरी के कार्यपालन अधिकारी अब्दुल हाकिम ,एकाउंटेंट शफीक भाई ,सिप्तेन भाई ,सय्यद वसीम अली, मंटु भाई आदि कर्मचारी उपस्थित रहे ! डीआईजी अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान उन्होंने चेहल्लुम पर्व पर बड़ी संख्या में आने वाले जायरीन को सुरक्षित एवं सुचारु व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा संवेदनशील स्थानों शख्त नजर रखी जाए ।इस अवसर पर सीएसपी, औद्योगिक थाना प्रभारी, हुसैन टेकरी चौकी प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने डीआईजी को सुरक्षा प्रबंधन, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था तथा अन्य तैयारियों की जानकारी दी।



निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चेहल्लुम के दौरान आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। साथ ही यातायात व्यवस्था, आपातकालीन सेवाओं और कानून-व्यवस्था को लेकर समुचित समन्वय बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया गया।चेहल्लुम पर्व को लेकर पुलिस एवं सामान्य प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**पिपलोद।** थाना पिपलोद पुलिस ने सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 2 जुलाई को वाहन क्रमांक एमपी 12 जेडडी 0312 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए अनिल पिता श्यामलाल की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल अनिल की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## झगड़ा छुड़ाने के विवाद पर मारपीट

**मांधाता।** ओंकारेश्वर के नए बस स्टैंड क्षेत्र में झगड़ा छुड़ाने के लिए बीच में आने की बात को लेकर विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूनम के साथ अश्लील गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।



## गायत्री महायज्ञ में पुंसवन, नामकरण एवं अन्नप्राशन संस्कार सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

"सदाचार और सद्व्यवहार का व्यापार ही व्यक्ति के जीवन को उच्च बनाता है।" यह प्रेरणादायी संदेश वरिष्ठ गायत्री परिजन एवं शिक्षक रामेश्वर बिर्ला ने गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान उसकी संस्कारप्रधान गुरुकुल परंपरा रही है, जिसने समाज को असंख्य महान व्यक्तित्व दिए।

यदि माता-पिता स्वयं आदर्श जीवन नहीं जिएंगे, तो संस्कारी और चरित्रवान संतान की कल्पना भी अधूरी रहेगी।महायज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तीन पुंसवन संस्कार, एक नामकरण संस्कार तथा अन्नप्राशन संस्कार श्रद्धा और विधि-विधान से सम्पन्न कराए गए। रामेश्वर बिर्ला ने कहा कि केवल पूजा-पाठ, व्रत, अच्छे भोजन और वस्त्रों से ही श्रेष्ठ संतान का निर्माण नहीं होता, बल्कि सद्विचार, श्रेष्ठ आचरण, सत्संग, स्वाध्याय और संस्कारयुक्त वातावरण ही भावी पीढ़ी की वास्तविक पूंजी हैं।

उन्होंने कहा कि बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने घर के वातावरण में देखते हैं। इसलिए माता-पिता को पहले स्वयं अपने व्यक्तित्व को आदर्श बनाना होगा, तभी समाज को संस्कारवान और राष्ट्रभक्त नागरिक मिल सकेंगे।यज्ञ में क्षेत्र के 50 से अधिक श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और अच्छी वर्षा की कामना के साथ आहुतियां समर्पित कीं। पूरा शक्तिपीठ वैदिक मंत्रों और आध्यात्मिक वातावरण से गुंजायमान रहा। गुरु पूर्णिमा पर होगा दो दिवसीय विशेष आयोजन तहसील संयोजक डॉ. आर.एस. बिरले ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महापर्व के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## खण्डवा में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन सोमवार को

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खण्डवा।

प्रदेश में वर्ष 2026 को "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में "बलराम कृषि महोत्सव" का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। खंडवा में 27 जुलाई को नई कृषि उपज मंडी परिसर में प्रातः 11 बजे से बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली संबोधित करते हुए खंडवा जिले के किसानों से संवाद करेंगे। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंप दिए हैं। उप संचालक कृषि श्री नितेश यादव ने बताया कि बलराम कृषि महोत्सव" में किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक, उन्नत बीजों, नवीन कृषि यंत्रों, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण तथा शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी, ताकि खेती अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं समृद्ध बन सके। इस महोत्सव में कृषि विभाग के साथ साथ उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, कृषि अभियांत्रिकी तथा अन्य संबंधित विभागों द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

किसानों को विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों से सीधे संवाद का और अपनी समस्याओं के समाधान का अवसर मिलेगा। साथ ही उन्हें नई तकनीकों एवं बाजार आधारित कृषि मॉडल की जानकारी भी मिलेगी। महोत्सव में किसानों को डिजिटल कृषि सेवाओं, की जानकारी देंगे।

## नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम 27 जुलाई को होगा

**खंडवा ।** नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत" कार्यक्रम 27 जुलाई को स्थानीय किशोर कुमार सभागृह में आयोजित किया गया है। "मेरा युवा भारत" कार्यालय की जिला युवा अधिकारी सुश्री पल्लवी दुबे ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। इस अवसर पर संगीत प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता, शॉर्ट फिल्म और रील प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, नशा मुक्ति शपथ, सिग्नेचर वॉल, जागरुकता प्रदर्शनी, युवा संवाद और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।



## लालबाग में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित,57 मरीज लाभांवित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को लालबाग क्षेत्र में श्री मेडिकल एंड चेम्बर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुंबई के चिकित्सक डॉ. सौरभ ने मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श दिया। शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज माने, वरिष्ठ पार्षद विजय शेवाडे, वरिष्ठ पार्षद रूद्रेश्वर एंडोले और डॉ. सुनील पाटिल ने किया।

सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले शिविर में लालबाग और आसपास के क्षेत्रों से आए *लगभग 57 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मरीजों ने हृदय रोग, शुगर, थायराइड, गठिया और जोड़ों का दर्द, ब्लड प्रेशर, अस्थमा, कोलेस्ट्रॉल सहित अन्य बीमारियों पर विशेषज्ञ सलाह ली। चिकित्सक ने मरीजों को उनकी स्थिति के अनुसार उपचार, दवाओं के उपयोग, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम की सलाह भी दी।

शिविर में शुगर, हीमोग्लोबिन और ब्लड प्रेशर की जांच पूरी तरह निःशुल्क की गई। वहीं ईसीजी जांच 100 के नाममात्र शुल्क पर उपलब्ध कराई गई। इसका क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में लाभ उठाया।

भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज माने ने कहा कि आज गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं जरूरी हैं। जेनरिक दवाएं गुणवत्ता में ब्रांडेड दवाओं से कम नहीं हैं और कीमत भी कम होती है। आमजन को अधिक से अधिक जेनरिक दवाओं का लाभ लेना चाहिए ताकि उपचार का आर्थिक बोझ कम हो। वरिष्ठ पार्षद विजय शेवाडे ने कहा कि स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं। नियमित जांच से गंभीर बीमारियों का समय पर पता चल जाता है। रूद्रेश्वर एंडोले ने कहा कि समाज सेवा का सबसे बड़ा माध्यम स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता है। ऐसे आयोजन जरूरतमंद वर्ग के लिए लाभकारी हैं। कार्यक्रम के अंत में श्री मेडिकल के संचालक विनोद कुल्थे ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों का आभार माना।

## प्रेस क्लब खण्डवा, लायन्स क्लब एवं लियो क्लब ने चलाया पर्यावरण जागरूकता अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खण्डवा

पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रेस क्लब खण्डवा, लायन्स क्लब खण्डवा एवं लियो क्लब खण्डवा के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत बाजार क्षेत्र में नागरिकों को कपड़े की थैलियों का निःशुल्क वितरण किया गया तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नागरिकों से अपील की कि वे खरीदारी के लिए घर से कपड़े की थैली लेकर जाएं तथा प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग पूरी तरह बंद करें। वक्ताओं ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है, इसलिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए।

प्रेस क्लब के सदस्य सुनील जैन एवं लायन्स क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन नारायण बाहेती ने बताया कि अभियान के दौरान बाजारों में लोगों को कपड़े की थैलियां वितरित कर उन्हें प्लास्टिक की थैलियों के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। लायन्स क्लब खण्डवा के अध्यक्ष घनश्याम वाधवा, डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन नारायण बाहेती एवं राजीव शर्मा ने भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही स्वच्छ, स्वस्थ एवं हरित वातावरण का निर्माण किया जा सकता है।

## महर्षि संदीपनी गुरु पर्व के राज्य स्तरीय आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने की समीक्षा

### 29 जुलाई को मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में गीता भवन में होगा भव्य आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में 29 जुलाई, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय महर्षि संदीपनी गुरु पर्व कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर महर्षि संदीपनी गुरु पर्व राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में गीता भवन, उज्जैन में आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

बैठक में बताया गया कि कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी किया जाएगा। साथ ही शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जाएगा।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थी निर्धारित गणवेश में उपस्थित रहें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण कर ली जाएं तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को गरिमामय एवं सफल बनाएं।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री श्रेयांश कुमट, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज -कॉलम

### कालभैरव मंदिर में मुंबई के श्रद्धालुओं ने दान किए 10 लाख के बैरिकेड्स

**उज्जैन।** सावन मास में भगवान काल भैरव मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए दर्शन व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुंबई निवासी श्रद्धालु मनीष पांचाल एवं समीर पांचाल ने मंदिर समिति को 10 लाख रुपए की लागत से तैयार कराए गए बैरिकेड्स दान किए हैं। विशेष बात यह रही कि दोनों श्रद्धालुओं ने नकद राशि देने के बजाय सीधे बैरिकेड्स बनवाकर मंदिर समिति को समर्पित किए, जिससे श्रद्धालुओं की कतार व्यवस्था और सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। बैरिकेड्स मंदिर समिति को सौंपने की प्रक्रिया एसडीएम एल.एन. गर्ग, पटवारी महेश देपन, मंदिर प्रबंधक संध्या मारकंडे तथा व्यवस्थापक अनिल बोरासी की मौजूदगी में संपन्न हुई। इसी दौरान एसडीएम एल.एन. गर्ग ने काल भैरव मंदिर परिसर का औचक निरीक्षण कर सावन मास की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सफाई व्यवस्था का मौके पर निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल एवं बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने, तथा मंदिर परिसर एवं आसपास के अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए।

### सवारी मार्ग से निगम ने जर्जर भवन हटाया



**उज्जैन।** श्रावण-भादौ माह में निकलने वाली भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा सवारी मार्ग पर स्थित जर्जर भवनों, क्षतिग्रस्त गैलरी एवं छज्जों को हटाने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निगम ऐसे भवनों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में रविवार को ढाबा रोड स्थित कमला परमार के जर्जर एवं गिराऊ भवन को नगर निगम ने हटा दिया। निगम के अनुसार संबंधित भवन स्वामी को पूर्व में नोटिस जारी कर भवन को स्वयं हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं किए जाने पर निगम ने नियमानुसार भवन हटाने की कार्रवाई की। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर की जा रही इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य महाकाल की सवारी के दौरान मार्ग पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके। यह कार्रवाई भवन अधिकारी राजकुमार राठौर, भवन निरीक्षक शिवम गुप्ता तथा नगर निगम की टीम की मौजूदगी में संपन्न हुई। नगर निगम ने सवारी मार्ग पर स्थित अन्य जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों के स्वामियों से भी अपील की है कि वे समय रहते आवश्यक मरम्मत या भवन हटाने की कार्रवाई स्वयं करें। अन्यथा जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### चलती ट्रेन से गिरा यात्री दोनों पैर कटे

**उज्जैन/मक्सी।** शाजापुर जिले के मक्सी के पास पीर उमरोद रेलवे स्टेशन के नजदीक पटना-इंदौर डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल ट्रेन से गिरने पर एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके दोनों पैर कट गए। घायल ने टीटी पर मारपीट का आरोप लगाया है, जबकि घटना से पहले का विवाद का वीडियो भी सामने आया है। मामले की जांच रेलवे और पुलिस कर रही है। घायल की पहचान अशोकनगर जिले के माधवखेड़ी निवासी राहुल यादव के रूप में हुई है। वह बीना से इंदौर मजदूरी के लिए जा रहा था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वह बिना टिकट एसी कोच में यात्रा कर रहा था, जहां टिकट को लेकर टीटी से विवाद हुआ। वायरल वीडियो में राहुल टीटी पर शर्ट फाड़ने और थप्पड़ मारने का आरोप लगाता दिखाई दे रहा है। वहीं टीटी उसे शांत रहने और सीट पर बैठने की बात कहते हुए शराब के नशे में यात्रियों को परेशान करने का आरोप लगाता सुनाई देता है। राहुल ने बताया कि विवाद के बाद उसके साथ मारपीट हुई। उसने कहा कि टीटी ने धक्का दिया या वह खुद गिरा, उसे याद नहीं है। ट्रेन से गिरने की वास्तविक परिस्थितियों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।हादसे के बाद 108 एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचने पर रेलवे कर्मचारियों ने एक मालगाड़ी रुकवाकर घायल को मक्सी स्टेशन पहुंचाया। वहां से एंबुलेंस के जरिए सुबह करीब 5:30 बजे शाजापुर जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टर विनोद गुर्जर के अनुसार, ट्रेन की चपेट में आने से युवक के दोनों पैर कट गए। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उसे इंदौर रेफर किया गया। घटना शनिवार रात करीब 2:40 बजे की बताई गई है। उस समय डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब साढ़े पांच घंटे देरी से चल रही थी। पुलिस और रेलवे संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रहे हैं। जांच के बाद ही हादसे के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

# सूने मकान में हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

## 33 लाख के चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद, मास्टरमाइंड सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन





खाचरोद पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। करीब एक माह पहले सूने मकान में हुई लाखों रुपये की सनसनीखेज चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने गिरोह के मास्टरमाइंड सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर करीब 33 लाख मूल्य के चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अब आरोपियों से अन्य वारदातों और शेष चोरी के माल के संबंध में पूछताछ कर रही है।

परिवार के सभी सदस्य त्योहार मनाने मुंबई गये हुए थे। इसी दौरान 18-19 जून 2026 की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरी की जानकारी लगने के बाद परिवार के लोगों ने लौटने पर थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी शिकायत के आधार पर थाना खाचरोद में अपराध क्रमांक 268/2026 के तहत धारा 305 एवं 331(4) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

**पुलिस ऐसे पहुंची आरोपियों तक-** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) करणदीप सिंह के मार्गदर्शन, एसडीओपी खाचरोद आकांक्षा बेछोटे के निर्देशन और थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने कस्बे और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों की पहचान की। जांच के बाद रिफत, शेर खान और फिरोज उर्फ विस्सू को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने रेकी कर सुनियोजित तरीके से चोरी करना कबूल कर लिया।

**आरोपियों की निशानदेही पर बरामद हुए 33 लाख के आभूषण-** पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर करीब 33 लाख मूल्य के चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। आरोपियों का पुलिस रिमांड लेकर अन्य वारदातों और शेष चोरी के माल के संबंध में पूछताछ जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी..** रिफत पिता रसीद (25 वर्ष), निवासी जुना शहर, खाचरोद। शेर पिता कय्यूम (24 वर्ष), निवासी जुना शहर, खाचरोद। फिरोज उर्फ विस्सू पिता फरीद (22 वर्ष), निवासी भोपा कॉलोनी, खाचरोद।

**इनकी रही अहम भूमिका-** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया, साइबर सेल उप निरीक्षक प्रतीक यादव, प्रधान आरक्षक राजपाल सिंह, सुनील सिंह, सोमसिंह भदौरिया, महेंद्र तथा आरक्षक जितेंद्र सेंगर, प्रवीण कुशवाह, मनीष कुमार, ईश्वर परिहार, योगेंद्र, संजय राणा और नारायण की सराहनीय भूमिका रही।

# उज्जैन-गरोठ फोरलेन पर भीषण सड़क हादसा

## दंपती की मौत, बच्चे व महिला सहित पांच घायल



**उज्जैन/बड़ोद।** रविवार को उज्जैन-गरोठ फोरलेन पर बड़ोद के समीप ग्राम साबनी के पास एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार सवार एक बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई । जबकि 5 अन्य घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और हाईवे एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा सभी घायलों को बड़ोद के शासकीय अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार रविवार को आगर मालवा से निकले उज्जैन गरोठ फोरलेन पर बडोद के समीप ग्राम साबनी के पास एक कार होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार में सवार जगदीश राठौर (60 वर्ष), निवासी कायथा गंभीर रूप से घायल हो गया जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी मनोरमा राठौर की हालत गंभीर होने पर उन्हें उज्जैन रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। हादसे में घायल दीपक पिता राधेश्याम राठौर उम्र 48 वर्ष व ललिता बाई उम्र 38 वर्ष, प्रज्ञा उम्र 32 वर्ष, व दो बच्चे का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई, हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### हाईवे की स्थिति को लेकर फिर उठे सवाल

इस हादसे के बाद उज्जैन-गरोठ फोरलेन की सुरक्षा और निर्माण गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर पूर्व में भी कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। कई स्थानों पर सड़क की सतह क्षतिग्रस्त होने और गड्ढों की शिकायतें लंबे समय से की जा रही हैं, लेकिन संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी द्वारा समय पर सुधार नहीं किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

**आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था पर भी नाराजगी-** प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि घायलों के उपचार के दौरान अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी तथा समय पर चिकित्सक नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ा।

# सीवरेज कार्य में लापरवाही,करंट की चपेट में आने से गाय की मौत



**उज्जैन।** शहर के आगर रोड स्थित नक्षत्र गार्डन के पास रविवार सुबह सीवरेज निर्माण कार्य में कथित लापरवाही के कारण एक गाय की करंट लगने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ठेकेदार के कर्मचारियों ने बिजली वितरण ट्रांसफार्मर (डीपी) से लिए गए विद्युत तार नहीं हटाए, जिससे निर्माण स्थल और आसपास के हिस्से में करंट फैल गया।

घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह नक्षत्र गार्डन के पास सीवरेज लाइन का कार्य चल रहा था। आरोप है कि कार्य के दौरान डीपी से बिजली लेकर मशीनें संचालित की गईं, लेकिन काम समाप्त होने के बाद बिजली के तार हटाए नहीं गए। बारिश और गीली सड़क के कारण निर्माण स्थल पर करंट फैल गया। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक गाय करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के रहवासी मौके पर एकत्रित हो गए। लोगों ने चिमनगंज मंडी थाना पुलिस एवं नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा को घटना की सूचना देकर लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र की कई कॉलोनियों को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है। रविवार होने के कारण स्कूल बंद थे, लेकिन यदि सामान्य दिन होता तो बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और राहगीर इस करंट की चपेट में आ सकते थे। लोगों का कहना है कि समय रहते घटना का पता चल गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

**पहले भी हो चुकी है ऐसी घटना-** इससे पहले हरीफाटक क्षेत्र में सड़क निर्माण के दौरान खुले बिजली के तारों में करंट आने से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है।

इसके बावजूद निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों का समुचित पालन नहीं किया जा रहा है। नक्षत्र गार्डन के पास का यह मार्ग क्षेत्र की आधा दर्जन से अधिक कॉलोनियों के लोगों के आवागमन का मुख्य रास्ता है। वर्तमान में आसपास चल रहे निर्माण कार्यों के कारण भी बड़ी संख्या में लोग इसी मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में निर्माण स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होना गंभीर चिंता का विषय माना जा रहा है।

### एक ही कार चार लोगों को बेचकर ऐंठे लाखों रुपये

**उज्जैन।** बड़नगर में पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले में पीड़ितों ने पुलिस को शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से आरोपी शहर में बेखौफ घूम रहे हैं। मुख्य आरोपी संगम चौराहा निवासी प्रवीण पंवार और विक्रम सिंह गौड़ ने झाबुआ के राजगढ़ नाका निवासी प्रेम सिंह पाल के नाम पर रजिस्टर्ड स्विफ्ट डिजायर कार (एमपी 09 सीजे 2292) के जरिए इस पूरी ठगी की साजिश रची। दलालों ने रतलाम निवासी अभिषेक देवड़ा के माध्यम से यह कार सबसे पहले बड़नगर निवासी आशना खान पति अतहर खान को दो लाख 20 हजार रुपये में बेची।

# जमीन विवाद में महिलाओं से मारपीट



**उज्जैन।** उज्जैन जिले की खाचरौद तहसील के भाटखेड़ी गांव में जमीन विवाद को लेकर हिंसा का मामला सामने आया है। पीड्ति पक्ष ने आरोप लगाया है कि खेत में काम के दौरान महिलाओं के साथ मारपीट की गई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसे पीडितों ने पुलिस को सौंपने का दावा किया है। मामले में ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच, आरोपियों की गिरफ्तारी और सुरक्षा की मांग की है।

**खेत में काम के दौरान हमला करने का आरोप-** पीडित परिवार के अनुसार, घटना 25 जुलाई की दोपहर की है। उनका कहना है कि परिवार के सदस्य अपने खेत में सोयाबीन की फसल की निंदाई कर रहे थे। इसी दौरान करीब 20 से 25 लोग ट्रैक्टर और लाठी-डंडों के साथ खेत पर पहुंचे और कथित रूप से खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चलाना शुरू कर दिया। पीडित पक्ष का आरोप है कि जब महिलाओं ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। साथ ही खेत खाली करने का दबाव बनाया और जान से मारने तथा जिंदा जलाने की धमकी भी दी।

**घटना का वीडियो आया सामने-** घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में कुछ लोग आपस में धक्का-मुक्की और मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि एक युवती खेतों के बीच जान बचाकर भागती नजर आती है। पीड़ित पक्ष का दावा है कि यह वीडियो घटना के दौरान का है और इसे पुलिस को उपलब्ध करा दिया गया है। हालांकि, वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

**एसपी कार्यालय पहुंचीं महिलाएं, कार्रवाई की मांग-** घटना के बाद राजूबाई, शांतिबाई सहित अन्य महिलाएं और ग्रामीण उज्जैन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने लिखित शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच, आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। मामले में उपलब्ध वीडियो, दोनों पक्षों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महाकाल मंदिर परिसर में चला नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन




पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशन में संचालित राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत रविवार को थाना महाकाल पुलिस ने श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित भारत माता मंदिर प्रांगण में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर से दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक (कोतवाली) दीपक मरावी, थाना प्रभारी महाकाल निरीक्षक गगन बादल, उप निरीक्षक जितेंद्र झाला, उप निरीक्षक चंद्रभान सिंह चौहान सहित थाना महाकाल का पुलिस बल उपस्थित रहा। अभियान में माधव सेवा न्यास के पदाधिकारियों ने भी सहभागिता निभाई। नगर पुलिस अधीक्षक दीपक मरावी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विभिन्न प्रकार के मादक एवं नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। थाना प्रभारी निरीक्षक गगन बादल ने नशे के विरुद्ध पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान, अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की सूचना पुलिस तक सुरक्षित तरीके से पहुंचाने के माध्यम तथा युवाओं को नशे से बचाने में समाज की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पुलिस अधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने नशे से दूरी है जरूरी 2.0 संदेश के साथ सामूहिक सेल्फी भी ली। उज्जैन पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशामुक्त, सुरक्षित और स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए नशे से संबंधित किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराएं। समाज और पुलिस के संयुक्त प्रयासों से ही नशामुक्त वातावरण का निर्माण संभव है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती साधना गुप्ता पति रामकृपाल गुप्ता निवासी भोपाल के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य का भूखंड क्रमांक ए-11, क्लब एवेन्यु कॉलोनी, ग्राम हामुखे?ी देवास रोड उज्जैन जिसके भूखंड का कुल एरिया 94.55 वर्गमीटर हैं, को क्रय करने का सौदा, लिखित सौदा पत्र के माध्यम से तय किया गया है तथा बयाना राशि अदा कर दी गई हैं। अत: उक्त वर्णित भूखंड किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूखंड में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 3 (तीन) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखंड का विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की भी कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक- 26-07-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता एडवोकेट**
**आफिस क्रमांक सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मो. 99264 66157**


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सुजीत राव आत्मज बंशीलाल राव, निवासी गोपाल कॉलोनी, झाबुआ (म.प्र.) ने मकान मालिक राजेश चौहान पिता श्री किशोर लाल चौहान, निवासी 12-बी, अशोक मण्डी, रेल्वे कॉलोनी, इंद्रा नगर, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखंड / मकान क्रमांक 2, जिसका भूखण्ड भूमि सर्वे नम्बर 1481/1 रकबा 0.109 हेक्टेयर में का भाग होकर वार्ड नंबर 04 स्थित कस्बा उज्जैन तिरुपति धाम एक्सटेंशन कॉलोनी, उज्जैन से लगा हुआ है। उक्त मकान एक मंजिला पक्का आरसीसी का निर्मित है। उक्त मकान के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 1,000 वर्ग फीट है, को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने किया है तथा विक्रय मूल्य की राशि में से टोकन बयाना राशि का भुगतान भी कर दिया है। अब विक्रय मूल्य की शेष राशि का भुगतान करना तथा मेरे पक्षकार को अपने हित में उक्त विक्रयग्रस्त मकान के विक्रय-पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त विक्रय अनुबंधित मकान पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, साहूकार, फायनेंसर, बैंक, पेढ़ी, साख संस्था आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार आदि हो अथवा उक्त सम्पत्ति रहन, बंधक, गिरवी, ऋण आदि से ग्रस्त हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में मुझे मेरे कार्यालय में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करें। नियत समयावधि पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विक्रयग्रस्त उपरोक्त मकान सम्पत्ति के विक्रय-पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा, उसके पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक 26-07-2026

**सुभाषचन्द्र जैन, उच्च न्यायालय अधिवक्ता**
**5, नगारची बाखल, दादा भाई नौरोजी मार्ग, उज्जैन**
**मो. 6267024643, 9407100610**

# सादगी से जीने के लिए बुनियादी जरूरतें पूरी करें



जैसे सिक्के हमेशा खनकते हैं, शोर मचाते हैं, लेकिन नोट हमेशा शांत रहते हैं। बिल्कुल वैसे ही कीमत या अहमियत बढ़ने लगे, तो दिखावा करने के बजाय सादा, शांत और मौन रहना सीखिए। बापू कहते थे, अमीर को सदा सादगी से रहना चाहिए, ताकि गरीब सादा जीवन आसानी से जी सकें। साहित्यकार मार्क ट्वेन का मानना है कि एक शांत अंतःकरण ही आदर्श जीवन का जनक है। लेकिन सादगी और सरलता के बिना शांत अंतःकरण प्राप्त नहीं हो सकता। विख्यात चित्रकार लियोनार्डो द विंची के शब्दों में, सादगी परम जटिलता है। साधारण बनना ही सबसे असाधारण होता है, और यह सिर्फ समझदार व्यक्ति ही जान पाता है। भारतीय संस्कृति हमेशा से सादा जीवन, उच्च विचार की सीख देती है। आंखें भले आसमान पर टिकाएं, लेकिन पैर जमीन पर रखें। बुनियादी जरूरतें पूरी करें, इच्छाओं के पीछे न भागें। इसे एक बोध-कथा से समझ सकते हैं। एक सुबह लोमड़ी आंखें मलती उठी। उसकी पूंछ उगते हुए सूरज की ओर थी। छाया सामने पड़ रही थी। छाया की लंबाई-चौड़ाई देखकर लोमड़ी को लगा कि वह इतनी बड़ी है कि अब हाथी को खाए बगैर उसका पेट नहीं भरेगा। सो, हाथी का शिकार करने के लिए जंगल में दौड़ने-फिरने लगी। दोपहर हो गई, सफलता न मिली। थक-हारकर जमीन पर बैठ सुस्ताने लगी। उसकी छाया सिमटकर पेट के नीचे आ गई थी। लोमड़ी का चिंतन बदल गया। अब उसने सोचा कि इतने छोटे आकार के लिए छोटा खरगोश ही काफी है। आशय यह है कि जैसे-जैसे इच्छाएं जरूरतों में तब्दील होती हैं, वैसे-वैसे इंसान सादगी से जीना सीख लेता है।



सम्पादकीय

## प्रकृति से छेड़छाड़ का परिणाम

बचपन के स्कूली जीवन में बरसात आने पर किश्तियां बना कर चलाने की यादें खत्म हो गईं। पहाड़ों पर भूस्खलन से लोगों के मरने की घटनाएं सुर्खियां बन रही हैं। मैदानी इलाकों में मानसून रूठ रहा है। वैज्ञानिक इसे जलवायु परिवर्तन बता रहे हैं लेकिन भारत के लिए प्रकृति का बदलाव एक गंभीर खतरे की घंटी बजा रहा है। सच यही है कि भारत का मानसून हमेशा से देश की कृषि, अर्थव्यवस्था और जल संसाधनों की जीवनरेखा रहा है लेकिन पिछले एक दशक में मानसून का स्वरूप तेजी से बदलता दिखाई दे रहा है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जैसे पर्वतीय राज्यों में बार-बार बादल फटने, भूस्खलन और अचानक बाढ़ की घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं दूसरी ओर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य भारत के कई मैदानी क्षेत्रों में सामान्य से कम वर्षा या लंबे सूखे अंतराल देखने को मिल रहे हैं। यह स्थिति बताती है कि अब बारिश समान रूप से नहीं हो रही, बल्कि बहुत कम समय में अत्यधिक वर्षा के रूप में हो रही है।

परिणाम यह है कि मानवीय नुक्सान हो रहा है जिसे रोकना होगा। मौसम का मिजाज बदल रहा है। वर्षा जरूरत से कम या ज्यादा हो रही है। यही स्थिति बादल फटने और फ्लैश फ्लड का कारण बनती है। दूसरी ओर, कई मैदानी क्षेत्रों तक पर्याप्त नमी नहीं पहुंच पाती या मानसून की हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं। परिणामस्वरूप कहीं अत्यधिक वर्षा और कहीं वर्षा की कमी देखने को मिलती है। प्राकृतिक संसाधनों विशेष रूप से पहाड़ों में छेड़छाड़ तथा समुद्र में नए-नए प्रयोग जलवायु को प्रभावित कर रहे हैं। हिमालय विश्व की सबसे युवा पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है। यहां की चट्टानें अभी भी पूरी तरह स्थिर नहीं हैं। भारी वर्षा होने पर मिट्टी और चट्टानें आसानी से खिसक जाती हैं। यदि प्राकृतिक ढलानों के साथ छेड़छाड़ हो तो जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड प्राकृतिक छेड़छाड़ में नए-नए प्रयोग जलवायु को प्रभावित कर रहे हैं। रिपोर्टें बताती हैं कि पिछले कुछ वर्षों में हिमालयी राज्यों में तेजी से सड़क निर्माण, सुरंगें, होटल, रिसॉर्ट और चारधाम जैसी बड़ी परियोजनाएं विकसित हुई हैं। विकास आवश्यक है लेकिन यदि पर्यावरणीय संतुलन की अनदेखी हो तो उसके गंभीर परिणाम सामने आते हैं। पहाड़ों की कटाई, विस्फोटकों का उपयोग, जंगलों की कटाई और नदी किनारों पर निर्माण कार्य मिट्टी की पकड़ कमजोर कर देते हैं।

मूल समस्या हल करना होगी

## क्या धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से शिक्षा व्यवस्था सुधरेगी?



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

भारत की शिक्षा व्यवस्था आज जिस मोड़ पर खड़ी है, वहाँ समस्या किसी एक व्यक्ति या किसी एक मंत्रालय तक सीमित नहीं है। यह एक बहुस्तरीय संकट है, जिसमें नीतिगत अस्पष्टता, कार्यान्वयन की कमजोरी, संसाधनों की कमी, शिक्षक-प्रशिक्षण की चुनौती, परीक्षा-केंद्रित सोच और सामाजिक-आर्थिक असमानता—एक साथ मौजूद हैं। इसलिए जब यह सवाल उठता है कि क्या केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से शिक्षा व्यवस्था सुधर जाएगी, तो इसका उत्तर केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि संस्थागत और संरचनात्मक भी होना चाहिए। सच यह है कि केवल मंत्री बदल देने से शिक्षा व्यवस्था अपने-आप नहीं सुधरती; सुधार तब होता है जब नीति, नीयत, निवेश और निष्पादन, चारों एक दिशा में काम करें।

भारत में शिक्षा को लंबे समय से नीति से अधिक घोषणा के स्तर पर देखा गया है। हर सरकार शिक्षा सुधार की बात करती है, लेकिन जमीन पर परिवर्तन की गति बहुत धीमी रहती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भारत की शिक्षा प्रणाली को एक नई दिशा देने का वादा किया था—समग्र शिक्षा, मातृभाषा आधारित प्रारंभिक शिक्षा, कौशल-विकास, बहुविषयी अध्ययन, डिजिटल लर्निंग और शोध-उन्मुख उच्च शिक्षा। कागज पर यह नीति अत्यंत महत्त्वाकांक्षी है। परंतु महत्त्वाकांक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन के बीच अक्सर बहुत बड़ा अंतर रह जाता है। यही वह अंतर है, जहाँ किसी भी शिक्षा मंत्री की असली परीक्षा होती है।

धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल को देखें तो यह स्पष्ट होता है कि उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आगे बढ़ाने, बहुभाषी शिक्षा पर बल देने, कौशल विकास को प्राथमिकता देने, डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहन देने और उच्च शिक्षा को अधिक लचीला बनाने की दिशा में कदम उठाए। यह कहना गलत होगा कि उनके कार्यकाल में कुछ नहीं हुआ। बहुत-सी योजनाएँ आगे बढ़ीं, संवाद बढ़ा, और शिक्षा पर राष्ट्रीय बहस तेज हुई। लेकिन साथ ही यह भी सच है कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था की मूल समस्याएँ जस की तस बनी रहीं। सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता का अंतर, ग्रामीण-शहरी असमानता, शिक्षकों की कमी, परीक्षा-प्रधान संस्कृति, और कोचिंग-निर्भरता—ये सभी समस्याएँ अब भी गहरी हैं। इसी संदर्भ में यह समझना आवश्यक है कि शिक्षा मंत्री की भूमिका क्या होती है। शिक्षा मंत्री न तो अकेले स्कूलों की गुणवत्ता सुधार सकता है, न ही विश्वविद्यालयों की शोध-क्षमता बढ़ा सकता है, और न ही एक झटके में करोड़ों विद्यार्थियों की सीखने की स्थिति बदल सकता है। उसकी भूमिका मुख्यतः नीति-निर्माण, समन्वय, बजट प्राथमिकता, संस्थागत निगरानी और राज्यों के साथ सहयोग की होती है। यदि ये पाँचों काम बेहतर हों, तो शिक्षा में सुधार की संभावना बढ़ती है। लेकिन यदि केवल चेहरा बदल दिया जाए और नीतिगत ढाँचा वही रहे, तो परिणाम सीमित ही रहेंगे।

भारत की शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वह बराबरी का अवसर नहीं दे पाती। एक ओर महानगरों के निजी स्कूल और महंगे संस्थान हैं, जहाँ सुविधाएँ और अवसर अपेक्षाकृत अधिक हैं; दूसरी ओर सरकारी स्कूल और दूरस्थ ग्रामीण इलाके हैं, जहाँ बुनियादी ढाँचे, प्रशिक्षित शिक्षकों और डिजिटल संसाधनों की भारी कमी है। इस असमानता को कोई एक मंत्री, चाहे वह धर्मेंद्र प्रधान हों या कोई और, अकेले समाप्त नहीं कर सकता। इसके लिए लंबे समय तक चलने वाली राज्य-नीति, केंद्र-राज्य समन्वय और सामाजिक निवेश की आवश्यकता होती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि भारत में शिक्षा सुधार का प्रश्न सिर्फ प्रशासनिक नहीं, वैचारिक भी है। दशकों से हमारी शिक्षा प्रणाली परीक्षा पास कराने वाली मशीन के रूप में देखी जाती रही है, न कि सोच विकसित करने वाले माध्यम के रूप में। रटंत शिक्षा ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमता को सीमित किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस प्रवृत्ति को बदलना चाहती है, लेकिन बदलाव केवल दस्तावेजों से नहीं आता। इसके लिए पाठ्यक्रम, मूल्यांकन, शिक्षक-प्रशिक्षण और कक्षा-स्तरीय व्यवहार में परिवर्तन चाहिए। यही वह बिंदु है जहाँ सुधारों का वास्तविक परीक्षण होता है।

धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करने वालों का तर्क यह हो सकता है कि नेतृत्व परिवर्तन से जवाबदेही बढ़ती है और नई ऊर्जा आती है। यह तर्क आंशिक रूप से सही भी है। किसी भी मंत्रालय में नेतृत्व की शैली, प्राथमिकताएँ और कार्य-संस्कृति महत्वपूर्ण होती हैं। यदि किसी मंत्री के कार्यकाल में संवाद कमजोर हो, नीतियों के परिणाम धीमे हों, या जमीनी स्तर की शिकायतों पर अपेक्षित ध्यान न दिया जाए, तो बदलाव की आवश्यकता महसूस होती है। लेकिन यहाँ भी प्रश्न यही है कि क्या बदलाव व्यक्ति में चाहिए या व्यवस्था में। यदि सिस्टम ही कमजोर हो, तो नया मंत्री भी उसी ढाँचे में काम करेगा। इसलिए इस्तीफा केवल राजनीतिक प्रतीक बन सकता है, समाधान नहीं।

सच यह है कि शिक्षा सुधार की असली कुंजी बजट और क्रियान्वयन में छिपी है। भारत की शिक्षा पर सार्वजनिक निवेश लंबे समय से अपेक्षाकृत कम रहा है। कई बार घोषणाएँ बड़ी होती हैं, लेकिन विद्यालयों की मरम्मत, प्रयोगशालाओं की स्थापना, पुस्तकालयों का विकास, छात्रवृत्ति वितरण, शिक्षक नियुक्तियाँ और डिजिटल पहुँच जैसे मूलभूत मुद्दे पीछे रह जाते हैं। यदि सरकार शिक्षा को वास्तव में प्राथमिकता देना चाहती है, तो उसे केवल नीति दस्तावेज नहीं, बल्कि वित्तीय प्रतिबद्धता भी बढ़ानी होगी। शिक्षा वह क्षेत्र है, जहाँ खर्च को बोझ नहीं, निवेश मानना चाहिए।

शिक्षक इस पूरी व्यवस्था की रीढ़ हैं। लेकिन भारत में शिक्षकों की स्थिति खुद संकटग्रस्त है। कई स्कूलों में शिक्षक-रिक्तियाँ हैं, कई जगह एक शिक्षक पर अनेक कक्षाओं का बोझ है, और कई संस्थानों में शिक्षक-प्रशिक्षण पुराना और अप्रासंगिक है। जब तक शिक्षक सक्षम, सम्मानित और प्रशिक्षित नहीं होंगे, तब तक कोई भी शिक्षा सुधार सीमित रहेगा। मंत्री बदलने से यह समस्या समाप्त नहीं होगी। इसके लिए सेवा-शर्तों में सुधार, प्रशिक्षण में गुणवत्ता, और शिक्षकीय पेशे को प्रतिष्ठा देने की जरूरत है।

डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में भी बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन उनकी सीमाएँ भी सामने आईं। महामारी के दौरान डिजिटल लर्निंग की उपयोगिता स्पष्ट हुई, पर यह भी उजागर हुआ कि देश के बड़े हिस्से में इंटरनेट, उपकरण और डिजिटल साक्षरता की भारी कमी है।

## गोलगप्पों के बहाने

हमारे देश में शोध करने के लिए जेएनयू या डीयू जाने की कोई जरूरत नहीं है। असली रिसर्च तो मोहल्ले के उस चौराहे पर होती है जहां एक तरफ नगर निगम का बारहमासी नाला अपनी पूरी सुगन्ध के साथ बहता है और दूसरी तरफ से धूल के बवंडर आते-जाते वीआईपी लोगों का स्वागत करते हैं। इसी दिव्य संगम के बीचों बीच खड़े होते हैं हमारे गोलगप्पा उस्ताद जिन्हें हम प्यार से फुचका साइंटिस्ट भी कह सकते हैं। गौर से देखिए तो इस दुकान का पूरा भूगोल ही मोक्ष की राह दिखाता है। नाले से आती उस चिर-परिचित महक को लोग ऐसे नजरअंदाज करते हैं मानो वह कोई वीआईपी बदबू न होकर सीधे स्वर्ग से उतरी पारिजात की खुशबू हो। लोग वहां जाकर ऐसे खड़े हो जाते हैं जैसे किसी दिव्य संत के दरबार में मुक्ति की भीख मांग रहे हों। अपनी स्टील की छोटी सी कटोरी को दोनों हाथों से ऐसे थामते हैं जैसे उसमें गंगाजल अमृत बनकर गिरने वाला हो। उस्ताद अपने अंगूठे से उस उबले हुए आलू को कसमसाते हैं और फिर उसे तीखे पानी के गहरे समंदर में डुबोकर जब बाहर निकालते हैं तो लाइन में खड़े हर इंसान की लार टपकने लगती है। वहां खड़ा हर व्यक्ति अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा भूलकर बस इसी जुगाड़ में रहता है कि अगला नंबर उसका ही हो।

इस अद्भुत दरबार का पहला नियम है कि आपको अपनी जीभ के साथ-साथ अपने आत्मसम्मान को भी दांव पर लगाना पड़ता है। एक दिन रमेश बाबू अपनी नई नवेली दुल्हन के साथ वहां पहुंचे और बोले ₹भैया जरा हाइजीनिक तरीके से खिलाना।₹ उस्ताद ने उन्हें पैर के नाखून से लेकर सिर के बाल तक ऐसे घूरकर देखा जैसे किसी ने चांद पर थूकने की हिमाकत कर दी हो। उस्ताद ने अपनी मैली सी गंजी के कोने से हाथ पोंछा और कड़क आवाज में बोले ₹साहब यह स्वाद तो इसी नाले की हवा और चौराहे की धूल से आता है। अगर ज्यादा फिल्टर चाहिए तो सामने वाले मॉल में जाकर प्लास्टिक का गोलगप्पा चबाइए।₹ रमेश बाबू की पत्नी ने तुरंत उनके कुर्ते को खींचकर फुसफुसाया अरे तुम चुप रहो ना यार।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 27 जुलाई 2026 सोमवार
सूर्योदय - 05:59 सूर्यास्त 19:07
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - त्रयोदशी 16:15 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - मूल 10:29 उपरांत पूर्वाषाढा
योग - वैधृति 22:55 उपरांत विष्कुंभ
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 12 तारिख

**मेष-** निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**वृषभ-** किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**मिथुन-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। विवाद से क्लेश संभव है।

**कर्क-** कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

**सिंह-** नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी।

**कन्या-** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला-** कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे।

**वृश्चिक-** कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

**धनु-** स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। शत्रु परास्त होंगे। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी।

**मकर-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ-** पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन-** चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। घर में तनाव रह सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा।

समसामयिक

## विक्रमोर्वशीय में लोक जीवन का चित्रण



भगवती प्रसाद गेहलोत
(दैनिक अवन्तिका)

किसी भी कवि लेखक की रचना लोक जीवन के उल्लेख के बिना अधूरी है । उसकी रचना में में लोक जीवन का समावेश नहीं होता तो लोक का ध्यान उसकी ओर आकृष्ट नहीं होता वह सार्थक नहीं हो पाती। लोक में उसे रुचिकर स्थान प्राप्त नहीं हो पाता। लोक जीवन से जुड़े बिना न उसमें रस आता न आकर्षण पैदा होता। हर रचना लोक के हृदय मन को टटोलती जरूर है। महाकवि कालिदास की रचनाओं में लोक जीवन बिखरा पड़ा है । उसी प्रकार उनकी एक रचना है विक्रमोर्वशीयम ।

महाकवि कालिदास विरचित विक्रमोर्वशीयम त्रोटक पाँच अंको में समाहित है तथा इसे दिव्य एवं मानुषी पात्रों का से संजोया गया है । इसमें श्रृंगार रस रस की प्रधानता है। इसमें कवि ने यौवन की उद्दाम वासना-जन्य विरह में व्याकुल पुरुष को व्यथित कर देने वाले प्रेम का निरूपण किया है। कथा का आधार राजा पुरुरवा और अप्सरा उर्वशी का प्रणय है। प्रथम दृष्टि में मह राजसी-स्वर्गीय कथा लगती है, परन्तु सूक्ष्म अध्ययन. करने पर ज्ञात होता है कि कालिदास ने इसमें गुप्तकालीन मान्यताएं लोक विश्वास, प्रकृति-चेतना, लोकभाषा, राज धर्म , सौंदर्य और जन सामान्य की मनोभावनाओं को अत्यंत कुशलता-रोचकता से गूंथा है। लोक जीवन में जो घटित होता है वह इस त्रोटक में घटित हुआ है।

लोक जीवन की अवधारणा और कालिदास - लोक का अर्थ केवल ग्राम-नगर ही नहीं होता अपितु तत्कालीन समाज जीवन पद्धति की सामूहिक चेतना होता है । इसमें सुपरंपराएँ, विश्वास, रीति-रिवाज, भाषा, प्रकृति संबंध और नैतिक मूल्य आते हैं। कालिदास अभिजात कवि होते हुए भी जन हृदय के पारखी थे।

विक्रमोर्वशीयम् का चतुर्थ अंक इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। इतना ही नहीं इसके सभी अंकों में इसका प्रभाव दिखाई देता है।

प्रकृति का मानवीकरण : विरही लोक मन का दर्पण - भारतीय लोक मानस में दुःख के क्षणों में प्रकृति को सजीव मानकर उस से बात करने की परंपरा रही है। विरही-विहरिणियों का कोयल, पपीहा , बादल से संदेश भेजना लोक गीतों का प्रिय विषय है। कालिदास ने इस लोक भाव को राजा पुरुरवा के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। चतुर्थ अंक में उर्वशी लता रूप में परिवर्तित हो जाने पर पुरुरवा उन्मत्त होकर वन-वन भटकता है। वह मयूर , कोकिल, हंस, चक्रवाक, कृष्णसार मृग, गजराज आदि से उर्वशी का पता पूछता है -

श्लोक साक्ष्य - मयूर से प्रश्न अंक 4 श्लोक 20
बर्हिण त्वामित्यभ्यर्थये आचक्ष्व में तत
अत्र वने भ्रमता यदि त्वया दृष्टा सा ममकान्ता।

अरे मोर! मैं तुमसे यह प्रार्थना करता हू कि इस वन में घूमते हुए तुमने कहीं मेरी प्रिया को देखा है तो मुझसेकहो।

कथमदत्वा प्रतिवचनं नर्तितुं प्रवृतः ? किं नु खलु हर्षकारणमस्य (विचिन्त्य) भवतु, विदितमेतत.।

- अरे मेरे वचनों का उत्तर न देकर नाचना क्यों क्यों प्रारंभ कर दिया? निश्चय ही इसकी प्रसन्नता का कारण क्या हो सकता है?

(सोचकर) अच्छा, ज्ञात हो गया।

नाचते मोर को देखकर राजा का प्रश्न लोक कौतुहल है । गाँवों में आज भी मोर के नाचने को वर्षा का शकुन माना जाता है। राजा का यह प्रश्न बताता है कि शास्त्रज्ञ होते हुए भी वह लोक विश्वासों से जुड़ा है साथ ही उसके पंखों को लेकर उर्वशी के बारे में अनुमान लगाता है।

## नारे नहीं,राष्ट्र चाहिए : नीट विवाद और व्यवस्था परिवर्तन का समय



अमित राव
(दैनिक अवन्तिका)

किसी भी राष्ट्र का भविष्य संसदों में जितना तय होता है,उससे कहीं अधिक उन परीक्षा-कक्षों में निर्धारित होता है,जहाँ करोड़ों युवा अपने श्रम, संयम और स्वप्नों के साथ बैठते हैं। वहाँ केवल प्रश्नपत्र नहीं खुलते, वहाँ भविष्य के चिकित्सक,वैज्ञानिक, शिक्षक और राष्ट्रनिर्माता आकार लेते हैं। इसलिए जब किसी राष्ट्रीय परीक्षा की पवित्रता पर प्रश्न उठता है,तब आहत केवल एक परीक्षा नहीं होती,घायल राष्ट्र का विश्वास होता है। भारत की संस्कृति ने ज्ञान को कभी व्यापार नहीं माना। हमारे यहाँ विद्या को सरस्वती कहा गया,क्योंकि वह केवल जीविका का साधन नहीं,जीवन का संस्कार है। नालंदा और तक्षशिला की परंपरा से लेकर आधुनिक भारत की प्रतियोगी परीक्षाओं तक एक सूत्र निरंतर दिखाई देता है प्रतिभा का सम्मान। यदि यह सूत्र टूटता है,तो केवल व्यवस्था नहीं टूटती,समाज का नैतिक संतुलन भी डगमगा जाता है। नीट विवाद इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। स्वाभाविक है कि जब लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी परीक्षा पर प्रश्न उठे,तब समाज में आक्रोश उत्पन्न हो। लोकतंत्र में यह आक्रोश अस्वाभाविक नहीं,बल्कि जनचेतना का परिचायक है। किंतु भारत की सभ्यता ने हमें एक और शिक्षा दी है निर्णय से पहले तथ्य,प्रतिक्रिया से पहले विवेक और संघर्ष से पहले आत्ममंथन। प्रश्न यह नहीं कि विरोध क्यों हुआ। प्रश्न यह है कि विरोध का अंतिम लक्ष्य क्या है? यदि उद्देश्य दोषियों को दंड दिलाना है,तो पूरा राष्ट्र एक स्वर में उसके साथ खड़ा होगा। यदि उद्देश्य परीक्षा व्यवस्था को अधिक सुरक्षित बनाना है,तो यह प्रत्येक विद्यार्थी का अधिकार है। यदि उद्देश्य ऐसी तकनीकी व्यवस्था विकसित करना है जिसमें संगठित पेपर लीक लगभग असंभव हो जाए,तो उसका स्वागत होना चाहिए। किंतु यदि विमर्श केवल व्यक्तियों के इर्द-गिर्द सिमट जाए और व्यवस्था परिवर्तन पीछे छूट जाए,तो हम मूल समस्या से दूर चले जाएँगे। इतिहास हमें सिखाता है कि सभ्यताएँ व्यक्ति-पूजा से नहीं, संस्थाओं की मजबूती से आगे बढ़ती हैं। सम्राट बदलते रहे,राजवंश बदलते रहे,पर हिंदुस्थान इसलिए जीवित रहा क्योंकि उसकी आत्मा संस्थाओं,मूल्यों और समाज की चेतना में बसती रही। आज भी यही कसौटी है।पेपर लीक कोई आकस्मिक घटना नहीं है। वर्षों से देश के विभिन्न हिस्सों में भर्ती परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं को लेकर अनियमितताओं की खबरें सामने आती रही हैं। इससे स्पष्ट है कि समस्या किसी एक परीक्षा या एक सरकार तक सीमित नहीं है। यह उस विकृत मानसिकता का परिणाम है,जिसने शिक्षा को साधना के स्थान पर सौदे का माध्यम बना दिया। जहाँ प्रतिभा बिकने लगे और परिश्रम हारने लगे,वहाँ केवल छात्र नहीं हारते,राष्ट्र हारता है।

इसीलिए आवश्यकता किसी एक व्यक्ति को कटघरे में खड़ा करने से अधिक उस पूरे तंत्र को समाप्त करने की है,जो ईमानदार युवाओं के सपनों पर आघात करता है। यदि जांच में कोई अधिकारी,कर्मचारी,दलाल,कोचिंग संचालक या अन्य व्यक्ति दोषी सिद्ध होता है,तो उसके विरुद्ध कानून का सबसे कठोर प्रावधान लागू होना चाहिए। न्याय का धर्म व्यक्ति नहीं, अपराध देखता है। आज भारत अमृतकाल की यात्रा पर है। विकसित भारत का स्वप्न केवल राजमार्गों,डिजिटल अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष अभियानों से पूरा नहीं होगा। वह तभी साकार होगा जब देश का प्रत्येक युवा यह विश्वास कर सके कि उसकी सफलता का एकमात्र आधार उसकी प्रतिभा और परिश्रम है। यही विश्वास किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी होता है। इस संदर्भ में परीक्षा प्रणाली में तकनीकी सुधारों पर गंभीरता से विचार होना चाहिए।

धर्म-आस्था

## क्या अँधेरे में या बिस्तर पर मंत्र जाप करना सही है?



मंत्र जाप का उद्देश्य मन को एकाग्र करना और ईश्वर से जुड़ना है। इसके लिए वातावरण और आसन का बड़ा महत्व होता है। लेकिन कई बार लोग सोते हुए बिस्तर पर या अँधेरे में मंत्र जाप करते हैं। ऐसे में, मन में यह सवाल तो जरूर आता होगा कि ऐसे मंत्र जाप करना सही है या नहीं। कुछ लोग लेटकर भी माला से जाप करते हैं, तो क्या वह भी सही है?

मंत्र जाप से मन को शांति, एकाग्रता और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। लेकिन कई बार मंत्र जाप करते वक्त हम परिस्थितियों पर ध्यान नहीं देते। कभी हम सोते वक्त बिस्तर पर मंत्र जाप कर लेते हैं, तो कई बार अँधेरे में। लेकिन क्या ऐसा करना सही है? क्या इससे जुड़े कुछ नियम है? क्या बिस्तर पर लेटकर मंत्र जाप किया जा सकता है? चलिए जानते हैं...क्या अँधेरे में मंत्र जाप किया जा सकता है?

सामान्य रूप से अँधेरे में भी मंत्र जाप किया जा सकता है लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप कौन सा मंत्र का जाप कर रहे हैं। जानकारों के अनुसार, तामसिक या उच्च ऊर्जा अथवा शक्ति वाले मंत्रों का जाप अँधेरे में नहीं करना चाहिये। अन्धेरा नकारात्मकता और तामसिकता का प्रतीक होता है। ऐसे में कई मंत्र की ऊर्जा प्रभावित हो सकती है। अगर मंत्र सरल और दैनिक जीवन में जपने वाला हो, तो आप अँधेरे में जप सकते हैं। हालाँकि, पूजा-पाठ और नियमित साधना के लिए शास्त्र स्वच्छ, शांत और प्रकाशयुक्त स्थान को अधिक उपयुक्त माना जाता है। दीपक या दीप ज्योति के सामने बैठकर मंत्र जाप करने से मन अधिक एकाग्र होता है और साधना का वातावरण भी पवित्र बनता है। यदि रात में या बिजली न होने के कारण अँधेरा हो, तब भी श्रद्धा के साथ किया गया मंत्र जाप स्वीकार्य माना जाता है। लेकिन अँधेरे में ध्यान भटक सकता है और मन स्थिर नहीं रहता। शास्त्रों के अनुसार, मंत्र जाप स्वच्छ आसन पर बैठकर, दीपक या प्राकृतिक प्रकाश में करना श्रेष्ठ माना गया है।

कई बार लोग सोते वक्त मंत्र जाप करते हैं। जानकारों के अनुसार बिस्तर पर लेटकर मंत्र जाप करने से मन जल्दी थक जाता है और नींद आने लगती है। ज्योतिष में कई ग्रहीय दोषों से बचने के लिए भी बिस्तर पर मंत्र जाप से मना किया जाता है। लेकिन यदि स्वास्थ्य कारणों से बैठना कठिन हो, तो बिस्तर पर भी जाप किया जा सकता है, लेकिन मन को सजग और एकाग्र रखना आवश्यक है। अगर आप स्वस्थ हैं, तो बेहतर है कि आप किसी स्वस्थ स्थान पर आसन लगाकर ही मंत्र जाप करें क्योंकि बिस्तर पर जाप करने से लाभ कम हो जाता है और मन जल्दी विचलित हो सकता है। कुशासन, ऊनी आसन या स्वच्छ चटाई पर बैठकर सीधी रीढ़ के साथ मंत्र जाप करने से मन स्थिर रहता है और नींद आने की संभावना कम होती है। हालांकि, अगर कोई सोने से पहले भगवान का नाम स्मरण करता है या सुबह उठते ही ईश्वर का ध्यान करता है, तो ऐसी परिस्थितियों में भगवान का नाम लेना या मानसिक रूप से मंत्र का स्मरण करना पूर्णतः स्वीकार्य है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,41,700 रवा- 1,41,400 चांदी- टंच- 2,23,000 पाट- 2,22,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

# मुथूट फाइनेंस से लिया गोल्ड लोन, खाते में रकम आते ही साइबर ठगों ने महिला के खाते से उड़ाए 49,900 रुपये

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

डिजिटल युग में साइबर ठग अब आम लोगों की गाढ़ी कमाई के साथ-साथ उनके द्वारा लिए गए कर्ज की राशि पर भी सेंध लगा रहे हैं। शाजापुर में साइबर ठगी का एक ऐसा ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने अपनी जरूरत पूरी करने के लिए गहने गिरवी रखकर गोल्ड लोन लिया था, लेकिन बैंक खाते में रकम पहुंचते ही अज्ञात जालसाजों ने यूपीआई के जरिये पलक झपकते ही पूरी राशि पार कर दी। घटना शाजापुर कोतवाली थाना क्षेत्र की है, जिसकी शिकायत के बाद पुलिस और साइबर सेल ने तकनीकी जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महूपुरा पटेलवाड़ी निवासी 37 वर्षीय सालेहा बी का धोबी चौराहा स्थित केनरा बैंक शाखा में खाता है। अपनी आर्थिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए उन्होंने 21 जुलाई को मुथूट फाइनेंस से 48,100 रुपये का गोल्ड लोन लिया था। यह ऋण राशि सीधे उनके केनरा बैंक खाते में ट्रांसफर की गई थी। पीड़िता अपने दैनिक डिजिटल लेनदेन के लिए इसी बैंक खाते से फोन-पे ऐप का इस्तेमाल करती हैं। लोन की राशि खाते में आने के बाद उन्हें



लगा था कि अब उनकी जरूरत पूरी हो जाएगी, लेकिन उन्हें साइबर ठगों की नजर लग गई। 24 जुलाई को जब सालेहा बी अपनी लोन की रकम निकालने बैंक पहुंचीं, तो खाते का बैलेंस जानकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। बैंक की तरफ से उन्हें बताया गया कि उनके खाते में महज 65 रुपये ही शेष हैं। बदहवास पीड़िता ने तुरंत बैंक से अपने खाते का स्टेटमेंट निकलवाया। इस स्टेटमेंट से यह बड़ा खुलासा हुआ कि 22 जुलाई की शाम ठीक 4 बजकर 6 मिनट पर उनके खाते से 49,900 रुपये यूपीआई के माध्यम से दीपक दास नाम के किसी व्यक्ति के नंबर पर ट्रांसफर कर दिए गए हैं। पीड़िता सालेहा बी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी तरफ से किसी भी व्यक्ति को कोई पैसा ट्रांसफर नहीं किया है। किसी अज्ञात जालसाज ने धोखाधड़ी कर उनके खाते में सेंधमारी की और लोन की पूरी रकम उड़ा ली।

### महिला ने गहने गिरवी रखकर लिया था कर्ज

महिला ने गहने गिरवी रखकर लिए गए कर्ज के इस तरह लुट जाने से पीड़िता काफी परेशान हैं। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर महिला ने कोतवाली थाने और शाजापुर साइबर सेल में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सघन जांच शुरू कर दी है। फिलहाल साइबर टीम उस यूपीआई आईडी और बैंक खाते की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है, जिसमें यह रकम ट्रांसफर की गई है, ताकि आरोपी ठग तक जल्द से जल्द पहुंचकर मामले का खुलासा किया जा सके।



## जेल में शीतल छाया गोनिवास के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**शाजापुर।** जिला जेल में शीतल छाया गोनिवास के निर्माण का शुभारंभ हुआ। जेल अधीक्षक दुष्यंत कुमार पगारे ने जानकारी देते हुए बताया कि जैन संत शीतलराज महाराज द्वारा शनिवार को जिला जेल शाजापुर में गौसेवा एवं जीवदया के पावन उद्देश्य से निर्मित होने वाले शीतल छाया गोनिवास के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर गुरुदेव ने गोनिवास की प्रस्तावित भूमि को पावन एवं पुण्यभूमि बनाते हुए समस्त श्रद्धालुओं को गौसेवा, जीवदया एवं करुणा का संदेश प्रदान किया। साथ ही उन्होंने प्रवचनों में कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। गौमाता की सेवा एवं संरक्षण मानव जीवन में करुणा, संवेदना और धर्म के संस्कारों को सुदृढ़ करता है। इसके उपरांत गुरुदेव द्वारा जेल में निरुद्ध बंदियों को अच्छे कर्म करने एवं जीवन में सुधार करने हेतु उपदेश दिए गए। इस अवसर पर उप जेल अधीक्षक सुनील कुमार मंडलेकर, शहर के वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी सहित समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

## ममता आर्य हुई पदोन्नत



**शाजापुर।** वरिष्ठ समाजसेवी व सेवानिवृत प्रधान अध्यापक सिद्धनाथ सोलंकी की पुत्र वधू एवं प्रेस क्लब संरक्षक आनंद आर्य के अनुज भ्राता अमित आर्य की पत्नी एवं जीआरपी इंदौर में पदस्थ ममता आर्य ने पदोन्नति उपरांत उप निरीक्षक पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इस उपलब्धि पर प्रेस क्लब व गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया।



## पैरा लीगल वालंटियर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर की सचिव नमिता बौरासी के नेतृत्व में 25 जुलाई 2026 शनिवार को ए.डी. आर. भवन जिला न्यायालय परिसर, शाजापुर में पैरा लीगल वालंटियर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के पैरा लीगल वालंटियर्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाजापुर की सचिव नमिता बौरासी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी शिखा शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर सचिव नमिता बोरासी ने पैरा लीगल वालंटियर्स को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य, विधिक सेवा गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पैरा लीगल वालंटियर्स न्याय एवं विधिक सहायता योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। न्यायालयीन तकनीकी प्रणालियों एवं साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी होना वर्तमान समय की आवश्यकता है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**शाजापुर।** शाजापुर जिले के सुनेरा नेशनल हाईवे-52 पर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शनिवार रात 11 बजे करीब जैन होटल के पास हुए हादसे में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे युवक सड़क पर गिर गया। हादसे की सूचना मिलते ही डायल-112 के पायलट महेंद्र सिंह जादौन और पुलिसकर्मी रूपेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल युवक को डायल-112 वाहन से शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घायल युवक की पहचान शाजापुर जिले के ग्राम भरड़ निवासी जितेंद्र पिता कंवरलाल के रूप में हुई है। गंभीर चोटों के कारण वह फिलहाल यह बताने की स्थिति में नहीं है कि वह कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था। अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक पदम सिंह ने बताया कि घायल का इलाज जारी है। उसके बयान दर्ज होने के बाद ही हादसे की पूरी जानकारी मिल पाएगी। पुलिस घायल के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी और अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है।

गवली व माली समाज ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

## नावघाट श्मशान भूमि पर फायर स्टेशन निर्माण का विरोध

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

शहर के नावघाट स्थित श्मशान भूमि पर प्रस्तावित फायर स्टेशन के निर्माण का विरोध अब काफी तेज हो गया है। गवली और माली समाज के प्रतिनिधियों ने जिले के प्रभारी मंत्री से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा और फायर स्टेशन को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रभारी मंत्री ने तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए हैं।

प्रतिनिधियों का आरोप है कि हिंदू समाज को बिना विश्वास में लिए भूमि का आवंटन कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि खुदाई और निर्माण के दौरान मृत शिशुओं के नर कंकाल बाहर निकल रहे हैं, जिससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है।

समाज के प्रतिनिधियों ने मांग की है कि फायर स्टेशन को किसी अन्य उपयुक्त स्थल पर स्थानांतरित किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो सर्व हिंदू समाज चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा।

मामले की गंभीरता को समझते हुए प्रभारी मंत्री ने जिला प्रशासन को तुरंत निर्माण कार्य रोकने और सभी पक्षों से बातचीत कर सर्वमान्य समाधान निकालने के निर्देश जारी किए हैं। अब हर किसी की नजर प्रशासन के अगले कदम पर टिकी है।

### नर कंकाल निकलने का आरोप

प्रभारी मंत्री को सौंपे ज्ञापन में समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि शासन द्वारा सर्वे क्रमांक 1568 की लगभग दो एकड़ भूमि फायर स्टेशन के लिए आवंटित की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह भूमि वर्षों से कच्चे श्मशान के रूप में उपयोग होती आ रही है, जहाँ नवजात शिशुओं, लावारिस शवों और मृत पशुओं का अंतिम संस्कार तथा उन्हें दफनाने की परंपरा रही है।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्राम नावदा में सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**हर- घर तिरंगा अभियान और जल संरक्षण का लिया संकल्प**

**टोंकखुर्द।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा किए। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 136 वीं कड़ी थी। मन की बात में पीएम मोदी ने जल संरक्षण और हर घर तिरंगा अभियान का आव्हान किया। पीएम मोदी ने कहा कि 4 जुलाई से पूरे देश में जल संरक्षण के लिए एक खास (केक द रेन)अभियान चलाया जा रहा है ।इसके तहत बारिश के पानी को बचाने के लिए पुराने तालाबों व जल स्त्रोतों को फिर से जीवित करने का काम किया जा रहा है।पीएम के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंधल समेत तमाम नेताओं व भाजपा कार्यकर्ताओं ने टोंक खुर्द तहसील के ग्राम नावदा बूथ क्रमांक 68 पर सुना। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंधल ने कहा कि इस प्रेरणादायक कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने भारत की विकास यात्रा की उल्लेखनीय उपलब्धियों का चित्रण करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सिंधल ने कहा कि प्रधानमंत्री के शब्दों में गहरा प्रभाव है, जो हमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है ।इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष संदीप पटेल, दिनेश वर्मा, श्रीराम सूर्यवंशी, भारत सिंह गौड, राधेश्याम पटेल, किशोर पटेल, गजेंद्र पटेल, निलेश पटेल, ब्रजपाल सिंह गौड, अनिल पटेल,युवराज सोनगरा, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रधान के इस्तीफे पर जश्न:तिरंगा लेकर लगाए नारे, ढोल-नगाड़ों संग मिठाई बांटी



**देवास।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगें माने जाने के बाद देवास में जश्न का माहौल देखा गया। शहर के उज्जैन तिराहा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के सामने डॉ अंबेडकर राष्ट्रीय युवा संघ, डेरिस 50 फाइटर्स के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में युवाओं ने एकत्र होकर खुशी जाहिर की। इस दौरान युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर ₹भारत माता की जय और इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए। ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य किया गया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। पदाधिकारियों ने इस घटना को छात्रों के संघर्ष और लोकतांत्रिक आंदोलन की जीत बताया। उनका कहना था कि लंबे समय से उठाई जा रही मांगों को सरकार द्वारा स्वीकार किए जाने और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कार्यकर्ताओं और युवाओं में खुशी है।

## हजारों विद्यार्थियों को मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्ति अभियान के तहत दिलाई शपथ

**देवास।** देवास में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत शनिवार को हजारों विद्यार्थियों ने नशामुक्ति का संदेश दिया। देवास के विभिन्न स्कूलों के इन विद्यार्थियों ने करीब तीन किलोमीटर से ज्यादा लंबी मानव श्रृंखला बनाई। उन्होंने एकजुट होकर लोगों से नशे से दूर रहने और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की। यह जनजागरूकता कार्यक्रम औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मानव श्रृंखला के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। इसके बाद सभी विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। उन्हें स्वयं नशे से दूर रहने और अपने परिवार व समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## चलती ट्रेन से गिरा युवक, सिर में गंभीर चोट, लोकल ट्रेन में गेट पर बैठा था

**अकोदिया।** अकोदिया में मोहम्मदखेड़ा रेलवे स्टेशन के पास रविवार सुबह एक युवक चलती लोकल ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस टीम ने उसे प्राथमिक उपचार दिया और शुजालपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, युवक की हालत अब खतरे से बाहर है।

घायल की पहचान शुजालपुर के फ्रीगंज निवासी मनोज पिता मांगीलाल (35) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मनोज मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और बोल नहीं सकते। उनका इंदौर में इलाज चल रहा है।

रविवार सुबह मनोज लोकल ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। वे ट्रेन के गेट पर बैठे थे। मोहम्मदखेड़ा स्टेशन के पास अचानक चलती ट्रेन से नीचे गिर गए। हादसे में उनके सिर में चोट आई।

## विधायक भीमावद ने प्रजापति समाज धर्मशाला को 20 लाख दिए, दक्ष जन्मोत्सव पर शोभायात्रा के बाद घोषणा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर में रविवार को महाराजा दक्ष प्रजापति जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ के तत्वावधान में एक शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा सुबह 11 बजे मां राजराजेश्वरी माता मंदिर से शुरू हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

शोभायात्रा राजराजेश्वरी माता मंदिर से प्रारंभ होकर ट्रैफिक पाइंट, फव्वारा चौक, नई सड़क, बड़ा चौक, छोटा चौक, सोमवारिया बाजार और मगरिया बाजार से होते हुए प्रजापति समाज



धर्मशाला पहुंची। मार्ग में विभिन्न चौक-चौराहों पर सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर इसका स्वागत किया। इस दौरान मिश्रौली धाम के रामनारायण जी महाराज और उज्जैन के सिद्ध गिरी जी महाराज भी शोभायात्रा में उपस्थित रहे।

धर्मशाला पहुंचने के बाद एक धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के सदस्य मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक अरुण भीमावद की ओर से प्रजापति समाज धर्मशाला के विकास हेतु 20 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की गई।

यह घोषणा विधायक प्रतिनिधि पंडित आशीष नागर ने राष्ट्रीय महासचिव मनोज प्रजापति और अन्य समाजजनों की उपस्थिति में की। इस कार्यक्रम में रामचंद्र पटेल, विक्रम कुंभकार, धर्मेंद्र प्रजापति, नाथूलाल प्रजापति, मांगीलाल रेडवाल, संतोष प्रजापति, कैलाश उस्ताद और जिला अध्यक्ष महेश प्रजापति सहित समाज के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## उज्जैन-गरोठ रोड पर कार दुर्घटना में एक की मौत

**आगर मालवा।** उज्जैन-गरोठ फोरलेन पर रविवार को ग्राम साबनी के पास एक कार बेकाबू होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार सवार सात लोगों में से 60 वर्षीय एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, कार में दीपक पिता राधेश्याम राठौर (48), उनकी पत्नी ललिता (38), जगदीश पिता सिद्धनाथ (60), उनकी पत्नी मनोरमा (52), प्रज्ञा पति दीपक (32) और 13 व 9 वर्ष के दो बच्चे सवार थे। ये सभी उज्जैन जिले के कायथा निवासी बताए गए हैं।

**Presiding Officer: नितिन सोनी**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

**RCS A/0000009/2020)**

**अम्बाराम-----वादी**
**विरूद्ध**
**दुलेसिंह------प्रतिवादी**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांक : 10/08/2026**

**प्रेषिती**

(1) दुलेसिंह पिता तोलाराम भील पता- निवासी गॉव पिप्लिया सोनगरा तहसील नलखेड़ा जिला आगर मालवा मप्र (2) प्रहलाद पिता किशलनलाल पता- निवासी नलखेड़ा जिला आगर मालवा (मप्र)

यह कि प्रार्थी अम्बाराम ने आपके विरुद्ध वाद पारिणामिक सहायता सहित स्वत्व घोषणा, स्थायी निषेधाज्ञा एवं सिलिंग अधिकारी के प्रकरण क्रमांक 9 अ 90 व 6/88-89 पत्र को निरस्त करने बाबद के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 23 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(नीतिन सोनी)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड के**
**अतिरिक्त न्यायाधीश नलखेड़ा, जिला आगर-मालवा (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मनीष पाटीदार (MANISH PATIDAR पिता (PREMNARAYAN PATIDAR) प्रेमनारायण पाटीदार जाति कुल्मी, निवासी थावर जी बा की सेरी, ग्राम अभयपुर, पोस्ट अभयपुर, जिला शाजापुर, मध्य प्रदेश 465001, पूर्व में मेरा नाम मनीष (MANISH) था। चूँकि अब मेरा नाम मनीष पाटीदार (MANISH PATIDAR) हो चुका है। अतः मेरे सभी शासकीय, अशासकीय एवं अन्य अभिलेखों में भविष्य में मेरा नाम मनीष पाटीदार (MANISH PATIDAR) ही लिखा एवं जाना जाए।

**मनीष पाटीदार पिता प्रेमनारायण पाटीदार, जाति- कुल्मी, निवासी- थावर जी बा की सेरी, ग्राम अभयपुर, पोस्ट अभयपुर, जिला शाजापुर, मध्य प्रदेश- 465001, मो.: 9713097605**

**परिशिष्ट B - संख्यांक 2**
**सिविल कोर्ट पेटलावाद जिला झाबुआ**
**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो (कनिष्ठ खण्ड), पेटलावद झाबुआ**

**आरसीएस ए/1/2025**
**कामेरी बाई पति वालिया चौहान चर्मकार बनाम रमेश पिता स्व. दयाराम चौहान चर्मकार**

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए समन** **NEXT DATE: 20-08-2026**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**प्रेषिती-**

भागवंताबाई (जिसे समन करना है 1/2 स्व० मांगीया चौहान चर्मकार सुरजबाबु व कमला बाबु की खदान मक्सी रोड जिला उज्जैन, UJJAIN, MADHYA PRADESH

कामेरी बाई पति वालिया चौहान चर्मकार ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 20-08-2026 को 10:30 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान् प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यह आज तारीख 20-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**श्री प्रियम कुमार सक्सेना व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो (कनिष्ठ खण्ड) पेटलावद, जिला झाबुआ (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दें** 1. यदि आपको यह आशंका है कि आपके साक्षी अपनी मर्जी से हाजिर नहीं होंगे तो आप किसी साक्षी को हाजिर होने के लिए विवश करने के लिए और ऐसी कोई दस्तावेज पेश करने के लिए, जिसे पेश करने के लिए साक्षी से अपेक्षा करने का आपको अधिकार है, समन इस न्यायालय से आवेदन करके और आवश्यक व्ययों की रकम जमा करके ले सकते है।
2. यदि आप दावे को स्वीकार करते हैं तो आपको चाहिए कि वाद के खर्चे के साथ उस दावे का धन न्यायालय में जमा कर दें जिससे कि डिक्री का निष्पादन स्वयं आपके या आपकी सम्पत्ति या दोनों के विरूद्ध न करना पड़े।
3. नोट यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय को अवकाश पर होगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा ।

**परिशिष्ट B - संख्यांक 2**
**सिविल कोर्ट पेटलावाद जिला झाबुआ**
**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो (कनिष्ठ खण्ड), पेटलावद झाबुआ**

**आरसीएस ए/1/2025**
**कामेरी बाई पति वालिया चौहान चर्मकार बनाम रमेश पिता स्व. दयाराम चौहान चर्मकार**

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए समन** **NEXT DATE: 20-08-2026**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**प्रेषिती-**

शकुंतला बाडू (जिसे समन करना है 1/2 स्व० बद्रीलाल चौहान चर्मकार सुरजबाबु व कमलाबाबु की खदान मक्सी रोड जिला उज्जेन, UJJAIN, MADHYA PRADESH

कामेरी बाई पति वालिया चौहान चर्मकार ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 20-08-2026 को 10:30 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

यह आज तारीख 20-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**श्री प्रियम कुमार सक्सेना व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो (कनिष्ठ खण्ड) पेटलावद, जिला झाबुआ (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दें** 1. यदि आपको यह आशंका है कि आपके साक्षी अपनी मर्जी से हाजिर नहीं होंगे तो आप किसी साक्षी को हाजिर होने के लिए विवश करने के लिए और ऐसी कोई दस्तावेज पेश करने के लिए, जिसे पेश करने के लिए साक्षी से अपेक्षा करने का आपको अधिकार है, समन इस न्यायालय से आवेदन करके और आवश्यक व्ययों की रकम जमा करके ले सकते है।
2. यदि आप दावे को स्वीकार करते हैं तो आपको चाहिए कि वाद के खर्चे के साथ उस दावे का धन न्यायालय में जमा कर दें जिससे कि डिक्री का निष्पादन स्वयं आपके या आपकी सम्पत्ति या दोनों के विरूद्ध न करना पड़े।
3. नोट यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय को अवकाश पर होगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा ।

**परिशिष्ट B - संख्यांक 2**
**सिविल कोर्ट पेटलावाद जिला झाबुआ**
**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो (कनिष्ठ खण्ड), पेटलावद झाबुआ**

**आरसीएस ए/1/2025**
**कामेरी बाई पति वालिया चौहान चर्मकार बनाम रमेश पिता स्व. दयाराम चौहान चर्मकार**

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए समन** **NEXT DATE: 20-08-2026**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**प्रेषिती-**

नारायण जिसे समन करना है 1/2 मांगीया चौहान चर्मकार मांगीया चौहान चर्मकार सुरजबाबु व कमला बाबु की खदान मक्सी रोड जिला उज्जैन, UJJAIN, MADHYA PRADESH

कामेरी बाई पति वालिया चौहान चर्मकार ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 20-08-2026 को 10:30 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

यह आज तारीख 20-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**श्री प्रियम कुमार सक्सेना व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो (कनिष्ठ खण्ड) पेटलावद, जिला झाबुआ (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दें** 1. यदि आपको यह आशंका है कि आपके साक्षी अपनी मर्जी से हाजिर नहीं होंगे तो आप किसी साक्षी को हाजिर होने के लिए विवश करने के लिए और ऐसी कोई दस्तावेज पेश करने के लिए, जिसे पेश करने के लिए साक्षी से अपेक्षा करने का आपको अधिकार है, समन इस न्यायालय से आवेदन करके और आवश्यक व्ययों की रकम जमा करके ले सकते है।
2. यदि आप दावे को स्वीकार करते हैं तो आपको चाहिए कि वाद के खर्चे के साथ उस दावे का धन न्यायालय में जमा कर दें जिससे कि डिक्री का निष्पादन स्वयं आपके या आपकी सम्पत्ति या दोनों के विरूद्ध न करना पड़े।
3. नोट यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय को अवकाश पर होगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा ।

# कारगिल शहीदों को दी श्रद्धांजलि, तिरंगा लेकर किया पैदल मार्च

दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर

कारगिल विजय दिवस पर रविवार सुबह जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर क्रीड़ा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, इको क्लब एवं भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में देशभक्ति रैली और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार रहे।

सुबह सात बजे मंत्री परमार ने मंडी टेम्पो चौराहे से देशभक्ति रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद वे स्वयं हाथ में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों, एनसीसी,एनएसएस स्वयंसेवकों,



खिलाड़ियों, भूतपूर्व सैनिकों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ बस स्टैंड होते हुए महाविद्यालय परिसर तक पैदल मार्च में शामिल हुए। पूरे मार्ग में भारत माता की जय, श्वंदे मातरम् और अमर शहीद अमर रहें के नारों से वातावरण गूंज उठा। महाविद्यालय पहुंचने पर अतिथियों का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। अटल भवन के सामने दीप प्रज्ज्वलन के बाद कारगिल के अमर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

**राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने का आह्वान**

मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों ने विषम परिस्थितियों में भी अदम्य साहस का परिचय देते हुए राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, स्वदेशी उत्पाद अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। साथ ही महाविद्यालय की खेल गतिविधियों और अनुशासन आधारित प्रशिक्षण की सराहना की।

**एनसीसी कैडेट्स की पोस्टर प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र**- कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल विजय दिवस की थीम पर पोस्टर प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के साहस, बलिदान और राष्ट्रप्रेम को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। मंत्री परमार ने पोस्टरों का अवलोकन कर कैडेट्स की रचनात्मकता की प्रशंसा की। बाद में भूतपूर्व सैनिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संकल्प लिया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में मंत्री परमार ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## बीजेपी नेता पर प्रयागराज में हमला, गाड़ी के शीशे तोड़े

**रीवा।** रीवा बीजेपी किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रशांत पाठक पर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हमला हो गया। पाठक का कहना है कि जंतर-मंतर आंदोलन के समर्थकों ने उनकी गाडी पर बीजेपी का झंडा लगा देखकर घेर लिया। 'बीजेपी वाला है, इसे मारो' कहते हुए वे लोग पाठक की गाडी पर टूट पडे। गाडी के कांच फोड दिए, पार्टी का झंडा निकालकर फेंक दिया। पाठक के मुताबिक, भीड ने गाडी का दरवाजा तोडकर उन्हें बाहर खींचने की कोशिश की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद ड्राइवर मौके से गाडी निकाल सका। घटना प्रयागराज के सुभाष चौराहे पर शनिवार की है। इसका वीडियो भी सामने आया है।रीवा के चाकघाट निवासी प्रशांत पाठक ने प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

## टोल प्लाजा पर भाजपा नेताओं का हंगामा

**छतरपुर।** छतरपुर के भाजपा नेताओं और टोल प्लाजा कर्मचारियों के बीच झांसी-मऊरानीपुर मार्ग स्थित लुहारी टोल प्लाजा पर टोल टैक्स को लेकर जमकर विवाद हो गया। शनिवार (25 जुलाई) को हुए इस घटनाक्रम का वीडियो रविवार (26 जुलाई) को सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें पूर्व सांसद प्रतिनिधि संजू बरसैंया सहित कई भाजपा नेता टोल कर्मचारियों से बहस करते दिखाई दे रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भाजपा नेताओं ने टोल शुल्क से छूट देने की मांग की। इस दौरान पूर्व सांसद प्रतिनिधि संजू बरसैंया ने खुद को केंद्रीय मंत्री और सांसद वीरेंद्र कुमार का सांसद प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि वे केंद्रीय मंत्री को झांसी रेलवे स्टेशन छोड़कर लौट रहे हैं और संबंधित वाहन उसी उद्देश्य से उपयोग किया गया है। बिना निर्धारित शुल्क लिए वाहन को आगे बढ़ाने से साफ इनकार कर दिया।

## पांचना बांध विवाद के चलते की चोरी, 2 गिरफ्तार

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के ऐतिहासिक नरवर किले से चोरी हुई सिंधिया रियासत की करीब 400 साल पुरानी और साढ़े तीन टन वजनी ऐतिहासिक तोप मामले में रविवार को राजस्थान के करौली जिले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने दावा किया कि पांचना बांध विवाद में विरोधी पक्ष पर दबदबा बनाने के लिए तोप चोरी की योजना बनाई गई थी। हालांकि पुलिस इस एंगल की जांच कर रही है। चोरी में इस्तेमाल महिंद्रा बोलेरो पिकअप भी जब्त कर ली गई है, लेकिन ऐतिहासिक तोप अभी तक बरामद नहीं हो सकी है। इससे पहले आरोपी टिम्मूराम मीणा का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें उसने तोप चोरी की बात कबूल की थी। टिम्मूराम के मुताबिक राजस्थान के करौली जिले में स्थित पांचना बांध को लेकर पिछले करीब 20 वर्षों से मीणा और गुर्जर समाज के बीच पानी के बंटवारे का विवाद चला आ रहा है। मीणा समाज की मांग है कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार बांध से नहरों में पानी छोड़ा जाए, ताकि सवाई माधोपुर और कमांड एरिया के किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके।

## राष्ट्रपति भवन पहुंचा बैतूल की महिला का मामला

**बैतूल।** राष्ट्रपति भवन के हस्तक्षेप के बाद बैतूल की एक आदिवासी महिला को अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र लगभग दो साल बाद रविवार को प्राप्त हुआ है। इस दस्तावेज के अभाव में महिला सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रही थी। यह मामला राष्ट्रपति भवन से असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा तक पहुंचा था। आमला तहसील के ग्राम भयावाड़ी निवासी कलसिया उइके के पति धनसू उइके वर्ष 2023 में मजदूरी के लिए असम गए थे। 9 अक्टूबर 2023 को डिब्रूगढ़ जिले के लेगोटिया क्षेत्र में नदी में डूबने से उनकी मृत्यु हो गई थी। उनका अंतिम संस्कार भी असम में ही किया गया, लेकिन मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न होने के कारण परिवार को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।महिला ने मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। इसके बाद आमला के भाजपा कार्यकर्ता शफी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर इस मामले से अवगत कराया। राष्ट्रपति सचिवालय ने इस शिकायत को असम सरकार को भेजा।

## चानू ने दिलाया भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स का पहला गोल्ड

**नई दिल्ली।** मीराबाई चानू ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत को पहला गोल्ड मेडल दिला दिया है। उन्होंने विमेंस 48 किलो वेटलिफ्टिंग कॉम्पटीशन में 190 (85 किलो स्नैच + 105 ङ्मद्द क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर कॉमनवेल्थ गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड अपने नाम किया। भारत के अब 3 मेडल (1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज) हो गए हैं। इससे पहले रविवार को ऋषिकांत सिंह ने मेंस 60 में 264 ङ्मद्द (121+143) वजन उठाकर सिल्वर मेडल जीता था। वहीं, शुक्रवार को झंडू कुमार ने पैरा पावरलिफ्टिंग में ब्रॉन्ज दिलाकर भारत को पहला मेडल दिलाया था।भारत अब मेडल टैली में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया 12 गोल्ड सहित 24 मेडल के साथ टॉप पर बना हुआ है।

## आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर

**सतना।** मध्यप्रदेश के चित्रकूट में एक छात्रा से गैंगरेप के आरोपी जितेंद्र उर्फ भोला को पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। दोनों को शिवरामपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। यह मुठभेड़ शनिवार शाम करीब 5 बजे यूपी के चित्रकूट में भरकूप थाना क्षेत्र के मड़था के जंगल में हुई। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी जितेंद्र की लोकेशन जंगल में मिलने के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी की। आरोपी ने पुलिस पर दो तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी।

# गौवंश संरक्षण में लापरवाही पर कलेक्टर की सख्त कार्रवाई

**राजगढ़-ब्यावरा।** जिले में गौवंश संरक्षण एवं गौशालाओं के प्रभावी संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गौशालाओं में गौवंश के सत्यापन में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर संबंधित पशु चिकित्सकों के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने गलत सत्यापन के लिए उत्तरदायी पाए गए पांच पशु चिकित्सा अधिकारियों की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की अनुशंसा आयुक्त, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश को प्रेषित की है।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले की गौशालाओं में संरक्षित गौवंश का भौतिक सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान पशु चिकित्सकों द्वारा प्रमाणित गौवंश की संख्या एवं प्रशासन द्वारा कराए गए पुन: सत्यापन में कई गौशालाओं में गौवंश की वास्तविक संख्या कम पाई गई। इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

जांच में डॉ. तीरथराज कुलस्ते, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, जीरापुर द्वारा सत्यापित 7 गौशालाओं, डॉ. अमित शाक्य, सारंगपुर द्वारा सत्यापित 3 गौशालाओं, डॉ. अनीता पंवार, सुठालिया द्वारा सत्यापित 3 गौशालाओं, डॉ. विनोद यादव, माचलपुर मलावर क्षेत्र द्वारा सत्यापित 12 गौशालाओं तथा डॉ. मधुसूदन शाक्य, खिलचीपुर द्वारा सत्यापित 1 गौशाला में गौवंश की संख्या में अंतर पाया गया। संबंधित अधिकारियों से कारण बताओ सूचना-पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण प्राप्त किया गया, किंतु उनके उत्तर संतोषजनक नहीं पाए गए। इसके उपरांत कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की अनुशंसा आयुक्त को प्रेषित की है। कलेक्टर ने कहा कि गौवंश संरक्षण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। गौशालाओं में संरक्षित प्रत्येक गौवंश की सुरक्षा, समुचित देखभाल एवं सही अभिलेख संधारण सुनिश्चित करना संबंधित अधिकारियों का दायित्व है।

गौवंश की संख्या के सत्यापन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, तथ्य छिपाने अथवा गलत जानकारी प्रस्तुत करने को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गौशालाओं का नियमित एवं पारदर्शी भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा शासन को भेजी जाने वाली प्रत्येक जानकारी पूर्णत: तथ्यात्मक एवं प्रमाणिक हो। भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि गौवंश केवल संरक्षण का विषय नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक आस्था, संवेदना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। निराश्रित गौवंश की सुरक्षा, पोषण एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## फूलमाली उत्थान समिति की बैठक आयोजित की गई



दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर

फूलमाली सोशल ग्रुप जिला शाजापुर एवं फूलमाली सोशल उत्थान समिति की बैठक रविवार को शुजालपुर स्थित विश्राम गृह में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 16 अगस्त को कालापीपल के स्नेह गार्डन में आयोजित होने वाले द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। सर्वसम्मति से समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी कमल पुष्पद शुजालपुर को समारोह अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं ओमप्रकाश पुष्पक किला शुजालपुर को फूलमाली सोशल उत्थान समिति शुजालपुर नगर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में तय किया गया कि समारोह में कक्षा 5वीं एवं 8वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक तथा कक्षा 10वीं, 12वीं और महाविद्यालय स्तर पर 65 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। वर्ष 2025-26 के दौरान शासकीय सेवा में चयनित हुए तथा सेवानिवृत्त समाजबंधुओं को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में समाज की शिक्षा, संगठन और सामाजिक उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक समाजजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संतोष माली बापचा, बंशीलाल पुष्पद शुजालपुर, किशनलाल बागवान खमलाय, दिनेश पुष्पद, सत्यनारायण पुष्पद बापचा, बुलाकीलाल रनायल, सुन्दरलाल बागवान खमलाय, हरिओम बागवान, रूपसिंह बागवान, राधेश्याम, संजय बागवान बेरछा, संतोष पुष्पद, सतीश पुष्पद कालापीपल, हेमंत पुष्पद, रामस्वरूप पुष्पद एवं राजू पुष्पद शुजालपुर सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ की बैठक आयोजित




**बीनागंज।** सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ की चाचौड़ा तहसील की बैठक पीएम श्री कन्या मिडिल स्कूल बीनागंज के सभा भवन में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला गुना के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के जिला अध्यक्ष रविप्रकाश व्यास उपस्थित रहे। संघ के चाचौड़ा तहसील अध्यक्ष गोकुल प्रसाद बढ़ाई ने अतिथियों का परिचय देते हुए संघ की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला तहसील सचिव कृष्ण गोपाल पालीवाल ने उक्त बैठक का संचालन किया।

बैठक का शुभारंभ दत्तोपंत ठेंगड़ी जी, मां भारती, एवं संघ के आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा की पूजन के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का अंगवस्त्रों द्वारा जोरदार स्वागत हुआ। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने, समयमान वेतनमान, अर्जित अवकाश भुगतान पर आ रही समस्याओं के निवारण हेतु विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर दो नए सदस्य प्रेमनारायण लोधा, भानुप्रताप बेस ने संघ की आजीवन सदस्यता ली! इस अवसर पर अशोक शर्मा, सत्यनारायण टेलर, रामचरण अहिरवार, सत्यनारायण प्रजापति, शिवराज सिंह जादौन, दामोदर अहिरवार, श्याम सुंदर शर्मा, अमृतलाल विश्वकर्मा, कन्हैयालाल अहिरवार, हरिसिंह कर्णधार, जयप्रकाश शर्मा,, मांगीलाल सेन, पुखराज मीना सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के कार्यकर्ता मौजूद थे। अंत में शिवराज सिंह जादौन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में 115 मरीजों की जांच

**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर की शुजालपुर शाखा द्वारा पटेल राधाकृष्ण शिक्षण समिति के संयोजक गोविंद मेवाड़ा एवं सरपंच अंबाराम मेवाड़ा के सहयोग से ग्राम धौलपुर के हनुमान मंदिर परिसर में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 115 मरीजों की आंखों की जांच की गई। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. जसवंत यादव ने मरीजों का परीक्षण कर 12 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया। वहीं 15 मरीजों को चश्मा पहनने तथा नियमित रूप से आंखों की जांच कराते रहने की सलाह दी गई। शिविर के दौरान एक पेड़ मां के नाम: अभियान के तहत मंदिर परिसर में बेलपत्र का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। सेवा सदन के जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य एवं हरिनारायण परमार का विशेष सहयोग रहा।

## उपयंत्री दीपक किरार बने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी

**गुना।** नगर पालिका परिषद, गुना द्वारा स्वच्छता व्यवस्था के सुचारु संचालन एवं प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से कार्यालयीन आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशों के तहत उपयंत्री दीपक किरार को नगर पालिका परिषद, गुना में पदस्थ किया गया।

## एक पेड़ मां के नाम, अभियान में किया पौधरोपण

**शुजालपुर।** सामाजिक संस्था भारतीय जैन संगठना ने रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के दौरान सदस्यों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष साशा जैन, जिला अध्यक्ष ग्रीष्मा शाह, अध्यक्ष मीना चौधरी, उपाध्यक्ष तेजकिरण जैन, सचिव बबीता चोपड़ा, कोषाध्यक्ष रूपल शाह, विनीता जैन सहित संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। समाजसेवी शैलजा देशमुख और वीणा गोयल ने भी पौधरोपण में सहभागिता की।

# आरोन में बस स्टैंड पर चला विशेष नशामुक्ति अभियान




**आरोन।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे 2.0 नशा मुक्ति अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक हितिका बांसल के दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के तहत रविवार आरोन थाना प्रभारी टीआई रविन्द्र सिकरबार की उपस्थिति में आरोन थाना क्षेत्र में विशेष नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के बीच कस्बे में कुछ मादक पदार्थ बेचने की वीडियो सामने आई हैं।

इसी कड़ी में रविवार आरोन बस स्टैंड परिसर में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। पुलिसकर्मियों ने लोगों से अपील की है कि वे नशे से दूर रहकर स्वस्थ और अनुशासित जीवन जीएं। साथ ही युवाओं को खेल, शिक्षा और समाज सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के दौरान रामकुमार रघुवंशी, जितेंद्र गुर्जर, अशोक सिंह एवं दीपक रघुवंशी द्वारा विशेष रूप से लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को खराब करता है बल्कि परिवार और समाज को भी तोड़ता है।

इस अवसर पर टीआई रविन्द्र सिकरबार ने कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक हितिका बांसल के मार्गदर्शन में आरोन को नशा मुक्त बनाने के लिए लगातार स्कूल, कॉलेज, बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। पुलिस ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**साधारण सभा**

एतद द्वारा प्रज्ञा सागर समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि प्रज्ञा सागर शिक्षण समिति एव जनजागरण संस्था समिति पंजीयन क्रमांक-07/33/01/07901/09 की अध्यक्ष शर्मिला जैन पति ऋषभ जैन निवासी-बी-232 विवेकानंद कॉलोनी शास्त्री नगर मैदान के सामने उज्जैन द्वारा समिति सदस्यों का सर्वसाधारण सम्मेलन/स्नेह बैठक का विचार विमर्श हेतु दिनांक 30/07/2026 को प्रात: 11 बजे बी-232 विवेकानंद कॉलोनी शास्त्री नगर मैदान के सामने उज्जैन पर आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी स्नेहजन सदस्य आमंत्रित है। इति दिनांक 26/07/2026 स्थान उज्जैन

**अध्यक्ष शर्मिला जैन पति ऋषभ जैन**
**निवासी-बी- 232 विवेकानंद कॉलोनी शास्त्री नगर मैदान के सामने उज्जैन म.प्र.**
**मो. 94066-60373**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेसर्स मारुति कंस्ट्रक्शन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम हामुखे?ी तहसील व जिला उज्जैन पर निर्मित विकसीत कालोनी मारुति एवेन्यू के नाम से है। उक्त कॉलोनी के सभी मूखंड धारकों को सूचित किया जाता है कि मारुति एवेन्यू के भूखंड की रजिस्ट्री 31 मार्च 2025 तक करना अनिवार्य था सभी 1 साल का गेन टैक्स एवं मेंटेनेंस चार्ज देकर 31 मार्च 2026 तक रजिस्ट्री न करने पर आपके भूखंड निरस्त कर दिए जाएंगे तथा बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति, वाद विवाद आदि मान्य नहीं कि जावेगी। दिनांक 20/02/2026

**श्याम गुप्ता एडवोकेट**
**आफिस क्रमांक सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मो. 99264 66157**

## न्यूज-कॉलम

### रामद्वारा में गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई को मनेगा

**मन्दसौर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री रामद्वारा निर्भय भवन रामटेकरी पर गुरु पूर्णिमा का पर्व 29 जुलाई को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय संत स्वामी श्रीराम निवास जी महाराज के पावन सानिध्य में प्रातः 7 बजे से गुरुवाणी पूजन, आरती एवं भजनों का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। संचालिका ज्योतिषज्ञ लाडकुंवर दीदी ने बताया कि सुबह से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो जाएगा। दिनभर गुरु पाद पूजन, गुरुवाणी पाठ और भजनों के उपरांत शाम 4 बजे आरती होगी। इसके बाद स्वामी जी के आशीर्वचन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर होगा पादुका पूजन

**मन्दसौर।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर 29 जुलाई गुरुवार को श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर में पादुका पूजन का भव्य आयोजन रखा गया है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रातः 6.30 बजे से 8.30 बजे तक बालाजी महाराज का विशेष पूजन एवं हवन संपन्न होगा। इसके बाद प्रातः 8.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए पादुका पूजन का क्रम चलेगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी एवं समस्त ट्रस्टियों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### जंतर-मंतर के आंदोलन से सरकार ने समझा छात्र शक्ति का महत्व

**मन्दसौर।** शहर के प्रबुद्ध वर्ग द्वारा आयोजित वैचारिक निवेश विमर्श में वक्ताओं ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए छात्र आंदोलन और उस पर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ समाजसेवी गुरुचरण बग्गा ने कहा कि नैतिकता सबसे बड़ी शक्ति है और युवाओं के अस्तित्व को स्वीकारना शुभ संकेत है। पूर्व न्यायाधीश रघुवीर सिंह चुंडावत ने नीट पेपर लीक मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन को ठोस कार्रवाई बताया। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल, शिक्षाविद डॉ. रवींद्र कुमार सोहोनी, ब्रजेश जोशी, योग गुरू सुरेन्द्र जैन एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने देर से ही सही लेकिन सही कदम उठाकर स्थिति को बिगड़ने से संभाला है। सभी ने एक स्वर में कहा कि देश के युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देने के लिए कड़े कानूनों के साथ पारदर्शी क्रियान्वयन और सकारात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

### मेडिकल व्यवसायी संजय राजोरा का निधन

**नीमच ।** जिले के जीरन नगर के मेडीकल दवा व्यवसायी, धार्मिक एवं सेवाभावी संजय राजौरा का शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही जीरन एवं नीमच क्षेत्र में शोक छा गया । स्व, महनलाल राजोरा सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक के सुपत्र, सतीश एवं मनीष राजोरा के बड़े भाई तथा रानू के पिताजी थे। में जीरन नगर में दशकों से संचालित संजय मेडिकल के माध्यम से वर्षों की स्वास्थ्य सेवा से जुड़े रहें। सरल, मिलनसार एवं धार्मिक प्रवृति के कारण उनका समाज में विशेष योगदान रहा । सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में उनकी सक्रिय भागीदारी रहती रहती थी। जिनके निधन से जीवन क्षेत्र में एक रिक्त स्थान प्राप्त हुई है द्य उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास जवाहर नगर, नीमच से रविवार को निकली जिसमें समंजन सहित दवा व्यवसाय में भी सम्मिलित होकर शोक सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए ।

### चौकी प्रभारी रामपाल सिंह राठौड़ पदोन्नत

**नीमच।** जीरन पुलिस थाना के हरकियाखाल चौकी प्रभारी रामपालसिंह राठौड़ को प्रमोशन होने पर एस पी राजेश व्यास जी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल ने स्टार लगाकर पदोन्नति पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए दी एवं निष्ठावान पुलिस अधिकारी रामपाल सिंह के विभागीय कार्य को लेकर प्रशंसा व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य के आशीर्वाद प्रदान किया द्य इस तरह आम जानकी सुरक्षा में बेहतर ढंग से कम कर सेवा और सुरक्षा प्रदान करने वाले जो की प्रभारी के प्रमोशन से सहकर्मियों में प्रसन्नता देखी गई।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाया कारगिल विजय दिवस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वाधान में कारगिल विजय पार्क किटयानी में कारगिल विजय दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पधारे अतिथियों एवं पूर्व सैनिकों द्वारा कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात मंदसौर जिले के चार कारगिल विजेताओं का शाल एवं श्रीफल भेंटकर भावभीना स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने बफीर्ली चोटियों और माइनस डिग्री तापमान में सैनिकों द्वारा हासिल की गई ऐतिहासिक विजय को याद किया। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कारगिल विजय पार्क के विकास में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने जनप्रतिनिधियों से पूर्व सैनिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण और शहीद परिवारों की सुध लेने की अपील की, साथ ही पार्क में जल्द शेड व विजय स्तंभ निर्माण का आग्रह किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, नगर पालिका उपाध्यक्ष नम्रता चावला, 5 एनसीसी बटालियन के सीओ कर्नल सुनील चिकोडे एवं विनय दुबेला ने भी अपने विचार रखते हुए देश सेवा और समाज के प्रति सैनिकों के योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पूर्व सैनिकों का भी अभिनंदन किया गया। संचालन संगठन अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने किया तथा आभार धर्मेंद्र सोनी ने माना। कारगिल विजेता दशरथ सिंह चौहान ने कारगिल युद्ध के संस्मरण साझा किए और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कैप्टन सुरेश परमार, सेवानिवृत्त सूबेदार आर.एस. जांगिड़, दलपत सिंह, मोहन पापोडिया, शंभू गोस्वामी, विजय पुरावत सहित 100 से अधिक पूर्व सैनिक और एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

## पश्चिम रेलवे कारगिल विजय दिवस पर मंडल के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



रेल मंडल रतलाम,देश पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मंडल के विभिन्न स्थानों पर व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडल रेल प्रबंधक रतलाम श्री अश्वनी कुमार के निर्देशानुसार रतलाम मंडल में प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बड़ी संख्या में पौधे लगाए जा रहे हैं।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रतलाम ऑफिसर्स रेलवे कॉलोनी के रोड नंबर-८ पर आयोजित कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार एवं पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन, रतलाम मंडल की अध्यक्षा डॉ. अर्चना शर्मा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर लगभग 50 पौधों का रोपण किया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का का प्रबंध वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय) श्री पीयूष पाण्डेय द्वारा किया गया।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री कुमार ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया। इसी क्रम में बिनजाना स्टेशन रेलवे कॉलोनी में देवास एवं बिनजाना स्टेशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से २५० से अधिक पौधे लगाए गए । इस अभियान में परिचालन, इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार, रेलवे सुरक्षा बल तथा सिविल डिफेंस सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में स्टेशन स्टाफ के परिवारजन एवं बच्चों की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही। सभी उपस्थितजनों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## घर मे हुई चोरी का आरोपी गिरफ्तार, चोरी गया मश्रुका बरामद



**मन्दसौर।** शहर थाना कोतवाली पुलिस ने 500 क्वार्टर टिगरिया अभिनंदन नगर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया सामान बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई की सुबह फरियादी हर्ष पिता मुकेश धानक, निवासी 500 क्वार्टर टिगरिया अभिनंदन नगर, मंदसौर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उसके घर से एप्पल कंपनी का एयरबड्र्स, एक पावर बैंक, एक चांदी की अंगूठी, एक चांदी का सिक्का और 800 रुपये नकद कुल कीमती 25,800 रुपये चुराकर ले गया है। इस शिकायत पर पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। तकनीकी जानकारी और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि इस घटना को अंजाम देने वाला आरोपी जुबेर हुसेन (27) पिता मो. हुसैन निवासी 500 क्वार्टर टिगरिया अभिनंदन नगर, मंदसौर है। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को अपनी अभिरक्षा में लिया और वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए उसके कब्जे से चोरी गया शत-प्रतिशत मश्रुका जप्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी जुबेर हुसेन के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर धाराओं, आर्म्स एक्ट और महिलाओं से संबंधित कुल 6 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## संत श्री विरल विजयजी एवं साध्वी श्री शीलमालाश्रीजी का हुआ मंगल प्रवेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर।

नाकोड़ा तीर्थ उद्धारक प.पू. जैन संत श्री हिमाचल सूरिश्वरजी महाराज के शिष्य प.पू. श्री विरल विजयजी म.सा. आदि ठाणा 2 तथा साध्वी श्री शीलमालाश्रीजी एवं श्री रत्नमालाश्रीजी महाराज सा. का वर्षायोग हेतु आराधना भवन नईआबादी में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर आराधना भवन जैन श्रीसंघ नईआबादी के तत्वाधान में चल समारोह निकाला गया। संजय गांधी उद्यान से प्रारंभ हुआ यह जुलूस शहर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ नईआबादी स्थित श्री सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर (आराधना भवन) पहुंचा। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर गहुली कर संतों का भावभीना स्वागत किया गया। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने नपा सभापति निलेश जैन के निवास पर संत श्री की अगवानी कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रवेश पश्चात आयोजित धर्मसभा एवं साधर्मी स्वामीवात्सल्य में राजस्थान, गुजरात सहित विभिन्न प्रांतों से आए लगभग 500 से अधिक गुरुभक्तों और स्थानीय श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में ट्रस्ट अध्यक्ष दिलीप रांका, श्रीसंघ अध्यक्ष महेश जैन तहलका, सचिव निलेश बम्बोरिया, सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटेवाला, नवरत्न परिवार के अनिल जैन फ्लायकिंग, धीरज रांका, पूर्व अध्यक्ष कमल कोठारी, प्रेमेन्द्र चोरड़िया, विरेन्द्र भण्डारी, डॉ. सरदारमल धाकड़, अमित छिंगावत आदि समाजजन उपस्थित रहे।

# महापौर प्रहलाद पटेल ने पूर्व सैनिकों से साथ मनाया कारगिल विजय दिवस

### भारत माता के चित्र पर किया माल्यार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

महापौर प्रहलाद पटेल ने 26 जुलाई 2026 को कारगिल विजय दिवस विनोबा नगर स्थित कारगिल उद्यान में क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती धीरजकुवंर राठौर, नव नियुक्त एल्डरमेन नारायण सांकला, पार्षद प्रतिनिधि किशोरसिंह राठौर, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल हरमीत सिंह, 21 एम.पी. एन.सी.सी. बटालियन के कमाण्डिग आफिसर कर्नल राघवेन्द्र सिंह व पूर्व सैनिकों के साथ हर्षोल्लास से मनाया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर की तत पश्चात संगठन गीत हम भारत के पुर्व सैनिक नई प्रेरणा लाये है का गान किया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रांतीय सचिव नायब सुबेदार सुरेन्द्रसिंह वाघेला ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला व पुष्प गुच्छ से किया।

अतिथीयों का स्वागत अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला ईकाई रतलाम के वरिष्ठ सैनिक प्रान्तीय सचिव नायब सुबेदार सुरेन्द्र सिंह वाघेला, अध्यक्ष हवलदार विक्रम वाघेला, नायब सुबेदार ईश्वर सिंह राठौर, सुबेदार मेजर तुलसीराम वर्मा सुबेदार मेजर महेन्द्र सिंह गोहिल ने किया। महिला अतिथीयों का स्वागत सैन्य मातृशक्ती की सदस्या श्रीमती निशा जी वाघेला, श्रीमती मिथिलेश जी राठौर एवं श्रीमती पुष्पेन्द्र सिसौदिया व्दारा किया गया। तत्पश्चात सभी ने मिलकर पूर्व सैनिक संगठन गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद अतिथीयों, पूर्व सैनिकों, सैन्य मातृशक्ती की सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों व्दारा कारगिल आपरेशन में शहीद हुए शहीदों को पुष्पाजंली अर्पित की गई।

मुख्य अतिथि महापौर श्री प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें सिखाता है कि देश की रक्षा सबसे बड़ा धर्म है. हमें अपने सैनिकों के त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए. हमें उनके संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने देश के लिए हमेशा कुछ अच्छा करने का संकल्प लेना चाहिए।

## खिमला में बारिश से बचने टैंकर के नीचे बैठे युवक की कुचलने से मौत

**नीमच ।** जिले के रामपुरा थाना क्षेत्र स्थित खिमला पावर प्रोजेक्ट प्लांट परिसर में एक दर्दनाक हादसे में 27 वर्षीय मजदूर की टैंकर से कुचलकर मौत हो गई। इस घटना के समय तेज बारिश से बचने के लिए मजदूर पानी के टैंकर के नीचे बैठा था और चालक ने बिना नीचे देखे वाहने आगे बढ़ा दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अलीउल्फ रहमान निवासी मेहर विश्वास टोला, पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह खिमला प्लांट में ड्रिलिंग मशीन हेल्पर के रूप में कार्य करता था द्य जो 12 दिन पहले ही काम पर आया था। घटना के दौरान अचानक बारिश शुरू होने पर अलीउल्फ पास खड़े पानी के टैंकर के नीचे बैठ गया। इसी बीच टैंकर चालक ने बिना टैंकर के नीचे देखें कि कोई व्यक्ति है या नहीं, वाहन आगे बढ़ा दिया। टैंकर का पहिया सीधे अलीउल्फ केके ऊपर से गुजर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद साथी मजदूरों और प्लांट प्रबंधन द्वारा घायल को तुरंत कनावटी स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पीएम करवाकर परिजनों को सौंपाा।

## माणकचौक पुलिस ने मकान के अंदर जुँआ खेलने वालो को किया गिरफ्तार

**रतलाम।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध रुप से संचालित गतिविधि जुआं/सट्टा से संबंधित गतिविधियों की रोकथाम एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु लगातार निर्देश दिये जा रहे है जो निदेशो के पालन में, अति.पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विवेक कुमार एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्री राकेश पंद्रो व नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी माणकचौक निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान के नेतृत्व में थाने की विशेष टीम द्वारा जुँए की सूचना मिलने पर एक मकान के अंदर दबीश देकर ताश पत्ती से जुँआ खेलते हुए सात व्यक्तियो पर मध्यप्रदेश पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट के अंदर कार्यवाही की गई है एवं सभी 7 आरोपीयो को गिरफ्तार किया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में

## शास. महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया मंडी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात कारगिल युद्ध के वीर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मुख्य वक्ता एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी.सी. बोरीवाल ने कारगिल विजय के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय सेना का शौर्य, साहस और राष्ट्रभक्ति प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ. चंद्रकला चौहान ने अपने उद्बोधन में शहीदों के त्याग और बलिदान को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताते हुए युवाओं से देशहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। प्रो. आर.एस. कटारा ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अदम्य साहस एवं देशभक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके बलिदान के कारण ही आज देश सुरक्षित है। प्रो. दीपिका ने विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया, वहीं प्रो. गोविंद तवर ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा शहीदों के आदर्शों का अनुसरण करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. प्रीति गिरवाल, प्रो. रितु शर्मा, प्रो. प्रेरणा शर्मा, प्रो. अमित निमा, सुश्री कल्पना देवड़ा, विजय शर्मा, तनिष्का चौधरी, मनोजेंद्र शर्मा सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रभारी एवं मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कन्हैया लाल लोहार ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## न्यूज कालम



### कॉफी विथ सेलिब्रिटी कार्यक्रम में योग गुरु सुरेंद्र जैन ने दिए सेहत के मंत्र

**मंदसौर।** लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड द्वारा आयोजित च्कॉफी विथ सेलिब्रिटीज् श्रृंखला का पहला कार्यक्रम प्रेरणादायक रहा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध योग गुरु सुरेंद्र जैन थे, जिन्होंने उपस्थित सदस्यों के साथ योग, मानसिक स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली पर अपने 20 वर्षों के समृद्ध अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम की शुरूआत लायंस गोल्ड अध्यक्ष मनोज मित्तल के स्वागत संबोधन से हुई, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन एमजेएफ विजय पलोड़ ने अतिथि का परिचय कराया और स्वास्थ्य संबंधी संवाद को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन एवं योग संस्था उपाध्यक्ष जितेश फरक्या भी विशेष रूप से मौजूद रहे। संवाद के दौरान योग गुरु सुरेंद्र जैन ने बताया कि आज की तनावपूर्ण और भागदौड़ भरी जिंदगी में प्राणायाम, ध्यान और नियमित योगाभ्यास की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। सही ढंग से श्वास-प्रश्वास की क्रिया करने पर ही योग का पूर्ण लाभ मिलता है। शंकर शॉपिंग स्टोर द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में लायन सुरेश सोमानी, लायन दिनेश बाबानी, लायन सुदीप दास, विनोद उकावत, नरेश पाटनी एवं मनोज सेवानी आदि उपस्थित थे।

### वैष्णव बैरागी समाज छात्रावास के अध्यक्ष नरेन्द्र बैरागी नियुक्त




**मन्दसौर।** श्री वैष्णव बैरागी समाज छात्रावास की महत्वपूर्ण बैठक निवर्तमान अध्यक्ष श्री बंशीदास की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ ट्रस्टियों के सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से श्री नरेन्द्र बैरागी (आंतरी माताजी) को छात्रावास का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अपने प्रथम संबोधन में नवनियुक्त अध्यक्ष ने छात्रावास को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसके नव-निर्माण और विकास का प्रस्ताव रखा। उन्होंने समाजहित में पारदर्शिता और एकजुटता के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इसके साथ ही बैठक में आगामी 21 अगस्त को मंदसौर में आयोजित होने वाली च्सर्व समाज सनातन पुजारी न्याय यात्राज् में अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया गया।

### बारिश के बीच भी जारी रहा शिवना शुद्धिकरण अभियान

**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान रविवार को 135वें दिन भी पूरे उत्साह के साथ जारी रहा। हल्की बारिश के बावजूद श्रमदानियों का जोश कम नहीं हुआ और सभी ने पूरे समर्पण के साथ श्रमदान करते हुए नदी में बहकर आए जलकुंभी, प्लास्टिक कचरे तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाया। अभियान के दौरान नदी से एक ट्रॉली कचरा बाहर निकाला गया। श्रमदान के दौरान भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के समीप छोटी पुलिया के घाटों के आसपास फैले कचरे की व्यापक सफाई की गई। साथ ही नदी किनारे उगी झाड़ियों की कटाई कर क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया गया। इस अवसर पर विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी प्रदूषण मुक्त होगी, बिल्कुल होगी । उन्होंने कहा कि यह केवल सफाई अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण का संकल्प है। इस दौरान समाजसेवी रमेश सोनी, हेमराज खाबिया, बालकृष्ण दवे, शांतिलाल मेमावत, कैलाश कुमावत, गणेशराम मालवीय, ईश्वरलाल मालवीय, रामप्रसाद मालवीय, महिला नेत्री रफत पयामी, इष्टा भाचावत, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, खलील खान पठान, संजय नाहर, अजय सोनी, महेश गुप्ता, रमेश कोठारी आदि उपस्थित रहे।

### सांदीपनि विद्यालय बिरमावल वबड़ावदा में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया



**रतलाम ।** सांदीपनि विद्यालय बिरमावल एवं बड़ावदा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सांदीपनि विद्यालय बिरमावल के लोकार्पण अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इसके साथ ही विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में बच्चों की सिकल सेल एनीमिया, हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई। सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़ावदा में नेत्र परीक्षण शिविर के दौरान कुल 588 विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 70 विद्यार्थियों में दृष्टि दोष पाया गया, जिनका आवश्यक उपचार किया गया।

### गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिवा ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को जिले के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की विशेष स्वास्थ्य जांच की जाती है। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिंगनोद में चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक शर्मा द्वारा 85 गर्भवती महिलाओं की गर्भावस्था संबंधी चिकित्सीय जांच की गई।

## नगर पालिका ने किया पौधारोपण

**महिदपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के तहत गुरुवार को वार्ड क्रमांक 2, यशवंत मार्ग पर पौधारोपण किया गया। इस दौरान लोगों के घरों के सामने पौधे लगाकर उन्हें उनकी देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर पालिका के अनुसार अब तक शहर में 1000 से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नानीबाई ओमप्रकाश माली सहित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## अमृत हरित अभियान के तहत हुआ वृहद पौधारोपण

**महिदपुर।** नगर पालिका परिषद महिदपुर द्वारा अमृत हरित अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगर के मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर छायादार और फलदार पौधों का वृहद पौधारोपण किया गया। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया तथा नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने की अपील की। साथ ही ₹सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ₹ अभियान के तहत स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार हरित महिदपुर के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## अस्पताल के 11 रोकस कर्मचारियों को सेवा मुक्ति की सूचना

**सुसनेर।** सिविल अस्पताल में कार्यरत रोगी कल्याण समिति (रोकस) के 11 कर्मचारियों को पद से पृथक किए जाने संबंधी सूचना पत्र जारी होने के बाद कर्मचारियों में चिंता का माहौल है। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, मध्यप्रदेश के वर्ष 2019 के निर्देशों के तहत भविष्य में रोकस कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कार्य लिया जाना प्रस्तावित है। जिला स्तर से निर्देश प्राप्त होने के बाद आगामी महीनों में यह कार्रवाई की जा सकती है। जिसकी एक माह पूर्व सूचना कर्मचारियों को दी गई है।

## सीमाएं पर जवान हर विषम परिस्थिति में अडिग

**सारंगपुर।** नगर के निजी विद्यालय श्री सत्य साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कारगिल विजय दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, अपार सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में गरिमामय तरीके से किया गया। प्रतिवर्ष 26 जुलाई को मनाया जाने वाला यह ऐतिहासिक दिन वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर मां भारती के उन वीर सपूतों को याद किया गया, जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा भारत माता तथा कारगिल युद्ध के अमर शहीदों के चित्रों पर दीप प्रज्वलन एवं भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

## मंदिर में नंदीश्वर द्वीप मंडल विधान का आयोजन

**सुसनेर।** अष्टाहिका महापर्व के अवसर पर दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जी में आठ दिवसीय नंदीश्वर द्वीप मंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। 21 जुलाई से शुरू हुआ यह धार्मिक अनुष्ठान 28 जुलाई तक चलेगा। यह पूरा आयोजन पूज्य आर्यिका 105 आगम मति माताजी के परम पावन सानिध्य में संपन्न हो रहा है। प्रतिदिन सुबह से ही माताजी की उपस्थिति में मंदिर जी में मंत्रों और भक्तिमय भजनों से गुंजायमान हो रहा है। इस विशेष विधान के लिए मंदिर जी में नंदीश्वर द्वीप की सुंदर रचना की गई हैं। श्रद्धालु प्रतिदिन केसरिया और श्वेत वस्त्र धारण कर भगवान के दर्शन और भक्तिभाव से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। देव-शास्त्र-गुरु की आराधना के साथ अष्टद्रव्य से अर्घ्य समर्पित कर विश्व शांति की कामना की जा रही है। प्रातःकाल सामूहिक अभिषेक, शांतिधारा और पूजन के समय भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

बड़नगर वाले सामाजिक संस्था व 'हम बड़नगर वाले' ग्रुप ने उठाई मांग

# चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा स्थल का हो सौंदर्यीकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



स्थानीय आजाद चौक स्थित अमर शहीद चंद्रशेखर आजादजी की प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर 'बड़नगर वाले' सामाजिक संस्था एवं लोकप्रिय सोशल मीडिया ग्रुप 'हम बड़नगर वाले' द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। संस्था एवं ग्रुप के प्रतिनिधियों ने इस संबंध में आदरणीय निर्माण सभापति प्रतिनिधि को पत्र प्रेषित कर अतिशीघ्र आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्रतिमा स्थल पर शेड लगवाने , टूटे फर्श, और खराब प्रकाश व्यवस्था और टूटे दरवाजे को लेकर पत्र माध्यम से निवेदन किया।

संस्था सदस्यों द्वारा बताया गया कि स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि को लगातार निवेदन किया जा रहा था, परन्तु कोई संज्ञान नहीं लिया गया, चंद्रशेखर आजाद के 120वी जन्मजयंती पर नगर के कई गणमान्य नागरिक मूर्ति स्थल की बदतर स्थिति देख आहत हुए है,

शेड बनाने से प्रतिमा - बंदर और पंछियों के अपशिष्ट से खराब नहीं होगी, और उचित प्रकाश व्यस्था सहित सौंदर्यीकरण किया जाए। सौंपे गए पत्र में संस्था के सदस्यों ने ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि आजाद चौक स्थित महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी द्वारा देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद के स्मारक की वर्तमान स्थिति जनभावनाओं को आहत कर रही है, इसलिए वहां त्वरित जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की अति आवश्यकता है।

प्रतिमा पर छतरी निर्माण समय की मांग हे, संस्था के सदस्यों ने जोर देते हुए कहा कि प्रतिमा को धूप, बारिश और मौसम के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने के लिए प्रस्तावित छतरी (कैनोपी) का निर्माण अब समय की बड़ी मांग बन चुका है। पत्र प्रेषित करते समय ही निर्माण सभापति प्रतिनिधि लालबहादुर बादशाह द्वारा तुरंत नगर पालिका इंजीनियर को मौका स्थल पर बुलाकर, जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के लिए कहा।

### अतिशीघ्र प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह

'बड़नगर वाले' सामाजिक संस्था एवं 'हम बड़नगर वाले' ग्रुप ने नगर पालिका प्रशासन से किया है, प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार एवं छतरी निर्माण की प्रक्रिया को बिना किसी विलंब के अतिशीघ्र आगे बढ़ाया जाए, ताकि अमर शहीद के स्मारक की गरिमा और सम्मान को पुनः स्थापित किया जा सके।

नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता

# पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी



जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मक्सी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 4 लाख 80 हजार मूल्य का माल जब्त किया गया है।

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेशभर में नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शाजापुर प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं एसडीओपी अजय कुमार मिश्रा के निर्देशन में मक्सी थाना प्रभारी मदन इवने को कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

मक्सी पुलिस को सफलता, स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार 4.80 लाख कीमत का मादक पदार्थ व बाइक जब्त गिरफ्तार आरोपियों में केवलसिंह (55) निवासी पीपलहेड़ा, थाना मृगवास जिला गुना तथा प्रीतमसिंह (32) निवासी कोनियाडांग, थाना चांचौड़ा जिला गुना शामिल हैं। दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। निर्देशानुसार थाना प्रभारी ने एक विशेष टीम गठित की। टीम ने मुखबिर की सूचना पर मक्सी बायपास स्थित झोंकर ब्रिज के पास दबिश देकर कार्रवाई की। इस दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 41 ग्राम स्मैक (कीमत करीब ?4 लाख 10 हजार) एवं एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (कीमत 70 हजार) जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों में केवलसिंह (55) निवासी पीपलहेड़ा, थाना मृगवास जिला गुना तथा प्रीतमसिंह (32) निवासी कोनियाडांग, थाना चांचौड़ा जिला गुना शामिल हैं।

### इनकी रही भूमिका

कार्रवाई में थाना प्रभारी मदन इवने, उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह बुंदेला, प्रधान आरक्षक रामेश्वर जाटव, राजेश पटेल, विपिन सिंह तोमर एवं आरक्षक चंद्रशेखर जाट की विशेष भूमिका रही।

नए सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण

# विद्यार्थियों को मिलेंगी आधुनिक शिक्षा की सुविधाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर के शासकीय सांदीपनि विद्यालय में शनिवार को नव-निर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, अभिभावकों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान प्रदेश स्तरीय लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक देखा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। विद्यालय की छात्राओं ने आकर्षक स्वागत नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का स्वागत किया। पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विद्यालय के प्राचार्य पुनीत शुक्ला ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की उपलब्धियों एवं नवीन भवन में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए भवन में विशाल कक्षाएं, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, प्रशासनिक कक्ष सहित विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### भविष्य की मजबूत नींव

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चिंतामण राठौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आधुनिक संसाधनों से युक्त विद्यालय विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होंगे और उन्हें पूरे मनोयोग से अध्ययन कर अपने लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।



# योग-प्राणायाम से स्वस्थ जीवन का संदेश

गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत विशेष सत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत दीप्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को विद्यार्थियों के लिए योग, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का विशेष सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्रबंधक फ ादर कुरियन एवं प्राचार्य सिस्टर जेस के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यालय के खेल शिक्षक मनीष इचोरिया ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और एकाग्रता में वृद्धि होती है। सूर्य नमस्कार को उन्होंने संपूर्ण शरीर के लिए श्रेष्ठ व्यायाम बताते हुए कहा कि इससे ऊर्जा, स्फ ूर्ति और सकारात्मक सोच का विकास होता है। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया। उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम करने तथा भारतीय संस्कृति की इस अमूल्य परंपरा को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत विद्यार्थियों में स्वास्थ्य,अनुशासन, संस्कार और भारतीय परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना की।

## बारिश से सोयाबीन को मिली संजीवनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

क्षेत्र में करीब दो सप्ताह के लंबे इंतजार के बाद हुई बारिश ने किसानों को बडी राहत दी है। बारिश से खरीफ फसलों, खासकर सोयाबीन में फिर से जान आ गई है। लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण फसल मुरझाने लगी थी, लेकिन अब खेतों में नमी लौटने से किसानों की उम्मीदें बढ गई हैं।

किसान मुकेश गोस्वामी ने बताया कि लगातार बारिश नहीं होने से सोयाबीन की फसल सूखने लगी थी। नमी बचाने के लिए किसान खेतों में डोरे चलाकर फसल को बचाने का प्रयास कर रहे थे। अब बारिश के बाद फसल की स्थिति में सुधार दिखाई दे रहा है। कृषि विभाग के एसएडीओ राजेश राजपूत ने बताया कि बुवाई के 35 से 45 दिन बाद सोयाबीन में फूल आने की प्रक्रिया शुरू होती है। इस दौरान पर्याप्त नमी नहीं मिलने पर फूल झड जाते हैं, जिससे उत्पादन में 40 से 50 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। ऐसे में अगले 15 दिन किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।



वन महोत्सव अभियान के अंतर्गत

# जेल परिसर में वृहद पौधारोपण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से जीवनधारा नमामि गंगे संस्था द्वारा संचालित वन महोत्सव अभियान के अंतर्गत दिनांक 25 जुलाई 2026 को सुसनेर जेल परिसर में वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के बड़ी संख्या में पौधों का रोपण किया गया तथा उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी. एस. चौहान, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण सिंह तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगर की सचिव अश्विनी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जीवनधारा नमामि गंगे संस्था द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में जेल अधीक्षक प्रिंस सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन में जेल परिसर में सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक पौधारोपण संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि कारागार परिसर को हरित एवं स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखरेख का भरोसा दिलाते हुए कहा कि जेल प्रशासन इस दिशा में पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

औषधि प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण

# बिना फार्मासिस्ट संचालित मिला मेडिकल स्टोर दवाइयों के नमूने जांच के लिए भेजे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



दवा विक्रय व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने शनिवार को सुसनेर तहसील के मोड़ी एवं सुसनेर क्षेत्र में मेडिकल स्टोरों पर व्यापक औचक निरीक्षण अभियान चलाया। कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव तथा नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन भोपाल के निर्देशानुसार हुई इस कार्रवाई में औषधि निरीक्षक श्रीमती रोशनी धुर्वे ने विभिन्न मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर दवाइयों की गुणवत्ता, दस्तावेजों और निर्धारित नियमों के पालन की बारीकी से जांच की।

निरीक्षण के दौरान मोड़ी क्षेत्र में एक मेडिकल स्टोर बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के संचालित होता पाया गया, जो औषधि नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके अलावा अन्य कुछ मेडिकल स्टोरों पर भी रिकॉर्ड संधारण, दवा विक्रय एवं लाइसेंस संबंधी अनियमितताएं सामने आईं। विभागीय टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही कुछ मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और मौके से चले गए, जिससे उनकी गतिविधियां भी विभाग के संज्ञान में आई हैं।

निरीक्षण के दौरान विभागीय टीम ने कई प्रकार की दवाइयों के नमूने भी लिए। इन नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए राज्य औषधि प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर यह तय होगा कि संबंधित दवाइयां निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरी उतरती हैं या नहीं। यदि किसी दवा का नमूना अवमानक (सब-स्टैंडर्ड) अथवा निर्धारित मानकों के विपरीत पाया जाता है, तो संबंधित मेडिकल स्टोर संचालक एवं दवा निमार्ता के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम, 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### जनस्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं

उन्होंने बताया कि जिले में नकली, अवमानक अथवा बिना अनुमति के दवा विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए विभाग लगातार निगरानी रखे हुए है। समय-समय पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इसी प्रकार औचक निरीक्षण किए जाएंगे, ताकि आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित दवाइयां उपलब्ध हो सकें तथा दवा व्यवसाय से जुड़े सभी प्रतिष्ठानों द्वारा शासन के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा सके। औषधि प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, वहीं जांच में मानकों के अनुरूप पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों को नियमानुसार संचालन जारी रखने की अनुमति रहेगी। विभाग का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि जिले में सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और जिम्मेदार दवा वितरण व्यवस्था को मजबूत बनाना भी है।



## स्वास्थ्य सेवाओं में समर्पण भावना से कार्य करने का निश्चित रूप से मिलता है प्रतिफल

**महिदपुर रोड।** शनिवार को नगर के निजी एस एस हॉस्पिटल में उदय भारती ट्रस्ट हैल्थ केयर एवं संजीवनी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ( शिरोलिया ) देवास की और से निशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवंउपचार शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के विधायक दिनेश जैन बॉस ने चिकित्सकीय टीम का स्वागत करते हुए कहा स्वास्थ्य सेवा में काम करने वाले भगवान का अंश मानेजाते हैं यह कार्य समर्पण भाव से करने वाले को निश्चित ही इसका प्रतिफल भी मिलता है। सरपंच ऋतु सत्यनारायण पाटीदार,जिला उपाध्यक्ष संदीप व्यास ,मंडल अध्यक्ष गुरुचरण सिंह चौहान , पूर्व जिला पंचायत सदस्य मानसिंह सिसौदिया ,शिव कुमार सौलंकी ,दिलीप सेन आदि इस दौरान उपस्थित रहे , शिविर में चिकित्सकीय टीम से डॉ कैलाश शर्मा एवं डॉ स्वेता गुप्ता ने 190 मरीज का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक परामर्श दिया 20 से अधिक मरीजों को निःशुल्क आवश्यक दवाइयां के साथ उपचार एवं आपरेशन के लिये संजीवनी हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर देवास ले जाया गया हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ राहुल सौलंकी ने ने बताया हर माह की 25 तारीख को हॉस्पिटल में शिविर का आयोजन होगा जिसमें क्षेत्र के लोगों को एवं जरूरत मंद नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा

## आस्था के सागर में उमड़ा जनसैलाब, चातुर्मास को तप करने का श्रेष्ठ अवसर बताया



**खाचरौद।** साध्वी शाश्वत प्रिया श्रीजी महाराज आदि ठाणा-4 का खाचरोद में मंगल प्रवेश श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रातः 9 बजे, अशोक टाकिज उज्जैन दरवाजा से प्रारंभ होकर मुखिया गली, ब्रामणि पुरा,कबाड़ीपुरा, चबूतरा चोराहा जवाहर मार्ग, गणेश देवली, सागर्मल मार्ग होते हुए शोभ यात्रा महावीर मार्ग पहुँच कर धर्म सभा मे परिवर्तित हुई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सभी परिषदों के दल, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठन तथा कई नगरों के श्रीसंघ शामिल हुए। बैंड, ढोल-नगाड़ों, ताशा पार्टी एवं गुरुदेव राजेन्द्रसूरिजी का चित्र विजय वगरेचा और पुण्य सम्राट की मूर्ति को लेकर रथ मे बैठने का लाभ मोहन बाई फतेहचंद नांदेचा के ने लिया आकर्षक रथों से सुसज्जित शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली। जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए तथा समाजजनों ने गुलाल उड़ाकर साध्वीजी का मंगल स्वागत किया। महिला परिषद की एक जैसी पारंपरिक वेशभूषा और भजनों पर प्रस्तुत गरबा शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रहा। धार्मिक उल्लास और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर जिनशासन के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

## खारपा हाई स्कूल में साइकिल वितरण व प्रतिभा सम्मान, शिक्षा के लिए समाज भी आया आगे



**जीरापुर।** नगर से 6 किलोमीटर दूर ग्राम खारपा स्थित शासकीय हाई स्कूल में साइकिल वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 40 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। वहीं गत सत्र की हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्राओं महिमा सोनी, साक्षी परिहार, दीपिका परिहार, राधिका किरार एवं ज्योति विश्वकर्मा तथा उनके अभिभावकों का विधायक हजारीलाल दांगी ने शील्ड, प्रशस्ति पत्र, साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया। विधायक हजारीलाल दांगी ने विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालय भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में किसी निजी विद्यालय से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शासन विद्यार्थियों को साइकिल, यूनिफॉर्म, छात्रवृत्ति, पुस्तकें एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है, वहीं यह सुखद है कि नगर एवं क्षेत्र के नागरिक भी बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। जीरापुर निवासी महेश भावसार ने विद्यार्थियों के बेहतर अध्ययन के लिए विद्यालय को 15,000 मूल्य के 6 शिक्षक डाइस भेंट किए। एल एंड टी कंपनी द्वारा पूर्व में 51 विद्यार्थियों को स्कूल बैग उपलब्ध कराए गए। सरपंच धापू बाई एवं रामविलास किरार ने कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को बैग वितरित किए। कार्यक्रम में डॉ. रामचरण किरार, मुकेश राठौर, पवन कुशवाह, गजराज सिंह सोनगरा, लखन सिंह सहित जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## शास्त्री स्मृति स्कूल में छात्रों व शिक्षकों ने ली नशा मुक्ति की शपथ, पुलिस और खेल विभाग की पहल

**सारंगपुर।** मादक द्रव्यों के सेवन की गंभीर समस्या से निपटने और युवा पीढी को एक स्वस्थ, सुरक्षित व नशामुक्त भविष्य देने के उद्देश्य से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशे से दूरी है जरूरी 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय शास्त्री स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर, विकासखंड सारंगपुर में पुलिस विभाग तथा खेल एवं युवक कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इस विशेष जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन हुआ। उल्लेखनीय है कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 15 अगस्त 2020 को शुरू किया गया यह राष्ट्रव्यापी अभियान रोकथाम, समय पर उपचार और पुनर्वास के बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ संचालित किया जा रहा है। इसी कडी में सारंगपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के सभी बालक-बालिकाओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक स्वर में जीवन में कभी भी नशे का सेवन न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की निष्ठापूर्वक शपथ ली।

## मियामी बना अरबपतियों का नया गढ़

**नई दिल्ली।** कार रखने के लिए लिफ्ट, 80वें माले पर स्विमिंग पूल वाले बैकयार्ड, सोने-संगमरमर से सजे टावर और हेलिपैड। यह किसी साइंस-फिक्शन फिल्म का सेट नहीं, बल्कि अमेरिका के मियामी शहर का नया नजारा है। आज दुनिया भर के अरबपतियों और लग्जरी डेवलपर्स का प्लेग्राउंड बन चुका है। इतिहास में पहली बार मियामी, न्यूयॉर्क और लॉस एंजिल्स जैसे दिग्गजों को पछाड़कर अमेरिका का दूसरा सबसे महंगा महानगर बन गया है। हाल ही में 950 फीट ऊंचे सिप्रियानी रेजिडेंसेस ने मियामी की सबसे ऊंची इमारत का खिताब हासिल किया था, लेकिन यह बादशाहत महज कुछ महीनों की है। इस साल के अंत तक 1,049 फीट ऊंचा वॉल्डऑर्फ एस्टोरिया इसे पीछे छोड़कर शहर का पहला सुपरटॉल (984 फीट से ऊंचा) बन जाएगा।

मियामी के आसमान को छूने की इस होड़ में डॉल्चे एंड गबाना, बेंटले और लेम्बोर्गिनी जैसे ग्लोबल लग्जरी ब्रांड्स भी उतर चुके हैं। रियल एस्टेट के विशेषज्ञों के मुताबिक कोविड-19 महामारी के बाद अमेरिका के धनकुबेरों ने कम टैक्स और उदार कानूनों वाले फ्लोरिडा राज्य का रुख किया। शिकागो से सिटाडेल ग्रुप के प्रमुख केन ग्रिफिन के हेडक्वार्टर शिफ्ट करने के बाद मार्क जुकरबर्ग, पीटर थील और लैरी पेज जैसे दिग्गजों ने यहां अपने ठिकाने बनाए। फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी से लेकर टोनी रॉबिंस तक ने यहां करोड़ों डॉलर के पेंटहाउस खरीदे हैं। 2010 से 2022 के बीच फ्लोरिडा में करोड़पतियों की संख्या चार गुना बढ़ गई।

# चीन में कार-कैंपिंग का नया ट्रेंड, हाई-टेक ईवी बने बेडरूम, होटल का खर्च बचा रहे युवा; वीटूएल तकनीक से गाड़ियों में टीवी, किचन और एसी

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

चीन में इकोनॉमिक सुस्ती के बीच युवा महंगे विदेशी दौरों या 5-स्टार होटलों के बजाय वीकेंड पर कार-कैंपिंग को सस्ता और रोमांचक विकल्प मान रहे हैं। इस ट्रेंड ने चीन में मल्टी बिलियन डॉलर की एक नई कैंपिंग इकोनॉमी को जन्म दिया है।

बजट के प्रति सचेत रहने वाले चीनी पर्यटक अब होटलों में भारी भरकम किराया चुकाने के बजाय हाई-टेक ईवी को ही ह्यपहियों पर चलता-फिरता बेडरूमह्ल बनाकर कार-कैंपिंग कर रहे हैं। उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत के रहने वाले दंपति जुन्या झेन और जी कुई ने साल 2023 में अपनी टीचिंग की नौकरी छोड़ दी और पूरे देश की यात्रा पर निकल पड़े। यह दंपति महीनों अपनी चीनी कार निमार्ता कंपनी ग्रेट वॉल मोटर की हाइब्रिड एसयूवी वेय लानशान में सोकर और सफर करके बिताता है। वे अपनी इस अनूठी रोड-ट्रिप और कार-कैंपिंग के कारनामों को सोशल मीडिया पर शेयर भी करते हैं। दिन के समय यह जोड़ा लगातार सफर में रहता है। वे गाड़ी



चलाते समय लाइवस्ट्रीमिंग करते हैं, रास्ते में दोपहर का भोजन बनाते हैं और कार की पिछली सीटों को पूरी तरह से फ्लैट करके आरामदायक बिस्तर बनाकर झपकी लेते हैं। उनका सफर दक्षिण-पश्चिम चीन के बेहद लोकप्रिय पर्यटन स्थल युन्नान प्रांत से लेकर पास के तिब्बत के सुदूर और सुनसान इलाकों तक फैला हुआ है। लोग उनकी इस लाइफस्टाइल को बेहद पसंद कर रहे हैं।

### कार टेंट, कस्टम गद्दे और आउटडोर सिनेमा की बिक्री में उछाल

इलेक्ट्रॉनिक्स वाहनों में मिलने वाले समर्पित ह्यकैंपिंग मोडह्ल और विशाल बैटरी की मदद से बिना इंजन चलाए रात भर एसी और हीटर का इस्तेमाल करना संभव हो गया है। इस ट्रेंड ने एक पूरा नया इकोसिस्टम खड़ा कर दिया है। कारों के लिए कस्टम-फिटेड गद्दे, कार के पीछे लगने वाले टेंट, आउटडोर सिनेमा प्रोजेक्टर्स और फोल्डेबल किचन किट्स की बिक्री में उछाल आया है। अब चीन में कारें केवल रेंज या स्पीड के दम पर नहीं बिक रहीं, बल्कि इस बात पर बिक रही हैं कि वे लाइफस्टाइल और एडवेंचर में कितनी मददगार हैं। चीनी ईवी कंपनियां इस कार-कैंपिंग कल्चर को अपने विज्ञापनों का मुख्य हिस्सा बना रही हैं। चीन में तेजी से बढ़ते इस कल्चर न केवल महंगे होटलों का विकल्प तैयार किया है, बल्कि ऑटोमोबाइल सेक्टर में गाड़ियों की बिक्री का एक नया सेलिंग पॉइंट भी तय कर दिया है। चीनी ईवी निमार्ता कंपनियां जैसे बीवाईडी, ली ऑटो, नियो, एक्सपेंग अपनी कारों में वी टू एल (व्हीकल-टू-लोड) फीचर दे रही हैं। इससे गाड़ी की बड़ी बैटरी एक विशाल पावर बैंक की तरह काम करती है। कार मालिक अपनी ईवी की बैटरी से इंडक्शन कुकटॉप, कॉफी मेकर, मिनी-फ्रिज, प्रोजेक्टर्स और इलेक्ट्रिक ग्रिल आसानी से चला सकते हैं।

# इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में बढ़त रही, सोना 2,622 बढ़कर 1.44 लाख पर पहुंचा

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 2,622 रुपए बढ़कर 1.44 लाख रुपए हो गया है। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 18 जुलाई को 1.41 लाख रुपए पर था। वहीं, चांदी 2.15 लाख रुपए किलो से बढ़कर 2.23 लाख रुपए पर पहुंच गई है, इसकी कीमत 7,247 रुपए बढ़ी है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 12 हजार रुपए महंगा हुआ है।



31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए के ऊपर था, जो अब 1.44 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी की कीमत में 7 हजार रुपए की गिरावट है। चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.23 लाख रुपए पर है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

### सोने-चांदी के दाम और बढ़ सकते हैं

कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक सोने-चांदी के दाम अपने हाई से काफी नीचे आ चुके हैं। ऐसे में निवेशक इसमें निवेश कर सकते हैं, हालांकि इनमें एकमुश्त निवेश करने से बचना चाहिए। अजय केडिया के अनुसार साल के आखिर तक सोना एक बार फिर 1.60 लाख और चांदी 2.80 लाख रुपए तक जा सकती है।

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें:** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- हॉलमार्किंग से पता

## क्वांटस के प्रोजेक्ट सनराइज की पहली टेस्ट फ्लाइट ऑस्ट्रेलिया पहुंची

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलियाई एयरलाइन क्वांटस के विमान ने सबसे लंबी दूरी तय करने का रिकॉर्ड बनाया है। इस कॉमर्शियल एयरक्राफ्ट ने शुक्रवार 24 जुलाई की सुबह ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में लैंडिंग की।

विमान ने फ्रांस के टूलूज शहर से स्थानीय समयानुसार गुरुवार सुबह 7:33 बजे उड़ान भरी थी। 19 घंटे और 13 मिनट का लंबा सफर तय करके इसने मेलबर्न में टचडाउन किया। क्वांटस ने साल 2017 में पहली बार 'प्रोजेक्ट सनराइज' का ऐलान किया था और 2022 में एयरबस को 12 कस्टमाइज्ड A350-1000ULR एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया था। पहले विमान की डिलीवरी इसी साल होनी थी, लेकिन अब इसमें देरी हुई है और पहला विमान अप्रैल 2027 में मिलेगा। इसके बाद बाकी 11 विमान अगले ढाई सालों में डिलीवर किए जाएंगे।

प्रोजेक्ट सनराइज का पहला कॉमर्शियल रूट सिडनी-लंदन होगा। टिकटों की बिक्री फरवरी में शुरू होगी और उड़ानें अक्टूबर 2027 से शुरू होंगी। सिडनी-न्यू यॉर्क रूट भी 2027 के आखिरी महीनों में शुरू होने की उम्मीद है। प्रत्येक रूट पर रोजाना सर्विस के लिए क्वांटस को 3 एयरक्राफ्ट की जरूरत होगी।

Sport

# कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को दूसरा मेडल, वेटलिफ्टर ऋषिकांत सिंह ने सिल्वर जीता

**एजेंसी ▸▸ ग्लासगो**

भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का दूसरा मेडल मिल गया है। ऋषिकांत सिंह ने गेम्स के चौथे दिन मेंस वेटलिफ्टिंग की 60 ङ्कत्र् कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने कुल 264 केजी वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया। ऋषिकांत ने स्नैच में 121 केजी और क्लीन एंड जर्क में 143 केजी वजन उठाया।

मलेशिया के अनिक कसदान ने 266 केजी वजन उठाकर गोल्ड जीता और केन्या के मबोया 260 ङ्कत्र् के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

इससे पहले शुक्रवार को मेंस पैरा पावरलिफ्टिंग में झंडू कुमार ने ब्रॉन्ज जीता था। भारत अब 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज के साथ




मेडल टेबल में 10वें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया 12 गोल्ड सहित 23 मेडल के साथ पहले नंबर पर है।

यह ऋषिकांत का दूसरा कॉमनवेल्थ गेम्स है। इससे पहले उन्होंने बर्मिंघम 2022 में 55 किलो ग्राम वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। ग्लासगो में वह पहली बार 60 किलोग्राम वर्ग में उतरे। तब उन्हें मेडल नहीं मिला था। वे मौजूदा कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के चैंपियन भी हैं।

मणिपुर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के सेक्रेटरी और ऋषिकांत सिंह के शुरूआती कोच ब्रोजेंद्रो सिंह ने बताया कि ऋषिकांत ने 2009 में मणिपुर स्पोर्ट्स अकादमी से वेटलिफ्टिंग की शुरूआत की थी। इसके बाद उनका चयन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सेंटर में हुआ। बाद में वे भारतीय नौसेना से जुड़े और वहां ट्रेनिंग लेने के बाद भारतीय सेना के स्पोर्ट्स सेट-अप का हिस्सा बने। ब्रोजेंद्रो सिंह ने बताया कि ऋषिकांत के परिवार में दो भाई हैं। उनके बड़े भाई भारतीय सेना में हैं। ऋषिकांत मणिपुर के इंफाल वेस्ट के रहने वाले हैं। वेटलिफ्टिंग में दो इवेंट होते हैं। स्नैच और क्लीन एंड जर्क दोनों में खिलाड़ी को बारबेल को जमीन से सिर के ऊपर तक उठाना होता है, लेकिन दोनों की तकनीक अलग होती है।

## अनाहत सिंह ने जूनियर स्क्वैश वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारत की 18 साल की स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने वर्ल्ड स्क्वैश जूनियर चैंपियनशिप 2026 का खिताब जीता।

शनिवार को खेले गए गर्ल्स सिंगल्स फाइनल में टॉप सीड अनाहत ने मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त रुक्या सलेम को 11-3, 11-7, 11-9 से हराया। इसके साथ ही वे जूनियर वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 में रहा था, जब जोशना चिनप्पा फाइनल तक पहुंची थीं। अनाहत ने अब भारत को इस टूर्नामेंट का पहला गोल्ड दिलाया। गर्ल्स जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में 2011 से लगातार मिस्र की खिलाड़ी खिताब जीत रही थीं। अनाहत ने फाइनल में रुक्या सलेम को हराकर यह सिलसिला तोड़ दिया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 6 मैच खेले और सिर्फ 2 गेम गंवाए। अनाहत ने पिछले साल जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इस बार उन्होंने उसे गोल्ड में बदल दिया। चार बार की चैंपियन मिस्र की अमीना ओर्फी उम्र सीमा के कारण इस बार टूर्नामेंट में नहीं खेलीं।

## ट्रिनिडाड टेस्ट में वेस्टइंडीज की मजबूत शुरूआत

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच ट्रिनिडाड के ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में खेले जा रहे टेस्ट मैच के पहले दिन मेजबान टीम ने मजबूत शुरूआत की। बारिश और खराब रोशनी से प्रभावित दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 3 विकेट पर 194 रन बना लिए। कावेम हॉज 83 और शाई होप 32 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों चौथे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी कर चुके हैं। खराब रोशनी के कारण पहले दिन सिर्फ 67 ओवर का खेल हो सका। ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में पहली बार टेस्ट मैच खेला जा रहा है।

## भारत ने इस साल सबसे ज्यादा 200+ स्कोर बनाए

**नई दिल्ली।** भारत ने दूसरे टी-20 में जिम्बाब्वे को 90 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। हरारे में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 219 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 17.5 ओवर में 129 रन पर सिमट गई। भारत ने इस साल नौवीं बार टी-20 में 200 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया। टीम ने इसके साथ ही एक साल में सबसे ज्यादा 200+ स्कोर बनाने के अपने ही रिकॉर्ड (2024) की बराबरी कर ली। वहीं, जिम्बाब्वे के खिलाफ यह भारत की रनों के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी जीत रही। टीम इंडिया ने इस साल नौवीं बार टी-20 में 200 या उससे ज्यादा रन बनाए।

# 130 साल पहले दो कूड़ेदानों से शुरू हुआ नेटबॉल, अब ओलिंपिक की दहलीज पर

**एजेंसी ▸▸ ग्लासगो**

एक मैदान, दो कूड़ेदान और कुछ किशोर छात्राएं। किसी ने नहीं सोचा होगा कि ऐसे शुरू हुआ खेल एक दिन दुनिया के सबसे बड़े मंच ह्यओलिंपिकह्ल तक पहुंचने का सपना देखेगा। आज नेटबॉल को अक्सर ह्यलड़कियों का खेलह्ल कहकर नजरअंदाज किया जाता है, लेकिन इसकी कहानी बताती है कि यह खेल सिर्फ गेंद और गोल की नहीं, बल्कि महिलाओं की आजादी, आत्मविश्वास और बराबरी की लड़ाई की भी कहानी है।

1895 में इंग्लैंड के डार्टफोर्ड में मार्टिना बर्गमैन ओस्टरबर्ग नाम की एक शिक्षाविद ने अपने फिजिकल ट्रेनिंग कॉलेज में छात्राओं को नया खेल खिलाना शुरू किया। यह खेल अमेरिका में 1891 में बने बास्केटबॉल से प्रेरित था, लेकिन इसे महिलाओं के लिए नए




नियमों के साथ तैयार किया गया। शुरूआत में गेंद कूड़ेदानों में डाली जाती थी। बाद में रिंग लगी, ड्रिब्लिंग खत्म हुई और खेल का नाम पड़ा- नेटबॉल।

लेकिन यह सिर्फ खेल का जन्म नहीं था। उस दौर में महिलाओं के लिए खेलना भी सामाजिक नियमों के खिलाफ माना जाता था। उनसे उम्मीद की जाती थी कि वे घर संभालें, कॉर्सेट पहनें और सीमित जीवन जिएं। ओस्टरबर्ग ने इन धारणाओं को चुनौती दी। उन्होंने अपने कॉलेज में छात्राओं को शरीर विज्ञान, स्वास्थ्य, व्यायाम और नेतृत्व की शिक्षा दी गई। उनका मानना था कि मजबूत शरीर और आत्मविश्वास से ही मजबूत समाज बनता है।

1901 में नेटबॉल के पहले आधिकारिक नियम बने। शुरूआत में यह नौ खिलाड़ियों का खेल था, लेकिन 1960 में सात खिलाड़ियों वाला मौजूदा प्रारूप पूरी दुनिया में अपनाया गया। इसके तीन साल बाद 1963 में पहला नेटबॉल वर्ल्ड कप आयोजित हुआ। इसके बाद यह खेल ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और अफ्रीका के कई देशों में तेजी से फैल गया।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोटः इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570 9827832632

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### हाथी ने ली ऑटो ड्राइवर की जान, गुड़ खिलाते समय सूंड से उठाकर पटका और पैर से दबा दिया

**इंदौर।** चंदन नगर थाना इलाके में शनिवार को हाथी के हमले में घायल हुए ऑटो रिक्शा ड्राइवर की देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि हाथी को गुड़ खिलाते समय उसने अचानक हमला कर उसे सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया और पैर रख दिया। घटना के समय ऑटो ड्राइवर शराब के नशे में था। पुलिस के मुताबिक, घटना राज नगर पुलिस चौकी के पास की है। यहां 49 वर्षीय विजय पुत्र लक्ष्मण राव होलकर को हाथी ने घायल कर दिया था। उन्हें पहले उपचार के लिए जिला अस्पताल और फिर वर्मा यूनियन अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, हाथी को उज्जैन से इंदौर एक मांगलिक कार्यक्रम के लिए महावत लेकर पहुंचे थे। शनिवार को वह उसे इलाके में घुमाकर भिक्षावृत्ति कर रहे थे। इसी दौरान ऑटो ड्राइवर लक्ष्मण ने उन्हें पुलिस चौकी के पास रोका। वहां हाथी को गुड़ खिलाने लगा, तभी हाथी भड़क गया और उसने अचानक हमला कर दिया।

### ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत राजेंद्र नगर में रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**इंदौर।** इंदौर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव मिला। पुलिस का अनुमान है कि उसकी मौत ट्रेन की टक्कर से हुई है। वहीं, शहर में अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस तीनों मामलों की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह करीब 8 बजे भीमनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रैक किनारे एक शव पड़ा होने की सूचना मिली। दूसरी ट्रेन के लोको पायलट ने शव देखकर रेलवे कंट्रोल रूम को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची जीआरपी और पुलिस ने पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक की उम्र करीब 25 साल बताई जा रही है। उसके पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि वह चलती ट्रेन से गिरा या ट्रेन की चपेट में आ गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया गया है। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के बापू नगर निवासी दिनेश अहिरवार (30) ने शनिवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### खजराना में ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया महिला के खाते से उड़ाए 50 हजार रु.

**इंदौर।** खजराना में ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। यहां एक व्यापारी महिला को डॉलर देने के नाम पर आरोपी ने 50 हजार रुपए ऑनलाइन अकाउंट में जमा करा लिए। महिला ने शनिवार को मामले की शिकायत की, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। खजराना पुलिस के मुताबिक, अनम शेख की शिकायत पर जैक नाम के युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। अनम ऑनलाइन बिजनेस करती हैं और पिछले कुछ सालों से डायमंड खरीदी-बिक्री का काम कर रही हैं। वह अपने बिजनेस के लिए एजेंट के माध्यम से डॉलर खरीदती थीं। कम कमीशन में डॉलर खरीदने के लिए उन्होंने जस्ट डायल पर नंबर सर्च किया। इस दौरान उन्हें एक नंबर मिला। संपर्क करने पर सामने वाले व्यक्ति ने खुद का नाम जैक बताया। उसने मौजूदा कीमत से तीन रुपए कम में डॉलर देने की बात कही। आरोपी ने 1 जुलाई को अनम को एक स्कैनर भेजा, जिसके जरिए उन्होंने 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए।

### फांसी लगाने वाली पीडब्ल्यूडी इंजीनियर की इलाज के दौरान मौत

**इंदौर।** पलासिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी की महिला इंजीनियर ने फांसी लगा ली थी, जिसकी शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में महिला के मायके पक्ष ने पति पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक, 40 वर्षीय आरती, पति नीलेश यादव ने पीडब्ल्यूडी के सरकारी आवास में फांसी लगा ली थी। वेंटिलेटर पर उसका इलाज चल रहा था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार को पोस्टमार्टम कराया गया। फिलहाल आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है, क्योंकि महिला के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में मृतका के भाई ने पुलिस को बताया कि पति नीलेश भी पीडब्ल्यूडी इंजीनियर हैं। दोनों की शादी वर्ष 2012 में हुई थी। परिजन ने आरोप लगाया कि पति आए दिन बहन से विवाद करते थे, जिसके कारण वह प्रताड़ित थी। पुलिस मामले में मृतका की बच्चियों से भी पूछताछ करेगी। इसके बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

### धार में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 मैराथन केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने दिखाई हरी झंडी

**धार।** मध्य प्रदेश सरकार और पुलिस विभाग द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0' के तहत रविवार सुबह धार शहर में नशामुक्ति जनजागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, युवाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश पहुंचाना था। मैराथन का शुभारंभ डीआरपी लाइन ग्राउंड से हुआ, जहां केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, युवा, शिक्षक और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य उत्साह के साथ शामिल हुए। मैराथन का निर्धारित मार्ग डीआरपी लाइन ग्राउंड से मांडव चौराहा, भोज अस्पताल, घोड़ा चौपाटी, त्रिमूर्ति चौराहा और इंदौर नाका होते हुए पुनः डीआरपी लाइन ग्राउंड तक रहा। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने नशामुक्त समाज का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में धार विधायक नीना वर्मा, कलेक्टर राजीव रंजन मीना, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### श्रृंगेश्वर धाम में नौका संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध, बिना अनुमति नाव चलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के प्रसिद्ध श्रृंगेश्वर धाम क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने नौका संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर के निर्देश के बाद जनपद पंचायत पेटलावद ने यह आदेश जारी किया है। माही डैम चारण कोटड़ा के बैकवॉटर क्षेत्र में आने वाले श्रृंगेश्वर धाम में बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जनपद पंचायत पेटलावद के सीईओ गौरव जैन ने आदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि सक्षम कार्यालय की पूर्व अनुमति के बिना कोई व्यक्ति या संस्था नाव का संचालन नहीं कर सकेगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के अनुसार बारिश के दौरान जलाशयों के जलस्तर में उतार-चढ़ाव होता है। ऐसे में बैकवॉटर क्षेत्र में जल दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर नौका संचालन पर रोक लगाई गई है। ग्राम पंचायत, सरपंच और रोजगार सहायक समेत संबंधित अधिकारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### झाबुआ-रतलाम मार्ग पर करवड़ चौराहे पर रोज लग रहा जाम

**झाबुआ।** झाबुआ-रतलाम निर्माणाधीन सड़क पर स्थित कर-वड़ चौराहा इन दिनों वाहन चालकों और राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है। सड़क निर्माण के कारण यहां एक तरफ की पट्टी से ही वाहनों की आवाजाही हो रही है। वहीं, चौराहे के आसपास अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के चलते रोजाना लंबा जाम लग रहा है, जिससे लोगों को काफी देर तक फंसे रहना पड़ता है। सड़क निर्माण की धीमी रफ्तार के कारण दोनों दिशाओं के वाहन एक ही संकरे रास्ते से निकल रहे हैं। इससे सुबह और शाम वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार चौराहे के आसपास सब्जी की ठेलागाड़ियां सड़क पर खड़ी रहती हैं। वहीं, दोपहिया और अन्य वाहन भी अव्यवस्थित ढंग से पार्क किए जाते हैं, जिससे रास्ता और संकरा हो जाता है। ग्राम पंचायत कई बार समझाइश दे चुकी है, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की नियमित व्यवस्था नहीं होने से समस्या बढ़ रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से निर्माण कार्य में तेजी लाने, अतिक्रमण हटाने और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की मांग की है।

---

पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी हत्याकांड, खेत में मिला कटा सिर

# पति अखिलेश सैनी का होने की आशंका, रेलवे ट्रैक पर मिला था धड़

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के चर्चित पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी हत्याकांड के आरोपी अखिलेश सैनी से जुड़े मामले में एक नया मोड़ आया है। गंजबासौदा के पास एक गांव के खेत में मिला कटा हुआ सिर अखिलेश सैनी का होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पहचान सुनिश्चित करने के लिए सिर और बरामद शव का डीएनए परीक्षण कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, 24 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी कि ग्राम महागोर के पास खेत में एक मानव सिर पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सिर को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

पुलिस के मुताबिक, जहां सिर मिला, वह स्थान रेलवे ट्रैक से करीब 500 मीटर दूर खेतों में है। सिर की हालत बेहद खराब थी। उस पर मांस और मांसपेशियां नहीं थीं केवल हड्डियों का ढांचा बचा था। इसी वजह से मौके पर उसकी पहचान नहीं हो सकी।

मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर बी.एल. मालवीय ने बताया कि बरामद सिर और पहले मिले शव का डीएनए परीक्षण कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि बरामद सिर किस व्यक्ति का है। यदि डीएनए रिपोर्ट में सिर की पहचान अखिलेश सैनी के रूप में होती है, तो यह इंदौर के चर्चित उर्मिला सैनी हत्याकांड से जुड़े घटनाक्रम में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी।





### 11 जुलाई को हुई थी उर्मिला की हत्या

दरअसल, बीती 11 जुलाई को सरकारी आवास में पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी (38) की हत्या कर दी गई थी। वारदात का खुलासा तब हुआ, जब दोपहर करीब एक बजे उनके दोनों बच्चे स्कूल से लौटे। घर का मेन गेट खुला था और अंदर तेज आवाज में टेलीविजन चल रहा था। घर के भीतर पहुंचने पर बच्चों ने मां को खून से लथपथ देखा। उन्होंने तुरंत अपने नाना सत्यनारायण मालाकार को फोन किया। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी थी।

### 20 हजार रुपए का इनाम घोषित था

उर्मिला सैनी की हत्या के बाद से ही अखिलेश फरार था। बेटी प्रेक्षा ने खुलासा किया था कि पिता लंबे समय से मां पर बेवजह शक करते थे। इससे पहले भी वे मां का गला दबाने की कोशिश कर चुके थे। एक बार बीच-बचाव करने पर आरोपी ने मंदिर का सिंहासन उठाकर बेटी पर ही फेंक दिया था। पुलिस की कई टीमें अखिलेश की तलाश में लगी थीं। उस पर घोषित इनाम 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 20 हजार रुपए कर दिया गया था। फिलहाल, पुलिस यह जांच कर रही है कि अखिलेश पिछले आठ दिन से कहां छिपा था? उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई?

### कत्ल के बाद नहाया, तिलक लगाया और बच्चों के स्कूल पहुंचा

उर्मिला की बेटी प्रेक्षा के बयानों और पुलिस पड़ताल में जो कहानी सामने आई, उससे साफ हो गया कि ये हत्या सोची-समझी साजिश का नतीजा थी। हत्या को अंजाम देने के बाद अखिलेश सैनी ने खून से सने कपड़े घर के पास ही एक चेंबर में फेंक दिए। नहाकर साफ कपड़े पहने। बालों में तेल और तिलक भी लगाया। इसके बाद वह सीधे बच्चों- प्रेक्षा और अव्यक्त के स्कूल पहुंचा। वहां उसने बेटी को मां का नेकलेस, घर की चाबी, एटीएम कार्ड दिया और छुट्टी के बाद सीधे मौसी के घर जाने का कहकर फरार हो गया। प्रेक्षा ने बताया कि जब वह और उसका छोटा भाई अव्यक्त स्कूल से घर पहुंचे तो दरवाजा खुला था। टीवी की आवाज असामान्य रूप से तेज थी। अखिलेश ने वॉल्यूम 100 पर कर दिया था, ताकि जब वह उर्मिला पर हमला करे तो उसकी मदद की पुकार पड़ोसियों तक न पहुंच सके। अंदर पहले ही कमरे में उर्मिला की लाश पड़ी थी।

---

विजयवर्गीय बोले- कांग्रेस अवसरवाद की राजनीति कर रही, आंदोलन से उसका कोई लेना-देना नहीं

# विदेशी ताकतें भारत में बांग्लादेश-श्रीलंका जैसा माहौल चाहती थीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

कांग्रेस की भूमिका पूरी तरह राजनीतिक अवसरवाद से प्रेरित है। यदि पड़ोसी के घर बच्चा पैदा हो जाए और कांग्रेस ढोल बजाने लगे, तो उसमें उसकी क्या भूमिका होगी? जिस आंदोलन का हवाला दिया जा रहा है, उसमें छात्रों ने आंदोलन किया और पुलिस की कार्रवाई भी हुई, लेकिन कांग्रेस बाद में राजनीतिक लाभ लेने के लिए मैदान में उतर आई।

यह बात मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में शनिवार रात धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कांग्रेस द्वारा निकाले गए विरोध जुलूस पर प्रतिक्रिया देते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि बंगाल चुनाव के बाद विपक्ष पूरी तरह निराश हो चुका था और उसे इस मुद्दे में राजनीति की एक नई संभावना दिखाई दी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इस पूरे घटनाक्रम में कोई वास्तविक योगदान नहीं था। उन्होंने कहा राहुल गांधी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को पहले समझना चाहिए। उनके अनुसार यदि आरएसएस नहीं होती तो इस देश की स्थिति क्या होती?, इसकी कल्पना मात्र से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। आज देश जिस व्यवस्था और अनुशासन के साथ आगे बढ़ रहा है, उसके पीछे आरएसएस के स्वयंसेवकों की वर्षों की मेहनत है।

उन्होंने दावा किया कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से उन सभी विदेशी ताकतों के मंसूबों पर पानी फिर गया, जो भारत में हिंसा और अस्थिरता फैलाना चाहती थीं। उन्होंने कहा कि कुछ शक्तियां भारत में बांग्लादेश और श्रीलंका जैसी परिस्थितियां पैदा करना चाहती थीं, लेकिन यह प्रयास सफल नहीं हो सका। विजयवर्गीय ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान ने अपने कदम से उन ताकतों की साजिशों को विफल कर दिया है और इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।




### मंत्री विजयवर्गीय ने कहा- धर्मेंद्र प्रधान अनुशासित कार्यकर्ता हैं

- धर्मेंद्र प्रधान की कार्यशैली की सराहना करते हुए विजयवर्गीय ने कहा कि वे उन्हें विद्यार्थी परिषद के समय से जानते हैं। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान जिस जिम्मेदारी को भी संभालते हैं, उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाते हैं।
- आंदोलन शुरू होते ही प्रधान ने पार्टी नेतृत्व से स्वयं कहा था कि यदि पार्टी उचित समझे तो वे इस्तीफा देने को तैयार हैं। बाद में पार्टी के सामूहिक निर्णय के बाद उन्होंने इस्तीफा दिया। विजयवर्गीय ने कहा कि यही एक सच्चे और अनुशासित कार्यकर्ता की पहचान होती है कि वह पद से बड़ा संगठन और देश को मानता है।

# शराब-पीकर कार चला रहे युवकों ने पुलिसकर्मियों से की मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

कनाड़िया में चेकिंग के दौरान तीन पुलिसकर्मियों की पिटाई हो गई। कार सवारों को पुलिसकर्मियों ने पकड़ा तो उन्होंने पुलिसकर्मियों से जमकर मारपीट कर दी। मामला अधिकारियों तक पहुंचा, जिसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। कुछ दिन पहले जमीन विवाद में भी यहां पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। कनाड़िया पुलिस ने राहुल गेहलोद निवासी कृष्ण बाग कॉलोनी, सुभाष चौहान, आशीष और संतोष के खिलाफ शराब पीकर कार चलाने और पुलिसकर्मियों से विवाद कर मारपीट करने के मामले में एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के मुताबिक, शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे मुकाम सिंह डाबर थाने के अन्य पुलिसकर्मी किशोर सावलिया, विजय यादव, रूपेंद्र भाटी, ओमप्रकाश, मुकेश व अन्य के साथ शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान कार लेकर राहुल गेहलोद वहां पहुंचा। कार में उसके अन्य साथी भी थे। अधिक शराब पीने के चलते राहुल गेहलोद का चालान बनाया गया, जिस पर सभी पुलिस से विवाद करने लगे। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने कार को थाने ले जाने की बात कही। तब राहुल और उसके साथियों ने हाथापाई कर दी। साथ ही अपशब्द कहते हुए नौकरी छिनवाने की धमकी दी। इस दौरान पुलिसकर्मी अशोक, किशोर सावलिया और विजय यादव के साथ जमकर मारपीट की गई, जिसमें तीनों के चेहरे और हाथ में चोट आई। उन्हें स्टाफ के अन्य सदस्यों ने निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा।

# बिना नोटिस एडवोकेट का कार्यालय सील करने पर विशेष सुनवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर नगर निगम द्वारा बिना पूर्व सूचना एक एडवोकेट का कार्यालय सील किए जाने के मामले में हाई कोर्ट ने अवकाश के दिन विशेष अनुमति देकर सुनवाई की। मामले की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए नगर निगम को एडवोकेट अमित रावल का कार्यालय तुरंत खोलने का आदेश दिया।

कोर्ट ने माना कि कार्यालय सील रहने से अधिवक्ता का पेशेवर और न्यायालयीन कामकाज प्रभावित हो रहा है। हालांकि, हाई कोर्ट ने अग्नि सुरक्षा के मुद्दे को गंभीर सार्वजनिक हित का विषय मानते हुए संबंधित सोसायटी को दो सप्ताह के भीतर आवश्यक अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन कर जवाब पेश करने के निर्देश भी दिए। याचिकाकर्ता अमित रावल की ओर से एडवोकेट अंशुल हार्डिया ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान एडवोकेट रितेश इनानी भी मौजूद रहे। याचिका में बताया गया कि एमजी रोड स्थित उनके कार्यालय को नगर निगम ने बिना किसी पूर्व नोटिस या सूचना के सील कर दिया। इससे उनका पूरा पेशेवर और न्यायालयीन कामकाज प्रभावित हो गया।

# किराए के कमरे में युवती का जला हुआ शव मिला

## इंदौर में निजी बैंक में करती थी काम, सिर पर चोट के निशान मिले, पुलिस की जांच जारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

खजराना थाना क्षेत्र में 26 वर्षीय युवती का घर में दो दिन पुराना जला हुआ शव मिला है। शव पूरी तरह झुलसा हुआ था। आसपास के रहवासियों ने दरवाजा तोड़ा, तब घटना की जानकारी मिली और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के मुताबिक, तपेश्वरी बाग निवासी पलक केशव का शव मिला है। वह यहां किराए के कमरे में रहती थी। मूल रूप से वह टिमरनी, जिला हरदा की रहने वाली थी। फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस आत्महत्या और हत्या, दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है। युवती का शव किचन में मिला है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पिता दो दिन से युवती को फोन लगा रहे थे, लेकिन वह फोन नहीं उठा रही थी। इसके बाद पिता ने मकान मालिक को फोन किया। मकान मालिक ने आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़कर देखा तो घटना का पता चला। युवती बिजनेस पार्क स्थित एक बैंक में काम करती थी।

### गैस बर्नर खुला मिला

पुलिस जब जांच के लिए पहुंची तो किचन में गैस बर्नर खुला मिला। शव करीब दो दिन पुराना बताया जा रहा है। वह छोटे गैस सिलेंडर का उपयोग करती थी। घटना की सूचना मिलने के बाद हरदा से परिवार इंदौर के लिए रवाना हो गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। युवती के सिर में चोट के निशान भी मिले हैं। एफएसएल जांच के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।



# पत्नी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

खुडैल थाना क्षेत्र में एक युवक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस का आरोप है कि पत्नी की लगातार मानसिक प्रताड़ना और पैसों की मांग से परेशान होकर युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी।

पुलिस के मुताबिक ग्राम बिहाड़िया निवासी विजय यादव (32) ने 25 मई को अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया था। इलाज के दौरान 27 मई को उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

जांच में सामने आया कि विजय की पत्नी प्रिया, निवासी भागीरथपुरा, इंदौर, उस पर लगातार पैसों का दबाव बनाती थी। वह कभी 10 हजार रु. तो कभी 20 हजार रु. की मांग करती थी। पैसे नहीं देने पर विजय का अपमान करती थी। परिजनों के अनुसार वह कहती थी कि उसकी शादी भिखारियों के खानदान में हुई है और पूरे परिवार को जेल भिजवाने की धमकी देती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि लगातार पारिवारिक विवाद के कारण विजय मानसिक तनाव में रहने लगा था। उसे नींद नहीं आती थी, इसलिए वह नियमित रूप से नींद की गोलियां लेता था और डॉक्टर से इलाज भी करा रहा था।

# हजारों श्रद्धालुओं के साथ निकली अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित दिंडी यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

सर्व मराठी भाषी संघ के तत्वावधान में शनिवार देर शाम को इंदौर ने मराठी संस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता का ऐतिहासिक दृश्य देखा। राजवाड़ा से शाम 6.30 बजे शुरू हुई हरसिद्धि चौराहा स्थित पंढरीनाथ मंदिर तक निकली भव्य दिंडी यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान श्री हरि विट्ठल के जयघोष, भजन-कीर्तन, ढोल-ताशे, लेझीम और पारंपरिक वाद्यों की गूंज से पूरा शहर भक्तिमय माहौल में रंग गया। रात 9.30 बजे पंढरीनाथ पर यात्रा का समापन हुआ। इस आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण मातोश्री अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित पालकी यात्रा रही। करीब 252 वर्ष पहले अहिल्याबाई होल्कर के शासनकाल में निकलने वाली पारंपरिक यात्रा की ऐतिहासिक परंपरा को एक बार फिर इंदौर की सड़कों पर जीवंत किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवा ध्वजों और मातोश्री की प्रतिमा के साथ उत्साहपूर्वक यात्रा में भाग लिया। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इंदौर में पिछले लगभग 40 सालों से अलग-अलग निकल रही सातों दिंडियां पहली बार एक मंच पर एकत्रित हुईं। इससे मराठी समाज की अभूतपूर्व एकजुटता देखने को मिली। आयोजकों के अनुसार, यह मध्यप्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी दिंडी यात्रा रही, जिसमें शहर ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com